
बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 6 मई 2024
वर्ष-2, अंक-255, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता 2
24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी 18

## ईडी ने मांगी यूट्यूबर एल्विश की संपत्तियों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- रेव पार्टियों में सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में आरोपी है

**अमृत विचार** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोन के अधिकारियों ने यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने एल्विश के बैंक खातों का ब्योरा, वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की जानकारी मांगी है। यादव के खिलाफ लखनऊ जोन में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बताते चलें कि भाजपा नेता मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनीमल्स की ओर से रेव पार्टियों एवं अन्य स्थानों पर सांपों के जहर की सप्लाई करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद नोएडा की सेक्टर-49 पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीती 17 मार्च को एल्विश यादव को भी जेल भेजा गया था। ईडी लखनऊ जोन में मामला दर्ज होने के बाद अब यहां से भी एल्विश पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

## यादव परिवार बनाम भाजपा के मंत्री-सांसदों की कल अग्निपरीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मैनपुरी में मोदी की गारंटी पर मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला
- सपा के तीन सदस्यों तो भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की प्रतिष्ठा दांव पर



**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव परिवार के तीन सदस्यों तो, भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की मंगलवार को अग्निपरीक्षा होनी है। ऐसे में दोनों ही दलों की प्रतिष्ठा दांव पर है। खासकर मैनपुरी सीट पर इस बार मोदी की गारंटी और मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला है। मुलायम की बहू डिंपल यादव के साथ यहां पूरा यादव परिवार जुटा है। जबकि मोदी-योगी से लेकर पूरी भाजपा सपा से यह सीट छीनने को मंत्री जयवीर सिंह के साथ है।

उप्र. में मैनपुरी एकमात्र सीट है जिस पर पिछले तीन दशक में किसी लहर का असर नहीं रहा और सपा हमेशा जीतती रही। बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव और रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव फिरोजाबाद से प्रत्याशी हैं। परिवार के इन सदस्यों को विजयी बनाने को यादव कुनबे ने प्रचार में कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

भाजपा के दो मंत्रियों में से एक हाथरस सु.सीट से राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि हैं तो मैनपुरी से पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह हैं। डिंपल के मुकाबले बसपा से गुलशन कुमार शाक्य भी मैनपुरी के मैदान में हैं। उधर, भाजपा के चार सांसद उम्मीदवारों में आगरा सु. से एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर, एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह और आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप शामिल हैं। बदायूं सीट पर कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। दरअसल, सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव, फिर शिवपाल यादव और बाद में उनके बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया। उधर, भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय शाक्य को प्रत्याशी घोषित किया। वहीं, बसपा ने मुस्लिम खान को उतार कर मुस्लिम कार्ड खेला है। भाजपा के सामने इस चरण में चुनौती सपा के चक्रव्यूह को तोड़ते हुए 2019 में जीती हुई सीटों को बचाए रखने की है। जिन 10 लोकसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान है वहां पिछली बार भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। सपा केवल दो सीटों संभल और मैनपुरी तक सिमट कर रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा ने इन 10 में से 7 सीटें जीती थीं।

### अखिलेश के लिए भी कड़ी परीक्षा का समय

सपा पहली बार लोकसभा चुनावों में बिना मुलायम सिंह यादव के मैदान में है। इसलिए अखिलेश यादव के लिए भी ये समय कड़ी परीक्षा का है। सपा के गठन के बाद से अब तक जितने भी चुनाव हुए, उसमें मुलायम की अहम भूमिका रहती थी। मुलायम की अगुवाई में मुस्लिम और यादव बहुल इन सीटों पर ही काबिज होकर पार्टी ने अपना राजनीतिक झंडा बुलंद किया था।

### तीसरे चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

तीसरे चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए रविवार की शाम चुनाव प्रचार खत्म हो गया। मतदान के लिए छह मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान सात मई को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर मतदान होगा।

### एक नजर

#### सीआईएससीई बोर्ड के आज आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार 6 मई को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुबह 11 बजे घोषित करेगा। यह जानकारी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को दी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष में अपने अंक या ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं, वे अधिकतम दो विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं ।अंक सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

#### मणिपुर में स्कूल ऑन व्हील्स की पहल

**इंफाल।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में राहत शिविरों में रहने वाले छात्रों तक पहुंचने के लिए रविवार को स्कूल ऑन व्हील्स की पहल शुरू की। राजभवन से यह जानकारी दी गई। बाल विद्या मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान उइके ने कहा कि स्कूल बस एक पुस्तकालय, स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर और खेल सामग्री से सुसज्जित है। इसमें एक शिक्षक भी मौजूद रहेंगे।

# अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे सपा और कांग्रेस : मोदी

### इटावा की रैली में बोले प्रधानमंत्री, दोनों से रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, इटावा



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में मुख्यमंत्री योगी और इटावा से प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया व मैनपुरी से उम्मीदवार ठाकुर जयवीर सिंह। ● अमृत विचार

- कहा, वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, विपक्षियों ने बदनाम किया
- देश को हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखनी है

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि ये दोनों पार्टियां अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रही हैं। लोगों को इन दोनों से सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी का आरक्षण छीनकर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में रातों-रात मुस्लिम जातियों को ओबीसी घोषित कर दिया गया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका डाल दिया। सोचिए, यूपी में ऐसा हुआ तो यहां के ओबीसी के हक का क्या होगा। यह बहुत बड़े खतरे की घंटी है। प्रधानमंत्री रविवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के ककराई ढकपुरा में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इटावा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, कन्नौज से सुब्रत पाठक और मैनपुरी से जयवीर सिंह के समर्थन में आयोजित इस रैली में मोदी ने कहा कि पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने तो कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। इस बार मंदिर का दर्शन बंद हो गया है। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले एक परिवार के ही लोग पीएम और सीएम बनते थे। एक चाय वाले ने इस कुप्रथा को तोड़ दिया है। सपा-कांग्रेस की बातें झूठीं, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। मोदी ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा व कांग्रेस के लोग इसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी चुपके टीके लगवाते थे, लेकिन टीवी पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और पाप मोदी के माथे पर लगे। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी परिवार के लिए नहीं, बल्कि देश के निर्माण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी रहे न रहे पर ये देश रहेगा। अब 15 साल नहीं बल्कि 25 साल तक काम करना है। 2047 तक हमें देश को आने वाले हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखने का काम करना है। पीएम मोदी ने तीनों प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन मांगा।

### मोदी ने रामलला की उतारी आरती, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**अयोध्या कार्यालय।** अयोध्या पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया। आरती उतारी। साष्टांग प्रणाम किया। इसके बाद रोड-शो किया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोदी शाम 6 :55 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से श्रीराम मंदिर पहुंचे। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद प्रधानमंत्री वाहन से राम मंदिर के मुख्य गेट से बाहर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीले रंग का शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद रथ पर सवार होकर लगभग आठ बजे उन्होंने राम पथ पर रोड-शो शुरू किया।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

बेंगलुरु, एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**

- कर्नाटक के गृहमंत्री परमेश्वर ने दी जानकारी
- रेवन्ना को भारत लाने को इंटरपोल की मदद

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि अनेक महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और हासन लोकसभा सीट से राजग के उम्मीदवार को भारत लाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। किसी अपराध के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

मंत्री ने कहा कि 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) इस बात पर फैसला करेगा कि प्रज्ज्वल को कैसे वापस लाया जाए। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहले ही ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इंटरपोल सभी देशों को सूचित करेगा और उनका पता लगाएगा।

### दुष्कर्म पीड़िताओं को आर्थिक मदद देगी सरकार

**बेलगावी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की थी कि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सैकड़ों की संख्या में दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

**वायुसेना के काफिले पर हमले का मामला**

## आतंकियों की तलाश जारी कई को हिरासत में लिया

मेंढर/जम्मू, एजेंसी



- इलाके की निगरानी के लिए सेना ने हेलीकॉप्टर भी लगाया
- जम्मू के एडीजी और सैन्य अफसरों ने किया क्षेत्र का दौरा

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा और कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन और सेना तथा खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरनकोट क्षेत्र में हमला स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सेना ने एक हेलीकॉप्टर के जरिये हवाई निगरानी भी की। शाहसितार के पास शनिवार शाम हुए हमले में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शीनदारा टॉप समेत कई इलाकों में सेना व पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि हमला करने के बाद हमलावर जंगल में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने अधिकाधिक लोगों को हताहत करने के लिए एके असॉल्ट राइफलों के अलावा अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया।

वायुसेना ने शहीद नायक की पहचान कॉरपोरल विक्की पहाड़े के रूप में की है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### सेना के पैरा कमांडों भी अभियान में लगे

अधिकारियों ने कहा कि सेना के पैरा कमांडो की अलग-अलग टीम को भी तलाशी अभियान में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। अधिकारियों ने कहा कि हमले के संबंध में पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह इस साल जम्मू क्षेत्र में पहली बड़ी आतंकवादी घटना है। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। वर्ष 2003 और 2021 के बीच यह क्षेत्र शांतिपूर्ण रहा था।

## देहरादून में इस्कॉन के वरिष्ठ संन्यासी गोपाल कृष्ण गोस्वामी का निधन

- आज वृंदावन में होगा अंतिम संस्कार

**देहरादून।** इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह उपचार के दौरान, उत्तराखंड के देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया।

गोस्वामी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। सूत्रों ने बताया कि गोपाल महाराज दो मई को डोईवाला अंतर्गत, दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके पसलियों में फ्रेक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था जहां रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर वृंदावन ले जाया जाएगा, जहां अंतिम क्रिया की जाएगी।

## सपा कार्यकर्ताओं को उठा रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



**डीएम से शिकायत**

- बूथ न जाने और एजेंट न बनने का पुलिसकर्मी डाल रहे दबाव
- सपा नेता ने चुनाव आयोग को भी भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने डीएम-एसएसपी से शिकायत करके पुलिस पर सपा कार्यकर्ताओं को उठाने का आरोप लगाया है। कहा कि कई थानेदार चुनाव बाधित करना चाहते हैं। कार्यकर्ताओं के घरों पर दबिश दे रहे हैं। तोड़फोड़ तक की गई है। धमका रहे हैं कि बूथ नहीं जाओगे और न ही एजेंट बनोगे। उन्होंने चुनाव आयोग को भी शिकायती पत्र भेजा है।

राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि थाना मूसाझाग, बिनावर, कुंवरगांव, सहसवान, वजीरगंज, उघैती, इस्लामनगर, सदर कोतवाली और गुन्नौर के थाना रजपुरा की पुलिस सपा कार्यकर्ताओं के घर दबिश दे रही है।

सपा कार्यकर्ताओं को धमकाया और थानों पर 40 से ज्यादा लोगों को बैठाया गया है। जो जनता में भयभीत कर वोटिंग को बाधित करने का प्रयास है। भाजपा के पक्ष में कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं का शांतिभंग में चालान किया जा रहा है। लाल कार्ड दिया जा रहा है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षकों को रात में उनके सीयूजी पर फोन किया लेकिन उठा नहीं। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव कराने और थाने पर बैठाए गए लोगों को छोड़ने की मांग की है। कहा कि अगर कार्यकर्ताओं को थाने से नहीं छोड़ा गया तो पूरब से लेकर पश्चिम तक यूपी के हर थाने के बाहर सपा के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बता दें बदायूं लोकसभा सीट पर शिवपाल के बेटे आदित्य यादव सपा प्रत्याशी हैं।

## बुलंदशहर की नहर में मिला चार दिन से ग्रेटर नोएडा से लापता किशोर का शव

- कार सवार बदमाशों ने 1 मई को किया था अगवा

**बुलंदशहर।** ग्रेटर नोएडा से चार दिन पहले अपहरण किए गए किशोर की लाश पुलिस ने बुलंदशहर में एक नहर से रविवार को बरामद किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व एक मई को कार सवार बदमाशों ने गावं मियाना निवासी कुनाल (15) पुत्र कृष्ण कुमार का अपहरण कर लिया था। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी ।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने 2 दिन पहले बीटा 2 थाने का घेराव भी किया था। अपहृत बालक का शव बुलन्दशहर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत नहर में पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा गौतम बुद्ध नगर पुलिस और परिजनों को भी सूचना कर दी गई है।

**मदरसा बोर्ड** — 13 लाख छात्र पढ़ेंगे संशोधित पाठ्यक्रम, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने दिया व्यवस्थाओं को विस्तार

## एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम से तालीम लेंगे मदरसा छात्र

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्रों के पाठ्यक्रम और पुस्तकों में संशोधन

**लखनऊ** : यूपी मदरसा बोर्ड में नए सत्र का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को आधार बनाते हुए शुरू किया जा रहा है। इस बार 13 लाख छात्र संशोधित पाठ्यक्रमों के सहारे अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र शामिल हैं।

उप्र मदरसा बोर्ड के अंतर्गत 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इनमें से 560 मदरसे अनुदानित रहे हैं। कुल मदरसों में 13 लाख के करीब छात्र पंजीकृत हैं। इनमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी बताती हैं कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मदरसों में शुरू होने वाली नई व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अनुसार स्थापित कराया जा रहा है। शिक्षा विभाग से सामंजस्य बनाकर पाठ्यक्रमों में आंशिक संशोधन किए गए हैं। अब तक मदरसों में कक्षा एक में पढ़ाई जा रही उर्दू जुबां पुस्तक के स्थान पर इस बार शहनाई पुस्तक से जुड़े पाठ्यक्रमों को छात्र पढ़ सकेंगे। परिषदीय स्कूलों और मदरसों में गणित और अंग्रेजी की पढ़ाई को संयुक्त पुस्तक के आधार से हटाकर अलग-अलग पुस्तकों के आधार पर पढ़ाया जाएगा।

**छुट्टियों का भी किया निर्धारण** : मदरसों में यूनिफॉर्म सहित अन्य व्यवस्थाएं भी निर्धारित की जा रही हैं। इसमें छुट्टियां भी शामिल की गई हैं। साप्ताहिक अवकाश के साथ जल्द ही बोर्ड कैलेण्डर भी जारी करने पर चर्चा कर रहा है।

### इन संशोधित पुस्तकों से होगा अध्ययन

मदरसा बोर्ड ने पुस्तकों में भी बदलाव किया है। कक्षा एक के छात्रों के लिए उर्दू जुबां के स्थान पर शहनाई पुस्तक को तैयार किया गया है। छात्र गणित विषय आनंदमय-रियाजी पुस्तक के साथ पढ़ेंगे। अंग्रेजी विषय मृदंगम प्रथम के आधार पर शामिल की गई है। कक्षा दो के लिए मृदंगम द्वितीय पुस्तक भी संशोधित पाठ्यक्रम में शामिल है।

### 9,646 शिक्षकों को मिली जिम्मेदारी

प्रदेश में संचालित 560 अनुदानित मदरसों में कार्यरत 9,646 शिक्षकों को नए पाठ्यक्रमों के अनुसार छात्रों को पढ़ाने के लिए रजिस्ट्रार की ओर से निर्देश दिए गए हैं। जनपदवार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से कहा गया है कि शिक्षकों के साथ-साथ कार्यरत 554 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से विस्तार व्यवस्था में मदद ली जाए।

### वैकल्पिक विषयों पर दिया जाएगा जोर

मदरसा बोर्ड में मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल में अरबी, फारसी व उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी विषयों के साथ विकल्प के रूप में शामिल सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, नागरिक शास्त्र, कंप्यूटर विषयों पर भी इस बार जोर दिया जाएगा।

### सवा लाख छात्रों का परीक्षा परिणाम जल्द

मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाओं का परिणाम इसी सप्ताह आना है। विभागीय तैयारी पूरी कर ली गई हैं। रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परिणाम घोषित होते ही मदरसों की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी।

## आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस
बनाम
हैदराबाद सनराइजर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 424 |

# जडेजा के हरफनमौला खेल से जीती चेन्नई

## सीएसके ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया, 43 रनों की पारी के बाद जडेजा ने लिए तीन विकेट

धर्मशाला, एजेंसी

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। जडेजा ने 26 गेंद में 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर





टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का बचाव करने अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के बिना मैदान में उतरी सीएसके को देशपांडे ने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो (सात) और रिली रोसेयु (शून्य) को बोल्ड कर शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से बायें हाथ के स्पिनर सेंटनर ने अपने शुरुआती दो ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किये। शानदार लय में चल रहे शशांक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने देशपांडे और रिचर्ड ग्लीसन के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया, लेकिन पंजाब के पुछल्ले बल्लेबाजों ने 15वें ओवर में 90 रन पर आठवां विकेट गिरने के बाद भी टीम को 139 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 17, चाहर ने 16 और कागिसो रबाडा ने नाबाद 11 रन का योगदान दिया।

### सीएसके 167/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 6)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 9 | 7 | 1/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2/1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 0 | 1 | 0/0 |
| मोईन अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3/2 |
| मिचेल सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1/0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 0 | 1 | 0/0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

### पंजाब 139/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 9)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का (रिजवी) बो जडेजा | 30 | 23 | 2/2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 7 | 6 | 1/0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 0 | 3 | 0/0 |
| शशांक सिंह का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4/0 |
| सैम कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 7 | 11 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का धोनी बो सिमरजीत | 0 | 1 | 0/0 |
| आशुतोष शर्मा का सिमरजीत बो जडेजा | 3 | 10 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 9 | 2/0 |
| हर्षल का (रिजवी) बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1/1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2/1 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शारदुल 2-0-12-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## ओलंपिक कोटे से चूकी भारतीय पुरुष व महिला रिले टीमें

**नासाउ।** भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 24 में संबंधित स्पर्धाओं में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के कारण पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। शनिवार को बहामास के नासाउ में राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्रीदंडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में ट्रैक पर उतरने वाली पहली भारतीय टीम थी। अनस याहिया, राजेश रमेश, अजमल और जैकब की भारतीय पुरुष टीम 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट 4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई।

## महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में भारत और ऑस्ट्रेलिया



**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

आईसीसी द्वारा घोषित नौवें महिला टी-20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं। मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

## खेल डायरी



### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

**चेंगडू (चीन)।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरूआत की। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

### विवान शूटऑफ में हारे, भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूटऑफ में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूटऑफ का हिस्सा थे। विवान को सातवें स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। महिला ट्रैप में राजेश्वरी (108 अंक) 23वें जबकि श्रेयसी और मनीषा क्रमश: 29वें और 38वें स्थान पर रहीं।

### चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है। शाम के सत्र में ससेक्स ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी थी।

### तेजस्विन ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा जीती

**एरिजोना।** भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। शनिवार को एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया।

## स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता



**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## मुंबई के खिलाफ जीत से स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स

मुंबई, एजेंसी



आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में शीर्ष पर चल रहे रॉयल्स को एक रन से हराकर आत्मविश्वास से भरी होगी।

## सुनील नारायण के बल्ले से निकली 81 रनों की तेज तर्रार पारी, नवीन को मिले 3 विकेट

# कोलकाता ने लगाया रनों का अंबार लखनऊ को 236 रनों का बड़ा लक्ष्य





लखनऊ, एजेंसी

सुनील नारायण की (81) रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 54वें मुकाबल में लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 61 रन जोडे। पांचवें ओवर में नवीन उल हक ने फिल सॉल्ट को आउट कर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। सॉल्ट ने 14 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से (32) रन बनाए। इसके बाद 12वें ओवर में रवि बिश्नोई ने सुनील नारायण को आउट किया। सुनील नारायण ने 39 गेंदों में छह चौके और सात छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में (81) रनों की पारी खेली। अंगकृष रघुवंशी (32), आंद्रे रसल (12), रिंकू सिंह (16) और कप्तान श्रेयस अय्यर (23) रन बनाकर आउट हुये। रमनदीप सिंह 25 और वेंकटेश अय्यर (1) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 235 रनों का स्कोर खड़ा किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से नवीन उल हक ने तीन विकेट लिये। यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह चरक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### कोलकाता 235/6 (20 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच के एल राहुल बोल्ड नवीन | 32 | 14 | 5/1 |
| नारायण कैच पड़िक्कल बोल्ड बिश्नोई | 81 | 39 | 6/7 |
| रघुवंशी कैच के एल राहुल बोल्ड युद्धवीर | 32 | 26 | 3/1 |
| रसल कैच गौतम बोल्ड नवीन उल हक | 12 | 8 | 1/1 |
| रिंकू कैच स्टॉयनिस बोल्ड नवीन उल हक | 16 | 11 | 2/0 |
| श्रेयस कैच के एल राहुल बोल्ड ठाकुर | 23 | 15 | 3/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 25 | 6 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टॉयनिस 2-0-29-0 मोहसिन 2-0-28-0 नवीन 4-0-49-3 यश ठाकुर-4-0-46-1 क्रुणाल 2-0-26-0 बिश्नोई 4-0-33-1 युद्धवीर 2-0-24-1


## डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने पर 23 अप्रैल को नाडा ने सौंपा था बजरंग को अस्थायी निलंबन

# डब्ल्यूएफआई ने लगाया नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से



चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

## रियल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश लीग खिताब




**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# नाली विवाद में अधेड़ की फावड़ा मारकर हत्या

## सीओ ने मौके पर की छानबीन, फॉरेंसिक टीम ने संकलित किए साक्ष्य, पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की हत्या की रिपोर्ट

संवाददाता रूरा

**अमृत विचार।** नौरंगा लालपुर गांव में रविवार सुबह पानी निकासी की बंद पड़ी नाली खुलवाने गए अधेड़ की ईंट-पत्थर व फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई। शोर सुनकर लोगों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले। सूचना पर मौके पर पहुंची सीओ ने छानबीन शुरू की है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस ने तहरीर पर चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।



ठाकुर यादव।

रूरा थाना क्षेत्र के नौरंगा लालपुर गांव निवासी देवेंद्र उर्फ ठाकुर यादव (55) का पड़ोस के चंद्रभान से नाली से पानी निकासी को लेकर विवाद था। आरोप है कि पड़ोसियों ने नाली बंद कर दी थी। रविवार की सुबह देवेंद्र नाली खोलने गए तो चंद्रभान व उनके परिजनों ने ईंट पत्थर व फावड़े से हमला कर दिया। इससे देवेंद्र उर्फ ठाकुर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो हमलावर घटनास्थल से भाग गए। पति की मौत से पत्नी रीना बदहवास हो गई और पुत्र अमित, अजीत, रामकरण आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा। सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय व थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुला कर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। सीओ सदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया नाली विवाद की बात सामने आई है। इसमें आरोपी चंद्रभान ने फावड़े से वार कर देवेंद्र की हत्या कर दी। मृतक के परिजनों की तहरीर पर चंद्रभान, अरविंद, रीना व मिथलेश के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व साक्ष्य जुटाती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार



मौत पर रोती-बिलखती महिलाएं। अमृत विचार

### हेड इंजरी से हुई मौत, चोटों के मिले पांच निशान

नाली विवाद में फावड़ा मार कर हत्या के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमे मृतक के सिर पर धारदार हथियार से गंभीर चोट के निशान मिले। मौत का कारण हेड इंजरी बताया गया। वहीं शरीर पर चोटों के कुल पांच निशान भी पाए गए हैं।

# राजस्व वसूली में पुखरायां खंड अव्वल

संवाददाता पुखरायां



राजस्व वसूली में बेहतर कार्य पर सम्मानित विद्युत कर्मी व मौजूद अधिकारी।

**अमृत विचार।** विद्युत कर्मचारियों के बीच कार्य की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने व बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के उद्देश से विद्युत वितरण खंड पुखरायां में एक्सईएन की अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्युत वितरण खंड पुखरायां के अधिशाषी अभियंता कुलदीप यादव ने बताया कि अभी तक राजस्व वसूली के लिए संविदा कर्मचारियों का लक्ष्य निर्धारित नहीं था। जिसके चलते कार्य की समीक्षा नहीं हो पाती थी, लेकिन अब सभी कर्मचारियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की सूची दी गई है। जिनसे संपर्क कर वसूली करनी है। इस दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसी के चलते अप्रैल माह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीजीटू ब्रम्हप्रताप ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

- **बेहतर कार्य करने वाले नियमित व संविदा विद्युत कर्मी किए गए पुरस्कृत**

उनके अलावा संविदा कर्मी ऋषभ यादव को प्रथम, राजेश यादव को द्वितीय, रामकृष्ण गोस्वामी उर्फ शोषन को तृतीय स्थान पाने पर प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिंह व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया है। एक्सईएन ने बताया कि राजस्व वसूली के मामले में पुखरायां खंड पूरे डिविजन में प्रथम स्थान पर आया है। यह सभी कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी और प्रतिमाह बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। जिससे अन्य कर्मी भी अपने कार्य को बेहतर करने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संपर्क सूत्र का एक रजिस्टर मेंटेन करें। जिससे हर महीने उपभोक्ताओं से संपर्क कर उन्हें बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उपखंड अधिकारी आरके वर्मा ने कहा कि सभी नियमित व संविदा कर्मी अपने कार्य में ईमानदारी बरतें। इस मौके पर अवर अभियंता रामरूप बिंद, रजनीश मौर्य, संविदा कर्मी महेंद्र यादव, मुन्ना, रामसिंह, दीपक चौरसिया, ऋषभ यादव, अभिषेक, अंकित, नरेश आदि मौजूद थे।

# भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु



भंडारे में प्रसाद ग्रहण लेते लोग।

**पुखरायां।** कस्बा के मौहर माता मंदिर में अमावस्या के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर महिला व पुरुष भक्तों ने श्रद्धाभाव से मातारानी के जयकारे लगाने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। मौहर माता मंदिर में रविवार को अमावस्या के अवसर पर भक्तों ने मातारानी को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया। मंदिर के बाहर भक्तों ने स्टाल लगाकर भंडारे का प्रसाद वितरण किया। दलेल नगर, अटवा, पिलखनी, सुनरापुर, राजीव नगर, किदवई नगर, लोहिया नगर, मालवीय नगर आदि जगहों के आए श्रद्धालुओं व राहगीरों ने श्रद्धाभाव से मातारानी के दरबार में माथा टेका और जयकारे लगाए। राजू ओमर, प्रेम बाबू, मनोज त्रिवेदी, संजय आदि मौजूद थे।

# वृद्धा का घर में मिला शव, हत्या की आशंका



वृद्धा की मौत पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार



मौत पर रोती-बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में रविवार को एक बुजुर्ग महिला का घर के अंदर संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। मृतका के सिर, नाक व कान से खून निकलने पर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं पीएम में मौत का कारण शॉक एंड हेमरेज बताया गया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी रामदेवी (80) अपने पुत्र जयवीर के साथ रहती थी। उनका लड़का शुक्रवार को वाराणसी में नींट की परीक्षा देने गया था और वृद्धा घर पर अकेली थी। रविवार की सुबह रामबेटी का शव संदिग्ध हालत में घर के आंगन में पड़ा मिला। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। पड़ोस के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस दी। जिसपर थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुला कर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की नाक, कान व सिर से खून निकल रहा था। जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग महिला का शव संदिग्ध हालत में घर के अंदर मिला है।

- **मृतका के सिर, नाक व कान से निकल रहा था खून**

### हत्या के साक्ष्य, पुलिस बता रही संदिग्ध

फिरोजपुर गांव में घर के अंदर हुई वृद्धा की मौत में पूरे साक्ष्य हत्या की तरफ इशारा कर रहे थे। वहीं मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मामले को संदिग्ध बताते रहे। शाम को हुए शव के पोस्टमार्टम में मौत का कारण शॉक एंड हेमरेज आया। साथ ही उसके शरीर पर करीब चार चोट के निशान भी मिले। वहीं बाई तरफ की पसली भी टूटी पाई गई। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिला की बर्बरता पूर्वक हत्या की गई। इस बावत जब थाना प्रभारी महेश कुमार से फोन पर बात की गई तो तो संतोषजनक जवाब न देते हुए फोन को काट दिया गया।

# प्रशिक्षण के दूसरे दिन नदारद रहे 28 कार्मिक, चेतावनी

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण के दूसरे दिन 28 कार्मिक बिना सूचना अनुपस्थित रहे। उन्हें दोबारा मौका देते हुए 6 मई को प्रशिक्षण में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

रविवार को अकबरपुर डिग्री कालेज में मतदान कार्मिकों को दूसरे दिन भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान 1360 कर्मचारियों के सापेक्ष 28 कार्मिक विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। जिसपर सीडीओ लक्ष्मी एन. ने अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए 6 मई की दोपहर 12 बजे से प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए अकबरपुर डिग्री कॉलेज बुलाया है। इसके बाद भी कोई कर्मचारी अनुपस्थित होता है तो उसके विरुद्ध निर्वाचन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रशिक्षण में जो पीठासीन अधिकारी परीक्षा में पास नहीं हो रहे हैं। उन्हें भी प्रशिक्षण के लिए विकास भवन में 8 मई को बुलाया जाएगा।



सड़क पार कर स्कूल जाते विद्यार्थी। अमृत विचार

# स्पीड ब्रेकर नहीं, स्कूली बच्चों को ज्यादा खतरा

संवाददाता डेरापुर

**अमृत विचार।** महुआ महोई गांव में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्पीड ब्रेकर न बने होने से बच्चों के सड़क पार करने में हादसे का खतरा रहता है। अभिभावकों व स्थानीय निवासियों ने स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के महुआ महोई गांव में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र डेरापुर-मंगलपुर रोड पर है। यहां स्पीड ब्रेकर न बने होने के कारण दुपहिया व चौपहिया वाहन चालक तेजी से निकलते हैं। जिससे स्कूली बच्चों के वाहनों की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके छोटे-छोटे बच्चे स्कूल में सुबह पढ़ने जाते हैं। स्कूल के बाहर स्पीड ब्रेकर न बने होने से बच्चों के साथ किसी भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जबकि पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ब्रेकर नहीं बनवा रहे हैं।

- **महुआ महोई गांव में सड़क किनारे हैं स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र**

### बोले ग्रामीण



स्कूल के पास स्पीड ब्रेकर न बने होने से तेज रफ्तार से वाहन निकलते हैं। जिससे बच्चों के साथ दुर्घटना होने का खतरा है। मांग के बावजूद ब्रेकर नहीं बनवाया जा रहा है।
-डॉ. विनोद शर्मा



अधिकांश बच्चे अकेले ही स्कूल व आंगनबाड़ी में पढ़ने जाते हैं। ऐसे में रोड पार करते समय बच्चों के वाहन की चपेट में आने का अंदेशा रहता है। दुर्घटना से बचाव के लिए ब्रेकर बनना जरूरी है।
-चंदर बाथम



सड़क किनारे स्कूल और आंगनबाड़ी होने से हादसे का खतरा रहता है। अगर स्पीड ब्रेकर बनवा दिया जाए तरे तेज वाहन चालक धीमी गति से निकलेंगे और हादसे का भय भी नहीं होगा।
-हिमांशू यादव

# अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल भले ही मरीजों को उपचार दे रहा हो, लेकिन खुद का इलाज नहीं कर पा रहा है। यहां पर खुले में कचड़े पड़ा रहता है और जलभराव में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे मरीजों को भी संक्रामक बीमारियां होने का भय बना रहता है।

अकबरपुर जिला अस्पताल में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगर के लोग उपचार कराने के लिए आते हैं। अस्पताल में 24 घंटे भीड़ बनी रहती है। ओपीडी समय में वर्तमान में लगभग पांच-छह सौ से अधिक मरीज उपचार कराने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा अन्य पैथियों में भी मरीज इलाज कराने को आ रहे हैं। लेकिन अस्पताल के जिम्मेदार लोग इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिसर में कई स्थानों पर गंदगी पड़ी रहती है। इससे मरीज और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। ऐसी ही स्थिति अस्पताल के रैन बसेरा के बगल में बनी हुई है। जहां पर मेडिकल कालेज भवन बनाने के लिए आए मजदूरों द्वारा खुले में कचड़ा डाला जा रहा है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां होने की संभावना है। वहीं आयुष विंग के ठीक सामने मुख्य द्वार के पास बनी नालियां सफाई के अभाव में गंदगी से बजबजा रही हैं। जिससे मरीज और तीमारदार परेशान हो रहे हैं। यही हालत परिसर में बने रैन बसेरा के सामने व बगल की है। जहां खुले में मेडिकल की खराब सामग्री डाली जाती है। वहीं मुख्य द्वार के पास भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है नालियों की सफाई नियमित नहीं होने से बजबजा रही हैं।



जिला अस्पताल में रैन बसेरा के बगल में गंदगी का अंबार व कचरा खाती गाय।

### गायों के लिए हो सकता है घातक

जिला अस्पताल में कचरा को व्यवस्थित करने के लिए आयुष भवन के बगल में कचरा घर बना है। जहां पर अस्पताल परिसर का कचरा डाला जाता है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण अस्पताल कर्मचारियों द्वारा मेडिकल व आम कचड़ा खुले में डाला जा रहा है और इसकी सुरक्षा भी नहीं की जा रही है। ऐसे में परिसर में आने वाली गाय आदि मवेशी इसे खा रही हैं। जिससे बीमारियां होने की संभावना है।

# सड़क हादसों में बाइक सवार चार घायल, दो रेफर

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए।

जनपद औरैया के रहमतगंज खानपुर निवासी आदिल ने बताया कि पड़ोसी इंतजार (45) व अजमेरी (55) एक बाइक में सवार होकर जनपद जालौन के कालपी रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी भोगनीपुर चौराहे के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी लाया गया। अजमेरी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा। वहीं भोगनीपुर क्षेत्र के असेवा गांव शिवम ने बताया कि गांव के सौरभ (20) व पुष्पेंद्र (28) बाइक पर सवार होकर पुखरायां किसी कार्य के लिए आए थे। वापस गांव जाते समय पटेल चौक के पास हाईवे पर बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। सीएचसी में ड्यूटी डॉ. प्रीती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद पुष्पेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** मूढ़ादेव गांव के पास किसी काम के लिए उतरे ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने हाईवे पर पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रसधान चौकी पुलिस ने छानबीन की है। जनपद चंदौली निवासी चालक मनोज तिवारी (45) रविवार दोपहर ट्रक लेकर कानपुर की तरफ जा रहे थे। तभी उन्होंने मूढ़ादेव गांव के पास ट्रक खड़ा कर लिया और किसी काम को लेकर वह नीचे उतरे। इसी दौरान हाईवे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास कर रहे थे। तभी चालक की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

- **सिकंदरा क्षेत्र के मूढ़ादेव गांव के पास हाईवे पर हादसा**



चालक की मौत पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# ससुराल को निकली महिला लापता

**रूरा।** बचीत जसू निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि बीते शनिवार की सुबह उसकी विवाहित पुत्री अपने बेटे के साथ मायके से ससुराल बहादुरपुर थाना फफूंद जनपद औरैया के लिए निकली थी, लेकिन वह ससुराल नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी पुत्री का कहीं पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। रूरा थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

**विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ** | छात्रों को एप पर करना होगा पंजीकरण, ऑनलाइन होगी पढ़ाई

# स्वयं एप से घर बैठे मनचाहा कोर्स करें छात्र

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से छात्रों को घर बैठे मनचाहा कोर्स करने की सुविधा शुरू की गई है। इसके लिए विद्यार्थियों को स्वयं एप पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इस एप के माध्यम से सितंबर तक पढ़ाई शुरू की जाएगी। इससे ग्यारहवीं से स्नातक के विद्यार्थी विभिन्न विषयों के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई कर सकेंगे।

बता दें कि कोरोना काल में कई स्कूलों ने ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराई थी। जिसके बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इस व्यवस्था को लागू कर दिया था। इसे अब स्थायी कर दिया गया है। इसके लिए विभाग ने स्वयं एप लांच किया है। जिसके माध्यम से ग्यारहवीं और बारहवीं के साथ ही स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी किसी भी समय हिंदी, गणित, अंग्रजी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की पढ़ाई कर सकते हैं। एप में विभिन्न प्रकार के विशेषज्ञों के वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। इससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमीं के पठन-पाठन न कर पाने वाले विद्यार्थियों को काफी राहत मिल सकेगी। स्वयं पोर्टल के जरिये आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों से सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी किए जा सकते हैं। अब एक नया विकल्प छात्रों को दिया जा रहा है। स्नातक करने वाले छात्रों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे, जो लोग नौकरी कर रहे हैं। वह भी स्वयं प्लस कोर्सेज के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे।

### गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें स्वयं एप

केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन पढ़ाई के लिए यह एप विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सभी के लिए अच्छी शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना है। स्वयं एप पर सभी पाठयक्रम पूरी जरह से निशुल्क उपलब्ध हैं। इसमे वीडियो लेक्चर को भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसे गूगल प्ले स्टोर से मल्टीमीडिया मोबाइल फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है।

स्वयं एप को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद से पत्र आया है। जल्द ही प्रधानाचार्यों को इसकी जानकारी दी जाएगी। एप पर अधिक से अधिक छात्रों के पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।
**अचल कुमार मिश्र, डीआईओएस**

# प्रोजेक्ट नई किरण में दो मामलों में आपसी समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को माती पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 26 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों के समझानें के बाद दो परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसपर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, हेड कांस्टेबल राममूर्ति, कांस्टेबल आरती, बबली, रागिनी सदस्य कंचन मिश्रा, रामप्रकाश, जियाउल हक आदि मौजूद रहे।

# आग से 50 बीघा जंगल हुआ राख

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गुढ़ा शेरपुर के जंगलों में आग लग गई। धुआं उठता देख लोगों को जानकारी हुई। आग गुढ़ा शेरपुर व बम्हरौली तक करीब 50 बीघा जंगल में फैल गई। सूचना पर पहुंची दमकल व पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। गुढ़ा शेरपुर गांव निवासी मोहन शाह, राजाराम, देवीदयाल, मुंशीलाल, राजाबाबू आदि ने बताया कि रविवार दोपहर गांव के पास जंगल से अचानक धुआं दिखाई दिया। जब मौके पर जाकर देखा तो आग की ऊंची लपटें उठ रही थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिस ओर हवा चलती उसी ओर आग बढ़ने लगती। आग गुढ़ा शेरपुर के जंगलों से शुरू होकर बम्हरौली, भरतौली के तरफ जंगलों में बढ़ने लगी। खरपतवार, पेड़-पौधे आदि जल गए हालांकि फसलों को नुकसान नहीं हुआ। दमकल व पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बावत लेखपाल शिवम निगम ने बताया कि जंगल में आग लगी थी। फसल में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।



जंगल में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### गुप्तार घाट पर मिला नवजात का शव

**कानपुर।** रविवार सुबह कोतवाली थानाक्षेत्र में स्थित गुप्तार घाट में गंगा किनारे नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गंगा स्नान करने जा रहे लोगों ने शव पड़ा देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि रविवार सुबह गुप्तार घाट के पास गंगा किनारे नवजात बच्चे का शव मिला जिसे कुत्ते नोच रहे थे। गंगा स्नान के लिए आए लोगों ने कुत्तों को भगाकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी का कहना है कि नवजात आसपास के किसी अस्पताल में मृत अवस्था में पैदा हुआ था जिसे परिजन चोरी छिपे जल प्रवाह करने के लिए लाए थे।

### सम्मान समारोह

**कानपुर।** भारत विकास परिषद की कृष्णा शाखा ने रविवार को दायित्व ग्रहण समारोह और सम्मान समारोह आयोजित किया। नए लोगों ने अपना दायित्व ग्रहण किया। इसके साथ ही समाज सेवा, बच्चों की सेवा, रक्त दान करने और उन सभी लोगों को संस्था ने सम्मानित किया जिन्होंने पूरे वर्ष अच्छा कार्य किया। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत विकास परिषद एक सामाजिक शाखा है। यह बच्चों की सेवा के लिये कार्य करती है। हाल ही में शाखा ने अपना एक वर्ष पूरा किया है।

# छात्र को निर्वस्त्र कर गुप्तांग में टांगी ईंट, आग से तपाया

## काकादेव थानाक्षेत्र में इटावा के छात्र के साथ दुस्साहसिक वारदात, पुलिस में मचा हड़कंप

**तालिबानी सजा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छात्र को बंधक बनाकर दबंगों ने बेरहमी से पीटा
- ऑनलाइन गेम के रुपये को लेकर विवाद, दो गिरफ्तार

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र से एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। ऑनलाइन गेम के लेनदेन के विवाद में लवेटी थानाक्षेत्र के इटावा से कोचिंग मंडी में पढ़ने आए छात्र से आरोपियों ने हैवानियत करते हुए जमकर यातनाएं दीं। आरोपियों ने उसे जमकर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। उसको निर्वस्त्र कर गुप्तांग में डोरी से ईंट बांध दी और लटका दिया। एलपीजी कैन से आग निकालकर उसे जलाने का प्रयास किया। आरोपियों ने हैवानियत का वीडियो भी बनाया जो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तालिबानी सजा का वीडियो जिसने देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

**ये कोई पहला मामला नहीं**

जनवरी में कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक पुलिसकर्मी के बेटे और उसके दबंग साथियों ने अमानवीयता की सारी हदें पार कर दी थीं। एलआईयू कांस्टेबल के बेटे ने पहले इंस्टाग्राम पर लड़की की आईडी बनाकर अपने विरोधी युवक से दोस्ती की थी। फिर उसे मैसेज कर मिलने बुलाया तो दबंग एलआईयू कांस्टेबल के बेटे और उसके साथियों ने दोनों को कार से अगवा कर लिया और करीब चार घंटे तक कार में बंधक बना बुरी तरह पिटाई कर बेसुध कर जूता चटवाया। जब मन नहीं भरा तो चेहरे पर पेशाब कर दी थी। उसे बेरहमी से मारने के साथ अन्य घटनाओं के वीडियो वायरल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की थी।

पुलिस ने संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके दो आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है।

कोचिंग मंडी काकादेव के किसी मकान या हॉस्टल के पांच वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गए। वीडियो में पीड़ित से पहले बातचीत है, इसी दौरान उसे मोबाइल देकर रुपये मंगाने के लिए कहा जाता है। बहन, पिता, भाई और किसी भी परिजन से रुपये मंगाने को दबाव डालकर मारापीटा जाता है। ऑनलाइन गेम में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित को एलपीजी कैन से जलाने का प्रयास कर तमाचा मारा जाता है। इसके बाद उसे कमरे में बंधक बनाकर निर्वस्त्र करके उसके गुप्तांग में डोरी से बांधकर ईंट लटका दी जाती है। छात्र के साथ हैवानियत की सारें हदें पार की गईं। वायरल वीडियो के बाद पुलिस की जांच में अब तक ये सामने आया है कि आरोपी काकादेव थानाक्षेत्र के हैं। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इस प्रकरण के बाद छात्र इतनी दहशत में है कि वो मुंह खोलने से भी डर रहा है। छात्र इटावा से इंटर पास कर यहां कोचिंग करने आया था।

इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि मारपीट और अमानवीय कृत्य का वीडियो सामने आया है। वीडियो काकादेव कोचिंग में पढ़ने वाले और आसपास रहने वाले अराजक युवकों का है। लेनदेन की बात सामने आई है। मामले की जांच काकादेव थाना प्रभारी केपी गौड़ कर रहे हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## भाभी के अंतिम संस्कार में गया देवर गंगा में डूबा

**कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र में स्थित भैरव घाट में भाभी का अंतिम संस्कार करने गए देवर की गंगा में डूबकर मौत हो गई। करीब एक घंटे बाद तेज बहाव में उनका शव सरसैया घाट के पास से परिजनों ने बरामद कर लिया।

चुन्नीगंज सुदर्शन नगर निवासी 55 वर्षीय सज्जन कुमार की लाटूश रोड निवासी भाभी माया देवी का रविवार को निधन हो गया था। सज्जन नाते रिश्तेदारों के साथ अंतिम संस्कार में साथ भैरव घाट गए थे। अंतिम संस्कार के बाद सज्जन हाथ-पैर धोते-धोते गंगा में उतरे और गहराई में चले गए और डूब गए। बदहवास परिजन घाट पर दौड़ते रहे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में गोताखोरों ने गंगा में उतरकर काफी देर ढूंढा लेकिन उनका कुछ नहीं पता चल सका। इसके बाद पुलिस और जल पुलिस ने और गोताखोरों से तलाश कराई। दो घंटे बाद उनका शव सरसैया घाट के पास बरामद हुआ। कोतवाली पुलिस ने कोहना थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया।

# जापानी विशेषज्ञ करेंगे तकनीक में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश की जलवायु व मिट्टी के अनुसार तकनीक बदली जाएगी
- किसानों को अधिक उपज देने के लिए होगी कवायद

**अमृत विचार।** किसानों को अधिक उपज के लिए जापानी उपकरणों पर सीएसए में जुलाई से काम शुरू हो जाएगा। इस योजना में जापानी विशेषज्ञ सबसे पहले यहां की जलवायु व मिट्टी के अनुसार तकनीक में बदलाव करेंगे। इसके बाद उसके सामने आए परिणामों के आधार पर तकनीक किसानों को सौंपी जाएगी। इस प्रोजेक्ट पर जापानी प्रतिनिधिमंडल ने पिछले महीने संस्थान आकर पूरी रूपरेखा भी बनाई थी।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर (सीएसए) में कृषि,वन एवं मत्स्य मंत्रालय जापान व उत्तर प्रदेश सरकार के बीच एक करार हुआ था। इस करार के तहत किसानों तक जापान की तकनीक से लैस खेती के उपकरण पहुंचाना है। सबसे पहले वहां के विशेषज्ञ प्रदेश की जलवायु व मिट्टी के अनुसार तकनीक में बदलाव करेंगे।

बदलाव के बाद उन उपकरणों को सीएसए में ही पहले प्रयोग के तौर पर शोध कार्य के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इसके बाद इस तकनीक को किसानों तक पहुंचाया जाएगा। संस्थान के सूचना अधिकारी डॉ. खलील खान ने बताया जुलाई से एमओयू के तहत संस्थान में काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जापानी तकनीक के जरिए किसानों को कम लागत, मेहनत और कम समय में अधिक कृषि उत्पादन का लाभ हो सकेगा।

जापान के विशेषज्ञों की ओर से दलीप नगर में भी शोध कार्य किए जाएंगे। तकनीक पर शोध कार्य किए जाने के बाद सामने आए परिणाम के आधार पर किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। तकनीक किसानों के लिए कम खर्चीली तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल पर अधिकतम शुद्ध लाभ दे सके ऐसी होगी।

# घर में पढ़ाई को शिक्षक देंगे बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को विभागीय स्तर पर किया जाएगा प्रोत्साहित

**अमृत विचार।** स्कूली शिक्षा में चल रहे बदलाव के तहत परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति 75 फीसदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निदेशालय ने इस लक्ष्य को पाने के लिए कार्य योजना बनाई है। यह भी कहा गया है कि छात्रों की अनुपस्थिति का एक कारण कुछ शिक्षकों का देर से आना या बिना सूचना के गैरहाजिर रहना भी हो सकता है। ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दिनों बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्कूलों का भ्रमण किया था। इसमें बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं मिली थी। विभाग ने कहा है कि बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें डीबीटी आदि योजनाओं की जानकारी दें। शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि तीन दिन लगातार न आने वाले बच्चों के घर बुलावा टोली भेजी जाए। ऐसे बच्चों के स्कूल आने पर रेमेडियल कक्षाएं चलाई जाएं। वहीं विकासखंड व बीएसए कार्यालय पर जिले में सबसे ज्यादा व सबसे कम उपस्थिति वाले दस-दस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के नाम व बच्चों की उपस्थिति का प्रतिशत हर माह लिखा जाए। अधिकारी बेहतर उपस्थित बढ़ाने वाले व इसमें सुधार करने वाले शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों को मासिक बैठकों में सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग ने नया खाका तैयार किया है। गर्मी या जाड़े की छुट्टियों में भी बच्चे घर पर कुछ न कुछ पढ़ाई करते रहें। इसके लिए छुट्टियों में भी बच्चों को गृह कार्य व प्रोजेक्ट दिए जाएंगे। ताकि उनका तारतम्य बना रहे। आमतौर पर यह देखने में आया है कि बच्चे जब छुट्टी के बाद स्कूल आते हैं तो पढ़ाई की गति बनाने में समय लगता है। यही वजह है कि विभाग ने निर्णय लिया है कि गर्मी व जाड़े की छुट्टियों में घर में पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए।

बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा कि ऑनलाइन शैक्षिक कंटेंट का प्रयोग करें। दीक्षा, खान एकेडमी, स्विफ्ट चैट, एंबाइब पर उपलब्ध डिजिटल शैक्षणिक कंटेंट उपलब्ध है। इसके प्रयोग से छुट्टियों में आसानी से पठन-पाठन किया जा सकेगा। बता दें कि परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां होंगी।

## दोस्त की पिटाई से घायल महिला ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने वाले युवक ने पीटा था

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने वाले युवक की पिटाई से घायल पोस्टमैन की 45 वर्षीय पत्नी की हैलट अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने जेल में बंद आरोपी युवक पर हत्या के प्रयास की धारा को हत्या में तरमीम कर दिया है।

इंस्टाग्राम पर सचेंडी भैरमपुर निवासी दीपेंद्र की एक युवती से दोस्ती हुई थी। कुछ समय बाद दोस्ती प्यार में बदल गई थी। दीपेंद्र जब 26 अप्रैल को युवती से मिलने उसके घर पहुंचा तो देखा वह युवती नहीं बल्कि दोगुनी उम्र की महिला थी। उसने इंस्टाग्राम पर दूसरी फोटो लगा रखी थी। महिला की उम्र और सुंदरता पर सवाल उठाते हुए वह भिड़ गया था। उसने महिला के साथ जमकर मारपीट की और फर्श पर उसका सिर कई बार पटक दिया था। इसके बाद दीपेंद्र महिला का मोबाइल चुराकर वहां से भाग निकला था।

परिजनों ने उन्हें हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। आईसीयू में वेंटिलेटर पर शनिवार देर रात उनकी सांसें थम गईं। पुलिस ने दीपेंद्र को जेल भेज दिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि उसकी युवती से दोस्ती हुई पर जब वह मिलने पहुंचा तो वह दोगुनी उम्र की महिला निकली। जिस पर उसे गुस्सा आया और मारपीट कर दी।

# भाजपा ने नौजवानों को छला-मौर्य

संवाददाता रसूलाबाद



कार्यक्रम में मौजूद आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार।** लोकतंत्र खतरे में है और चुनाव महत्वपूर्ण है। भाजपा को सत्ता से हटाना है। यह बात आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कही।

रविवार को रसूलाबाद स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष आरएसएसपी स्वामी प्रसाद मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। लोकसभा का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दस वर्षों से भाजपा सरकार है। उसने क्या किया। करोड़ों नौजवानों को बेरोजगार बनाया है। यदि भर्ती है तो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। भाजपा पहली सरकार है जिसने एयर इंडिया, रेलवे और एलआईसी को उद्योगपतियों अडानी व अंबानी को बेच दिया है। यह देश के नौजवानों के साथ धोखा है।

महंगाई ने कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं पर प्रतिबंध लगाया जाए। आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज लोकसभा से आलोक वर्मा के पक्ष में समर्थन मांगा। पूर्व मंत्री भगवती प्रसाद सागर ने कहा कि देश विभिन्न जातियों और धर्मों का है। जाति के आधार पर व्यवस्था चलती है। डॉ आंबेडकर ने वोट का अधिकार हमको दिलाया। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यह चुनाव आखिरी होगा। हमारा इतिहास नष्ट किया जा रहा है। इस मौके पर साहब सिंह धनगर संरक्षक, रामबख्श वर्मा, सुभाष चंद्र लहरी, आलोक वर्मा, हुकुम सिंह, योगेंद्र सिंह, राम सिंह, सोनू गौतम, श्यामलाल बौद्ध, रामप्रसाद विमल, अतर सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

# 15 दिन बाद शुरू होगा पैकेज चार का कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंधना से रमईपुर पैकेज का 80 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पूरा
- मंधना से सचेंडी पैकेज में चार अंडरपास का हो चुका है निर्माण

**अमृत विचार।** 24.559 किलोमीटर लंबे पैकेज चार मंधना से रमईपुर का निर्माण कार्य 20 मई से शुरू कर दिया जाएगा। पैकेज चार में करीब 80 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा हो चुका है, जिसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने यह फैसला लिया है। अब तक पैकेज एक मंधना से सचेंडी में निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

शहर को जाम से मुक्त कराने के लिए कानपुर नगर, देहात व उन्नाव के आउटर साइड पर 7800 करोड़ की लागत से 93.20 लंबी रिंग रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। 1754 करोड़ की लागत से पैकेज एक मंधना से सचेंडी व 1604 करोड़ से चार मंधना से रमईपुर के निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका जिम्मा राज कंस्ट्रक्शन को दिया गया है।

23.325 किमी लंबे पैकेज एक में करीब 14 अंडरपास व 19 छोटी, बड़ी पुलियों का निर्माण किया जाना है। जिसमें सचेंडी, मंधना महाराजपुर, शिवली रोड व सचेंडी से करीब आठ सौ मीटर पीछे रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर चार मीटर लंबे व 12 मीटर चौड़े अंडरपास का लगभग निर्माण हो चुका है। वहीं पैकेज चार में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा न होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका था। एनएचएआई साइट इंजीनियर नीरज कुमार के मुताबिक पैकेज चार में 80 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। 20 मई से कार्य शुरू कराया जाएगा। अवरोध उत्पन्न करने वाले पेड़ों व मकानों के ध्वस्तीकरण शुरू है।

## नशीला पदार्थ पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में शोहदे ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद ब्लैकमेल कर पीड़िता से रुपये की मांग करना शुरू कर दिया। वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर सीसामऊ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

सीसामऊ निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। उसकी मुलाकात उन्नाव शुक्लागंज कंचन नगर निवासी शुभम मौर्या से दो वर्ष पहले हुई थी। आरोपी ने उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर होटल में ले जाकर बेहोश करके अश्लील वीडियो और फोटो अपने मोबाइल में कैद कर लीं। इसके बाद वह पांच लाख मांगने लगा। न देने पर वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीसामऊ थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता ने शिकायत पुलिस कमिश्नर से की थी।

# आरोग्य मंदिर में लटकते ताले

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** राजपुर क्षेत्र के बीहड़ पटटी के गांवों में ग्रामीणों को जन आरोग्य मंदिरों में तालाबंदी होने से मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार भी कार्रवाई के नाम केवल खानापूरी कर देते हैं।

अमरौधा विकासखंड के कमलपुर गांव के एएनएम सेंटर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित है। जिसमें महीनों से ताला लटक रहा है। यहां न तो सीएचओ बैठते हैं और न ही एएनएम। ऐसे में गर्भवतियों व बच्चों को टीकाकरण के लिए भटकना पड़ता है। वहीं गांव के अन्य मरीज भी सेंटर पर मिलने वाले इलाज से महरुम हैं। इतना ही नहीं जिम्मेदारों की लापरवाही से लाखों रुपये की लागत से बनाया गया स्वास्थ्य केंद्र भवन बदहाली का शिकार है। यहां सेंटर की दीवारें तो खड़ी हैं, लेकिन जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। केंद्र के अंदर से लेकर बाहर गेट तक गोबर के ढेर लगे हुए हैं। सफाई न होने से


कमलपुर गांव के आरोग्य मंदिर के सामने लगा गोबर का ढेर। अमृत विचार


दो महीने से सेंटर में सीएचओ नहीं आए हैं। जिससे गांव के लोगों को इलाज के लिए राजपुर, शाहजहांपुर या फिर पुखरायां जाना पड़ता है। वेलनेस सेंटर न खुलने से लोगों को भी परेशानी हो रही है।
–राजा सिंह निवासी कमलपुर


सरकार द्वारा लोगों को बेहतर उपचार देने के लिए गांवों में हेल्थ वेलनेस सेंटर तो खोल दिए गए, लेकिन जब सीएचओ व एएनएम ही नहीं हैं और केंद्र बंद रहता है तो इलाज कैसे होगा।
–श्यामलाल निवासी कमलपुर

बड़ी-बड़ी घास उग आई है। केंद्र की टूटी खिड़कियां, दरवाजे व लोहे के गेट पर लगा जंग इस बात का गवाह है कि जिम्मेदारों कितने संजीदा हैं। इस बावत अमरौधा पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित निरंजन ने बताया कि सेंटर में अंकुर कटियार की तैनाती है। दो महीने पहले सीएचओ का मेडिकल कॉलेज लखनऊ में स्टाफ नर्स के पद पर चयन होने से नहीं आ रहे हैं। इसकी रिपोर्ट जिले के अफसरों को भेजी गई है।

# दरोगा के खाते से साइबर फ्रॉड ने उड़ाए 25 हजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर थानाक्षेत्र की घटना अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जरा सी असावधानी में शातिर साइबर ठग लोगों को अलग-अलग तरीके से अपने जाल में फंसाकर चूना लगा रहे हैं। आम इंसानों के साथ ही अब पुलिस व प्रशासनिक के लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पूर्व साइबर ठगों ने मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर लोगों से रुपयों की मांग की थी। अब आरोपियों ने रावतपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक को निशाना बनाते हुए 25 हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित उपनिरीक्षक ने मामले की शिकायत साइबर सेल के साथ ही रावतपुर थाने में करके रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिला एटा के वाघ वाला कोयना गांव निवासी आराम सिंह पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वर्तमान में वह रावतपुर थाने में तैनात हैं और रावतपुर गांव में रहते है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अन्जान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि उसके मोबाइल का एप खराब हो गया है, उनके फोन पर रुपये डाल रहा हूँ, रुपये उनके बेटे के मोबाइल पर भेज दीजिए। कुछ ही देर में पीड़ित के मोबाइल पर 45 हजार रुपये का मैसेज आया तो वह भरोसे में आ गए। थोड़ी देर में ही एक अन्य नंबर मे कॉल आया और 25 हजार रुपये डालने की बात कहीं। इस पर उन्होंने रुपये ट्रांसफर कर दिए। जानकारी करने पर उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। इस पर पीड़ित उपनिरीक्षक ने मामले की शिकायत साइबर सेल के साथ ही रावतपुर थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि मामले की जांच कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

**भर्ती घोटाला** दोनों स्कूलों को शिक्षा विभाग दोबारा भेजेगा नोटिस

# दोनों स्कूलों ने नहीं भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में दो स्कूलों ने अपनी जांच रिपोर्ट शिक्षा विभाग को नहीं भेजी है। विभाग दोनों स्कूलों को दोबारा जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए नोटिस भेजने की तैयारी है।

मदन मोहन अग्रवाल और आर्य कन्या इंटर कॉलेज को शिक्षा विभाग नोटिस भेजने जा रहा है। इन दोनों स्कूलों में फर्जी पैनल से आए नामों में से दो की भर्ती हुई थी। मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में भर्ती हुई शिक्षिका का वेतन तक जारी कर दिया गया था।

शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों से जांच रिपोर्ट मांगी गई थी। लगभग सप्ताह भर बीत जाने के बाद अब विभाग स्कूलों को दोबारा नोटिस जारी करेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि स्कूलों को जल्द जांच रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है। दोनों स्कूलों को नोटिस जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है।

**प्रबंधक लगा रहे चक्कर**

प्रकरण के बाद स्कूल के प्रबंधक विभाग के चक्कर लगाने में जुटे हैं। मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक वेतन की रकम को जमा करने को लेकर परेशान हैं। मामला खुलने के बाद आरोपी एक शिक्षिका ने स्कूल आकर अब तक जारी हुए वेतन की 2.59 लाख रुपये का चेक प्रबंधक को सौंप दिया। अब प्रबंधक उस चेक को जमा कराने के लिए मद की तलाश में परेशान हैं।

**स्कूलों को भी करनी है जांच**

शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को भी पूरे प्रकरणक की जांच के आदेश दिए थे। इस जांच में सभी पत्रों की तारीख का मिलान, नौकरी पाने वाली शिक्षिकाओं के दस्तावेज के जांच के प्रति लापरवाही, मूल अभिलेख के सत्यापन के लिए किए गए प्रयास के सबूतों को एकत्रित करना था। अभी किसी स्कूल ने जांच रिपोर्ट नहीं दी है।

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**राजपुर।** कस्बे के गुलाब वाटिका के सामने दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार चार लोग घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया। तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कालपी निवासी पवन (25) रविवार अपने साथी औरैया के जौरा गाँव निवासी पवन ( 28) के साथ सिकन्दरा कस्बे में लेंटर डालकर वापस घर लौटते समय राजपुर कस्बे के गुलाब वाटिका के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पवन के अलावा दूसरी बाइक में सवार राजपुर के नई बस्ती निवासी लाला (38) व बाइक में पीछे बैठे शाहरुख़ (25) चारो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# बिना अनुमति प्रचार पर बायजूस को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम ने खलासी लाइन के सेंटर को 1.64 लाख का नोटिस भेजा

**अमृत विचार।** बिना अनुमति और शुल्क जमा किये बगैर शहर में विज्ञापन करना बायजूस के कोचिंग सेंटर को महंगा पड़ गया है। नगर निगम ने खलासी लाइन में चल रहे ट्यूशन सेंटर पर अवैध प्रचार करने पर 1.64 लाख का नोटिस थमाया है। इसके साथ ही निर्देश दिये हैं कि जल्द ही जुर्माने की राशि जमा की जाये नहीं तो गृहकर में इसे जोड़ दिया जायेगा।

नगर निगम विज्ञापन के प्रभारी राजेश कुमार बायजूस ट्यूशन सेंटर को नोटिस देते हुये कहा कि आपके द्वारा नगर निगम सीमा में अनाधिकृत रूप से व्यवसायिक भवनों पर विज्ञापन किया जा रहा है। आपने इसके संबंध में नगर निगम से न कभी अनुमति ली और न ही नगर निगम विज्ञापन शुल्क जमा किया। विज्ञापन के लिये नगर निगम में पंजीकरण भी नहीं कराया है। नोटिस देकर नगर निगम ने कहा कि तत्काल विज्ञापन बंद किया जाये। इससे नगर निगम को राजस्व हानि हो रही है। नगर निगम ने कंपनी पर 1.64 लाख रुपये का जुर्माना भरने के लिये कहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAD SHAFIQ था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD SHAFEEQ रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: LATE MOHD YASEEN, 543, MALLOR ROAD, CHINHAT, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226028

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2017 रोल नंबर 2052582 वास्तव में खो गया है। हाई स्कूल की परीक्षा टीबीएसकेआईसी इंटर कालेज जरवलरोड से यूपी बोर्ड से की है। –रवि वर्मा पुत्र श्याम सिंह वर्मा , निवासी– ग्राम– तप्पे सिपाह जरवलरोड, बहराइच

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि दीपक सिंह चौहान पुत्र रविंद्र सिंह बकेबर जिला इटावा से मेरा किसी भी प्रकार का कोई सरोकार वास्ता व संबंध नहीं है। दीपक सिंह व उनके परिवार द्वारा किए गए कार्यो से मेरा न ही कोई लेनादेना है और न ही कोई वास्ता है। आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देती हूं कि मेरे निजी जीवन को बदनाम न करें। अन्यथा कार्यवाही के लिए बाध्य रहूंगी। –दिव्यांशी सिंह पुत्री स्व. विनोद सिंह, निवासी– यूपीएसआईडीसी जैनपुर ,थाना व तहसील अकबरपुर, जिला– कानपुर देहात

# मूक-बधिर दिव्यांग किशोरी और सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

## एक मामले का आरोपी हुआ फरार, दूसरे में गिरफ्तार, किशोरी को कानपुर रेफर किया

**असुरक्षित बेटियां**

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। असोथर क्षेत्र में जहां बोलने-सुनने में असमर्थ दिव्यांग किशोरी को अधेड़ ने अपना शिकार बना लिया तो उधर, जाफरगंज थाना क्षेत्र में घर के बाहर सो रही सात वर्षीय बच्ची को उठाकर एक युवक जंगल ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िताओं को मेडिकल के लिए भेजा है।

### पड़ोस में रहने वाले अधेड़ ने बनाया शिकार

**घटना 01**

**असोथर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक-बधिर और एक पैर से दिव्यांग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किशोरी को उसके पड़ोस में रहने वाले एक अधेड़ व्यक्ति ने अपना शिकार बना डाला। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी अपने घर के पीछे पेड़ के नीचे चारपाई पर लेटी थी। उसी दौरान गांव का रहने वाला सरवन कोरी पुत्र शिवबोधन वहां पहुंच गया और उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। किशोरी के रोने की आवाज सुनकर मां और बड़ी बहन वहां पहुंची तो देखा कि गांव का सरवन कोरी को बेटी के साथ जबरदस्ती करते हुए देखा, जब लड़की की मां ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर गाली गलौज करते हुए और शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता के पिता ने पुत्री की हालत गंभीर होते देख पुलिस को सूचना दी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने किशोरी की हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रिफर कर दिया। मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सात वर्षीय बच्ची को जंगल में ले जाकर किया रेप

**घटना 02**

**जाफरगंज।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सात वर्षीय एक बच्ची अपने परिजनों के साथ शनिवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम में बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव गई थी। सभी देर रात वापस घर लौट आए थे। बच्ची घर के बाहर सो रही अपनी बड़ी दादी के पास चारपाई में सो गई थी। पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया अपनी बुआ के यहां आया कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली के पासीखेड़ा गांव निवासी प्रदीप उसकी बेटी को सोते समय उठा ले गया और गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने का प्रयास करने लगा। उसी समय एक व्यक्ति बैलगाड़ी से भूसा लेने अपने खेत जा रहा था। जिसकी आहट सुनकर आरोपी भाग निकला। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर किसान रुक गया और बच्ची की हालत देख कर उसने बच्ची से घरवालों के बारे में पूछकर परिजनों को सूचना दी। बच्ची ने आपबीती सुनाई तो उसके पिता आरोपी के घर पहुंचकर उसे पकड़ लिया जिसे बेटी ने पहचान भी लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना पर सीओ जाफरगंज भी पहुंचे। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर दुष्कर्म, पॉक्सो का मामला दर्ज कर पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

### किशोरी को अगवा कर दिया घटना को अंजाम


**घटना 02**

**फतेहपुर।** एक ट्रक के चालक ने अपने साथी की मदद से सड़क किनारे से किशोरी को अगवा कर ट्रक में बैठा लिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया, ट्रक में मौजूद साथी ने घटना का वीडियो बनाकर परिजनों को भेज दिया। किशोरी की मां ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। थरियांव थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे खाना खाकर परिवार के सो लोग सो रहे थे। रात दस बजे महिला की नींद खुली तो देखा कि उसकी 16 साल की बेटी घर से गायब है। खोजबीन मे बेटी गांव से कुछ दूरी पर मिली। बेटी ने बताया कि पारिवारिक युवक ने उसे कुछ काम के लिए बुलाया। उसके कहने पर चली गई। युवक ने उसे एक ट्रक में बैठा लिया।

ट्रक में बैठते ही ट्रक चालक ने ट्रक को चला दिया। कुछ दूर आगे जाकर ट्रक चालक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पारिवारिक युवक ने घटना का वीडियो बनाकर पारिवारिकजनों को भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया जांच में मामला दोनों के पूर्व परिचित होने का आया है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# बादल छंटते ही दहका सूरज, छिन गया सुकून

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम अपने चरम पर पहुंच गया है। लोग धूप और उमस से आजिज आ चुके हैं। वहीं बीच-बीच में मामूली बादल लोगों को चिलचिलाती धूप से हल्की राहत भी दे रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से अधिकतम तापमान 38 से लेकर 40 डिग्री के बीच बना हुआ है।

मई महीने का पहला शनिवार मौसम के लिहाज से कुछ राहत भरा रहा। आसमान में बादलों का डेरा आ जाने से लोगों को तेज धूप से कुछ राहत मिली थी। लेकिन रविवार को सुबह से ही सूरज दहकने लगा तो लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। कड़ी धूप के बीच लोग सफर के दौरान लू के थपेड़ों से दो-चार होते रहे। धूल भरी हवाओं ने लोगों का सफर करना मुश्किल कर दिया। लोग अपने-अपने तरीके से बचाव करते दिखे। दिन में धूप से पसीने-पसीने होने वाले लोग सूरज डूबने के बाद उमस से हलकान रहे। पिछले एक हफ्ते में न्यूनतम तापमान 22 से लेकर 25.5 डिग्री सेल्सियस तक रहा है। गर्मी के मौसम में लोग जमकर पानी पी रहे हैं। साथ ही मौसम के अनुरूप नियंत्रित खानपान करते हुए मौसमी बीमारियों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया।

### किसानों के लिए तेज हवाएं बनीं मुसीबत

इन दिनों किसान अपनी-अपनी गेंहू की फसल काट रहे हैं। खेतों में खड़ी फसल को काटने के लिए किसान टोलियों के साथ गेहूं कटाई कर रहे हैं। इस बीच तेज रफ्तार से चल रहीं हवाएं उनके काम में व्यवधान डाल रही हैं। साथ ही किसानों को हवाओं से सूखी फसल में आग लगने का डर भी सता रहा है। इसलिए किसान जल्द से जल्द अपनी फसलों को काटकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं।

### बदलते मौसम में खानपान पर ध्यान दें

डॉ. रघुनाथ सिंह का कहना है कि बदलते मौसम में खानपान पर ध्यान दें। जरा सी भी चूक बीमार कर सकती है। ताजा खाना खाएं। तली, भुनी हुई चीजें कम खाएं। पानी समय समय पर पीते रहें। दोपहर के वक्त घर के बाहर बेवजह न निकलें। घरों के आसपास साफ सफाई रखें। यदि बीमार पड़ें तो सरकारी अस्पताल में जाकर डाक्टर को दिखाएं। इसके बाद दवा लें।

## सार-संक्षेप

### दूसरी पत्नी को तलाक देकर तीसरी शादी की तैयारी का आरोप

**फतेहपुर।** दहेज में दस लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर कोलकाता में रहने वाले पति ने फोन पर महिला को तीन तलाक दे दिया। अब वह तीसरी शादी रचाने जा रहा है। आरोप लगाने वाली महिला से पूर्व में भी उसका पति एक युवती से शादी करने के बाद तलाक दे चुका है। ललौली थाने के सातआना मोहल्ला निवासी मुख्तार की पुत्री रुखसार खातून का निकाह पांच अक्तूबर 2022 को गांव के ही इमरान खान के साथ हुई थी। ससुराली कोलकाता में रहते हैं। उनका चमड़ा कारोबार है। शादी के बाद पति इमरान खान, ससुर अबरार, सास बदरुन्निशा, देवर सलमान खान, ननद अफसरी, सानिया दहेज में कारोबार के लिए 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। चार दिसंबर 2023 को ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर मारापीटा और मायके ललौली छोड़ गए। पति इमरान ने फोन पर आठ मार्च की रात में तीन बार तलाक बोल दिया है। इसकी रिकार्डिंग भी है। अब इमरान तीसरी शादी करने जा रहा है। उसकी शादी से पहले भी इमरान खान एक लड़की से निकाह कर तलाक दे चुका है। यह बात छिपाकर उसके साथ निकाह किया था।

### जलभराव से गंदगी, पनप रहे मच्छर

**जहानाबाद।** नगर सहित ग्रामीणांचलों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह होने वाले जलजमाव से क्षेत्र में मच्छरों की भरमार होने से लोगों पर गंभीर बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा न तो एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाता है न ही फागिंग ही कराई जाती है। लंबे समय से सफाई न होने के कारण लोगो में रोष बढ़ता जा रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कस्बा संग ग्रामीणांचल गंदगी से पटे दिखाई दे रहे है। वहीं जलनिकासी की व्यवस्था सुद्रढ़ न होने के कारण क्षेत्र के छोटे बड़े गड्ढों में जलभराव रहता है। क्षेत्र के नाले व नालियों के सिल्ट से पटे होने के कारण गंदा पानी कई स्थानों पर सड़कों पर बिखरता दिखाई देता है। वहीं जलजमाव होने से पनपने वाले मच्छरों के लार्वा से मच्छरों का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। नगर सहित कलाना, कुल्लीहार, बाराबीघा, मिर्जापुर, मकरंदपुर, किशनपुर कपली, चिल्ली, घनश्यामपुर आदि गांव का कमोवेश एक जैसा ही हाल है। स्थानीय लोगों द्वारा मामले की शिकायत जिम्मेदारों से किए जाने के बावजूद अब तक राहत नहीं मिल पा रही है। न ही दवाओं का ही छिड़काव करवाया जा रहा है जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### पुलिस ने दो लोगों को सुतली बम के साथ दबोचा

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध लोगों को पांच देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने अपनी पहचान चखेड़ी गांव निवासी भुट्टो पुत्र अजीज खां और हासीद पुत्र हासीम अली के रूप में बताई है। पुलिस ने बताया कि भुट्टो हिस्ट्रीशीटर है। दोनों पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया है।

### धोखाधड़ी व चोरी के मामले में दो धरे गये

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली पुलिस ने औंग थाना क्षेत्र के परसदेपुर गांव निवासी प्रदीप सिंह पुत्र धनराज सिंह और शशांक पाण्डेय पुत्र संकठा प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी व चोरी का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार को पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हुसेनगंज पुलिस ने मटियारा गांव निवासी संजय पुत्र स्व. श्यामलाल के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने जमरावां उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गेट के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### बाइक की टक्कर से युवती घायल

**फतेहपुर।** खेत जा रही युवती को पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से युवती घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां भर्ती कर उसका उपचार शुरू कर दिया गया है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के आंबी गांव निवासी संतलाल की पुत्री पिंकी देवी घर से किसी काम के लिए खेत जा रही थी। जब वह गांव के बाहर पहुंची तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर लगने से पिंकी देवी गिरकर घायल हो गईं। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया। एंबुलेंस ने घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद के बाद पति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ढिठौरा गांव निवासी रामराज के पुत्र देवराज ने अपनी पत्नी बीना देवी से हुए मामूली विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने देवराज को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं।

### घायल युवक की एक सप्ताह बाद मौत

**फतेहपुर।** बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दिया था। जिसमें दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए तो डॉक्टर ने इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया था। इलाज के बाद परिजन एक युवक को घर लेकर आ गए जिसकी घर पर मौत हो गई। ललौली थाना क्षेत्र के लदिगवां गांव निवासी शुखलाल का पुत्र अजय एक सप्ताह पूर्व गांव निवासी अपने दोस्त के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तभी गांव के पास उसकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए तो डॉक्टर ने इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज में सुधार देख परिजन अजय को घर लेकर आ गए जिसकी घर पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि 27 अप्रैल को सड़क हादसे में घायल हुआ था। जिसका कानपुर में इलाज चल रहा था, घर लाने के बाद इसकी मौत हो गई है।

# धोखाधड़ी: नौकरी का झांसा देकर शिक्षा विभाग के बाबू ने हड़पे 15 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्रधान लिपिक पर दर्ज की रिपोर्ट
- बाबू का प्रयागराज हो चुका है स्थानांतरण

**अमृत विचार।** डीआईओएस कार्यालय में तैनात रहे प्रधान लिपिक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग में नौकरी का झांसा देकर एक युवक से 15 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि बाबू का स्थानांतरण प्रयागराज जिले में हो चुका है।

प्रतापगढ़ जिला परियांवा पूरे नान्ह निवासी पदमेश मिश्रा ने तत्कालीन प्रधान सहायक सत्यप्रकाश वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पदमेश मिश्रा ने एफआईआर में बताया कि उसकी सत्यप्रकाश से मुलाकात शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में हुई थी। उससे बाबू ने शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। सत्यप्रकाश वर्मा ने एक लाख रुपये की मांग की और कहा कि बाकी 14 लाख रुपये काम होने पर देने होंगे। उसने एक लाख रुपये नकद दिए। नौकरी लगने की बारी आने पर कोराना महामारी का बहाना बताने लगा। अगस्त 2023 को सत्य प्रकाश वर्मा ने काम होने का आश्वासन देकर बाकी 14 लाख रुपये ले लिए। इसका 100 रुपये के स्टांप पर लिखापढ़ी भी की। एक माह बाद नौकरी के विषय में बात की तो उसने कहा प्रयागराज स्थानांतरण हो गया है। कुछ दिन में काम करा देगा। कुछ दिन बाद फोन उठाना बंद कर दिया। उसने मामले की पुलिस से शिकायत की। सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

## बाइक की टक्कर से राहगीर घायल

**फतेहपुर।** पैदल जा रहे राहगीर को मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दिया। मोटर साइकिल की टक्कर से राहगीर रोड पर गिरकर घायल हो गया। असोथर थाना क्षेत्र के जरौली गांव निवासी सैकू का पुत्र रजोली किसी काम से शहर आया था। जब वह अंदौली पुलिया के पास वाहन से उतरकर पैदल जा रहा था। तभी पीछे से आए बाइक सवार ने उसको जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से रजोली घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसका इलाज किया।

# अनियंत्रित बोलेरो पलटने से गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- महिला समेत दो लोग गंभीर हालत में कानपुर रेफर किए गए

**अमृत विचार।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के बारा मऊदेव मार्ग पर किलोमीटर के पत्थर से बांदा जा रही बोलेरो अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हुए।

बांदा जिला नरौली थाना क्षेत्र निवासी लालबहादुर सिंह गौतम (22) मौसेरे भाई नंदलाल सिंह, मां व अन्य परिजनों के बकेवर थाने के नगुवापुर गांव मौसी के बेटे के अंतिम संस्कार में आए थे। जहां से वह सभी बोलेरो से रात में वापस बांदा जाने के लिए निकले थे। बारा मऊदेव मार्ग पर बोलेरो अनियंत्रित होने से किलोमीटर के पत्थर से टकरा गई और पलट गई। थानाध्यक्ष सतपाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमौली पहुंचाया, जहां डाक्टर ने लालबहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं मौसेरे भाई नंदलाल व मां की हालत नाजुक देखकर कानपुर रेफर दिया। परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# मंदिर से चोरी हुए घंटों के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस द्वारा गश्त व चेकिंग के दौरान मंदिर से चुराई गई कई घंटियों के साथ तीन आरोपियों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

रविवार की भोर पहर पुलिस रारी मोड़ के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक ही बाइक पर सवार अमित सोनकर निवासी कोट, अमित सोनकर निवासी एकडला व प्रमोद रैदास निवासी जनानतारा बाइक से जा रहे थे। जिन्हें पुलिस ने रुकवाने का प्रयास किया तो वह सभी भागने लगे। आरोपियों को भागते ही पुलिस ने सभी को संदिग्ध समझते हुए पीछा किया। कुछ दूर तक दौड़ा कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस को मंदिर से चोरी की गई पांच पीतल की घंटे व दो तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जिनके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेज दिया है। वहीं खागा कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोचनपुर चौराहे के पास मंदिर से घंटियां चोरी हुई थी।

# चुनाव प्रचार में अपनाए जा रहे तरह-तरह के हथकंडे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के अनेक रंग दिख रहे हैं। प्रचार भी ऐसे तरीकों से कि चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। कहीं किसी को पीठ पर पर्चा लगाकर क्षेत्र में घूमने को कहा गया है तो कहीं बच्चों की टोलियां बनाकर नारे लगाने का काम दिया गया है। मजे की बात है कि कई उम्मीदवारों ने कुछ लोगों को सिर्फ इसलिए पैसा दिया है कि बैठकों में पहुंचकर उसके नाम की चर्चा करें और उसकी तारीफों के पुल बांधें।

इस वक्त चुनाव प्रचार शबाब की ओर बढ़ रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों ने प्रचार के लिये तरह तरह के हथकंडे अपना रखे हैं। अधिकतर स्थानों में उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में नारे लगवाने के लिए बच्चों की टोलियां बना रखी हैं जो नगर की गलियों में प्रत्याशी के पक्ष में आवाज बुलंद करते हैं। इन बच्चों को सिर्फ टॉफियां देकर टरका दिया जाता है। जबकि कुछ स्थानों में युवाओं और बच्चों के पेट और पीठ में प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिह्न चस्पा कर गलियों में गश्त कराई जा रही है।

समर्थकों को प्रति घंटे या प्रतिदिन की दर से भुगतान कर प्रत्याशी अपना प्रचार मोबाइल के माध्यम से भी करा रहे हैं।



- लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने की हो रही जोर आजमाइश
- सभी प्रत्याशियों की टीमें गांवों में लगा रहीं चक्कर

### कई प्रत्याशियों का रोड शो पर है अधिक फोकस

प्रत्याशी रोड शो पर अधिक फोकस कर रहे हैं। सड़कों पर संख्याबल को चुनावी हथियार के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। प्रचार के दौरान गांवों में बड़ी और लक्जरी गाड़ियों की भरमार दिख रही है। धनाढ्य उम्मीदवार अपनी या फिर समर्थकों के वाहनों के जरिए चुनाव प्रचार कर रौब गांठ रहे हैं। सभी चुनाव क्षेत्रों में पहुंच बनाने के लिए इनका जमकर प्रयोग हो रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इन गाड़ियों का खर्च कौन वहन कर रहा है। सड़कों में घूमती लक्जरी गाड़ियों को देख लोग हैरान हैं।

**लोक सभा चुनाव - 2024** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनसम्पर्क हुआ तेज, आगामी 20 मई को होना है जिले में मतदान

# हर दहलीज नापने को प्रत्याशी और समर्थक बहा रहे पसीना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशी एवं उनके समर्थक घर-घर सम्पर्क साधने के लिए जमकर पसीना बहाने में जुट गए हैं। जगह जगह मीटिंग का दौर भी जारी है। प्रत्याशियों ने सम्पर्क के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

जनसम्पर्क के लिए बनाई गई टीमों के अलावा उम्मीदवार व्यक्तिगत उपस्थिति भी दर्ज करा रहे हैं। प्रत्याशियों की टीमें स्वजातीय क्षेत्रों पर जहां खास ध्यान लगाए हैं तो वहीं दूसरे जातियों पर भी डोरे डालने के लिए मशक्कत की जा रही है। दूसरे पाले में जा रहे वोटरों की भनक लगते ही उनको पटाने का खेल भी खेला जा रहा है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के पांचवें चरण के मतदान से पूर्व उम्मीदवार पूरी ताकत झोंकते दिखाई दे रहे हैं। सियासी समर में उतरे योद्धाओं ने स्वजातीय वोटों की फसल काटने के लिए अपने सिपहसलारों की फौज उतार दी है। लोगों के रूठने मनाने का सिलसिला जारी है।

पुराने गिले शिकवे भूल कर मान मनौव्वल का दांव भी चुनावी दंगल में जमकर चला जा रहा है। मिश्रित आबादी या फिर जहां स्वजातीय बहुल नहीं है, वहां क्षेत्रीय क्षत्रपों और मठाधीशों को अस्त्र बनाया जा रहा है। प्रत्याशियों की पूरी कोशिश है कि हर मतदाता तक पहुंच बनाई जाए। टीमों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर भी जनसम्पर्क की योजना बनाई जा रही है। कार्यालयों में वोटर लिस्ट की समीक्षा का सिलसिला जारी है।



- लोकसभा चुनाव में नए वोटरों में मतदान को लेकर उत्साह
- बूथों पर पहुंच कर फर्स्ट वोटर बनने को संजो रहे सपने

### खुफिया सूचनाओं पर तत्काल होता है एक्शन

चुनाव के लिए ताल ठोंक रहे उम्मीदवारों द्वारा बनाई गईं क्विक रिस्पांस टीमें वोटों के बाबत खुफिया जानकारी भी दे रहीं हैं। मसलन कौन किधर जा रहा है या फिर फलां वोटर का रुख किस ओर है? उम्मीदवार विरोधी के प्रचार की काट के लिए दूसरी रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। टीमों के खुफिया सदस्य लोगों से बात कर उनका मन जानने का भी प्रयास करते दिख रहे हैं। उसके मुताबिक फीडबैक प्रत्याशी को दिया जा रहा है।

### ये हैं प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में इस बार फिलहाल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। हालांकि अभी सोमवार को नाम वापसी का समय शेष है। उसके बाद ही कुल प्रत्याशियों की फाइनल तस्वीर आ सकेगी। चुनाव में भाजपा से साध्वी निरंजन ज्योति, सपा गठबंधन से नरेश उत्तम पटेल, बसपा से डॉ. मनीष सचान हैं।

### लोकतंत्र है हमारी पहचान, हम युवा हैं देश की शान

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट करने जा रहे फर्स्ट वोटर्स और युवा मतदाताओं का उल्लास साफ दिखाई पड़ने लगा है। इनमें न केवल बूथों तक पहुंचने की ललक दिख रही बल्कि परिजनों और मित्रों को बूथों तक भेजने की चाहत भी है। कई युवा दूर दराज से वोटिंग का अहसास लेने के 20 मई को अपने घर आने की योजना भी बना रहे हैं। पहली बार मतदान करने जा रहे व युवा वोटरों में मतदान के बाद सेल्फी लेने की भी चाहत है। लोकतंत्र में अपनी भागीदारी की चाहत नए नवेले मतदाताओं में साफ दिखाई पड़ने लगी है। लोकसभा चुनाव में अपने घर से बाहर अपने जीवन पथ को तैयार करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे मतदाताओं में भी मतदान करने का सुरुर है। मतदान वाले दिन घर आकर लोकतंत्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करने के मूड में हैं। चुनावों में भी भागीदारी को लेकर जोश साफ दिखाई पड़ रहा है। 20 मई मतदान वाले दिन फर्स्ट वोटर न सिर्फ मतदान करेंगे बल्कि वह अपने बूथ में फर्स्ट वोटर भी बनाना चाहते हैं। इनका कहना है कि कोई भी चुनाव हो, उसमें हम सबका भाग लेना आवश्यक है। युवा वोटरों ने पहले अपने अपने बूथों पर पहुंचकर वोट डालेंगे और परिजनों को वोट डालने में मदद करेंगे।

### क्या कहते हैं फर्स्ट वोटर



पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया है। तो पहली बार मतदान करने का मौका भी मिल रहा है। मतदान करने का अनुभव जरूर लेना है। अपने परिवार के साथ बूथ में जाएंगे।

-दीक्षा



चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। पहली बार वोटर बने हैं तो मतदान भी जरुर करेंगे। दोस्तों के साथ बूथ में जाने का प्लान है। सबसे पहला अपना ही वोट पड़े, इसका भी प्रयास है।

-चित्रांश



पहली बार वोट भी देंगे और बूथ में सबसे पहले मतदान करने का भी भी रिकार्ड बनाएंगे। लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भी सहभागिता निभानी है। वोट देने के बाद परिजनों के साथ बूथ में सेल्फी भी लेंगे।

-अन्नू



मतदान करने का अनुभव इस बार मिलेगा। पहली बार वोट डालने को मौका मिल रहा है तो उसके लिए उत्साह भी है। पहले वोट डालेंगे उसके बाद ही घर आकर नाश्ता करेंगे।

-राज सिंह

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग से पांच लाख का हुआ नुकसान

## फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** रिहायशी इलाके में घर में बनाए गए कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों से फायर कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित गोदाम मालिक ने पुरानी रंजिश में एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कबाड़ी मार्केट कृष्ण बिहारी नगर मोहल्ला के रहने वाले इसराइल अहमद ने अपने घर पर कपड़े का गोदाम बना रखा है। रविवार भोर पहर अचानक गोदाम में भीषण आग लगा गई। गोदाम से आग की लपट निकलते हुए जब परिजनों ने देखा तो घर से



धू धूकर जलते कपड़ों के बंडल। अमृत विचार

सभी लोग बाहर आ गए।

पीड़ित इसराइल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड टीम को जानकारी दी। आग इतनी भीषण थी कि आसपास के घरों के लोग अपने घर छोड़कर सड़क पर आ गए। सूचना पर तीन गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर कर्मियों में दीपक कुमार सेकंड अफसर, देवेंद्र कुमार मिश्रा, चालक ब्रज किशोर, कमला शंकर, कमलेश्वर, फायरमैन पल्लव त्रिपाठी, नीरज, शुभम कुमार सिंह, रोहित, दिनेश, सुनील कुमार

- पीड़ित ने एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाया

त्रिपाठी और देवेंद्र ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड टीम के सेकेंड अफसर दीपक कुमार ने बताया कि घर के अंदर कपड़े का गोदाम बनाए थे और आग लगने से 40 बंडल कपड़ा जलकर राख हो गया । गोदाम मालिक इसराइल ने बताया कि भोर पहर पुरानी रजिंश में एक युवक ने पेट्रोल डालकर आग लगाई है, जिससे करीब पांच लाख रुपये का माल जलकर राख हुआ है। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित ने रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाया है, मामले की जांच की जा रही है।

# नींद में छत से गिरकर युवक की गई जान

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव में युवक अपनी घर की छत पर सो रहा था। रात में नींद में उठा और छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

ललौली थाना क्षेत्र के खटौली गांव निवासी शंभूनाथ घर की छत पर सो रहा था। रात में वह नींद में उठा और छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजन उसको अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई संतोष ने बताया कि छोटा भाई शौचक्रिया के लिए उठा था तभी वह छत से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई है।

# जनहित में होना चाहिए रोड शो न कि फोटो सेशन के लिए : अंशू

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- इंडिया गठबंधन ने सपा प्रत्याशी के पक्ष में की प्रेसवार्ता
- महाराणा प्रताप के अपमान पर असहज हुआ इंडिया गठबंधन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के समर्थन में मीडिया से रुबरु हुए। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिला प्रभारी अंशू तिवारी ने जहां भाजपा के खिलाफ भड़ास निकाली तो वहीं राणा प्रताप के अपमान के सवाल पर वह असहज होते दिखाई दिए। उन्होंने भाजपा के रोड-शो को लेकर कहा कि रोड शो जनता के हित में होना चाहिए, न कि फोटो सेशन के लिए।

सपा पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया द्वारा उठाए गए महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़कर समाजवादी पार्टी का झंडा लगाने के मामले में हुई कार्रवाई के सवाल पर इंडिया गठबंधन असहज हो गया। राणा प्रताप के अपमान के सवाल पर कांग्रेस लोकसभा जिला प्रभारी अंशू तिवारी और सपा



मीडिया के समक्ष जानकारी देते इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष सुरेंद यादव असहज हो गये। मैनपुरी में सपा कार्यकर्ताओं के राणा प्रताप की प्रतिमा पर किए अपमान को कांग्रेस जिला प्रभारी ने गलत बताया।

वहीं सपा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने सवाल को ही फेसबुकिया बता डाला। तो कांग्रेस जिला प्रभारी अंशू तिवारी ने राणा प्रताप की प्रतिमा पर सपा का झंडा लगाने को बीजेपी की ही साजिश बताया।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के संयोजक मौजूद रहे।

# बिना अनुमति के कराया बार बालाओं का डांस

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- आचार संहिता की खुलेआम उड़ाई गईं धज्जियां
- शहर के आबू नगर में हुए कार्यक्रम का वीडियो वायरल

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के साथ धारा 144 लागू है। राजनीतिक दलों के नेताओं को जनसभा कराने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति लेनी जरूरी है। वहीं आम जनता को किसी भी कार्यक्रम में बार बालाओं के डांस के लिए परमिशन लेना जरूरी है। लेकिन र बिना परमिशन के बार बालाओं का डांस कराया जा रहा है। जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार इस तरह के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सोशल मीडिया में बार बालाओं के डांस का वीडियो वायरल होने के बाद जब जानकारी किया गया तो मालूम पड़ा कि बार बालाओं के डांस का वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र के आबू नगर चौकी के नई बस्ती पक्के तालाब के पास स्थित एक घर पर कार्यक्रम के बाद बार बालाओं का डांस कराया गया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बार बालाओं के साथ युवक नाचते नजर आ रहे है। जहां भीड़ के रूप में कुछ महिलाएं और पुरुष भी खड़े नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि बार बालाओं का डांस कराने के लिए जिला प्रशासन से परमिशन नहीं ली गई थी। चौकी प्रभारी धनंजय कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि बार बालाओं के डांस कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है, परमिशन लिया गया होता तो प्रार्थना पत्र चौकी में उपलब्ध होता।

# कौंडर गांव में बेमकसद साबित हो रहे सामुदायिक शौचालय

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों के सामुदायिक शौचालयों में गंदगी, पानी की कमी और दरवाज़े न होने की समस्याएं आम हैं। कई बार शौचालयों में न तो ठीक से पानी की व्यवस्था होती है, न तो गेट और फ़र्श ठीक होते हैं, और न ही नलों की टोंटी काम करती हैं। ऐसे में लोग इनका इस्तेमाल नहीं करते और खुले में शौच करने को मजबूर हो जाते हैं।

कौंडर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से ग्राम पंचायत में बनाया गया सामुदायिक शौचालय बेकार पड़ा हुआ है। असोथर ब्लॉक से कुछ दूरी पर सटे हुए कौंडर गांव में शौचालय का तो यही हाल है। जहां पर गांव वाले शौचालय का उपयोग न कर पाने से बाहर खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये खर्चा कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक



बदहाल अवस्था में सामुदायिक शौचालय।

शौचालय का निर्माण हर एक ग्राम पंचायत में कराया गया, जिससे लोग बाहर खुले में शौच के लिए न जाएं। लेकिन असोथर ब्लॉक मुख्यालय के समीप कौंडर गांव में बना हुआ शौचालय सिर्फ शो पीस साबित हो रहा है। सामुदायिक शौचालय में पानी की टंकी भी नहीं लगी हुई है। शौचालय में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। साफ सफाई के लिए कर्मचारी के न होने से शौचालय का इस्तेमाल गांव के लोग नहीं कर पा रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि विभागीय अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी भी इस बारे में कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। शौचालय की चहारदीवारी पर रंग रोगन के लिए लाखों रूपये खर्चा कर दिए गए। गांव वालों का कहना है कि शौचालय में गंदगी व्याप्त रहने से गांव के लोग शौचालय का उपयोग करने से कतराते हैं। लघुशंका या दीर्घशंका करने को किसी दूसरे स्थान पर खुले में जाने के लिए मजबूर होते हैं।

- शौचालय में गंदगी ही गंदगी लेकिन जिम्मेदार गम्भीर नहीं
- कहीं दरवाजा नहीं तो कहीं पानी की व्यवस्था ध्वस्त

### क्या बोले ग्रामीण



गांव के अंकित मौर्य का कहना है कि गांव में बना हुआ सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने लायक नहीं है। शौचालय में साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है।



कौंडर गांव के ही रहने वाले नितिन मान सिंह का कहना है कि शौचालय में न तो टोटी लगी है, और न ही पानी की व्यवस्था है। गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

एडीओ पंचायत अशोक कुमार ने बताया कि सामुदायिक शौचालय में केयर टेकर सुशीला देवी की नियुक्ति है। साफ सफाई के लिए 3 हजार रुपये (तौलिया, साबुन, फिनायल आदि) और 3 हजार रुपये केयर टेकर को दिया जाता है। कहाकि यदि काम नहीं कर रही तो कार्रवाई की जाएगी और मानदेय रोका जाएगा।

# साइकिल चलाकर बिंदकी कोतवाली पहुंचे एसपी

संवाददाता बिंदकी फतेहपुर

- पुलिस कर्मी अचानक एसपी को देखकर हुए हैरान
- मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर है बिंदकी कोतवाली

**अमृत विचार।** मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर साइकिल चलाकर सिविल ड्रेस में पुलिस अधीक्षक रविवार को अचानक कोतवाली पहुंच गए। यह देख कोतवाली में पुलिस कर्मी हैरान रह गए। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। इसके बाद वह ससइकिल से सीओ के आवास पहुंचे और बाद में मुख्यालय लौट गए।

रविवार की सुबह करीब नौ बजे पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह साइकिल चलाते हुए सिविल ड्रेस में मुख्यालय से 30 किलोमीटर बिंदकी कोतवाली पहुंचे तो पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य लोग हैरान रह गए। पुलिस कर्मचारियों ने अपने सामने एसपी को अचानक देखा तो कोतवाली में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण किया, इसके अलावा कोतवाली में मौजूद दरोगा व अन्य पुलिस कर्मचारियों से काम के बाबत पूछताछ की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक साइकिल से ही सीओ सुशील कुमार दुबे के आवास पहुंचे और सीओ से मुलाकात की। उन्होंने कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मामले में सीओ सुशील कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक साइकिल से मुख्यालय से आए थे और इसके बाद वह साइकिल से ही मुख्यालय वापस लौट गए। साथ ही बताया कि कोतवाली का निरीक्षण भी किया।

### एक नजर

**बालिकाओं को किया गया जागरूक**

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

**56 वाहनों का हुआ चालान**

**फतेहपुर।** रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 56 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क भी वसूला है। वहीं 11 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कुछ लोग रास्ता बदल कर जाते हुए देखे गए।

# सत्ता पक्ष के दबाव में विधायक पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**फॉलोअप**

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- भाजपा विधायक व उनके बेटे पर जमीन हड़पने का मामला
- आरएसएस के बड़े पदाधिकारी तक भी पहुंच चुका है मामला

**अमृत विचार।** शहर के नई कालोनी कृष्ण बिहारी नगर निवासी सीमा शिवहरे पत्नी गिरजा शंकर ने एक विधायक व उनके बेटे पर उनके प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। मामले की शिकायत डीएम से लेकर प्रधानमंत्री तक की गई लेकिन अब तक सत्ता पक्ष के दबाव के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

पीड़ित महिला सीमा शिवहरे ने एक दिन पूर्व पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी दी थी कि एक विधायक व उनके बेटे द्वारा उन्हें धमकी दी जा रही है कि वह अपने ही प्लाट को छोड़कर भाग जाएं। यह भी कहा कि यह प्लाट उनके घर के बगल में है और उसकी उन्हें जरूरत है। इसका कब्जा व इस्तेमाल वही करेंगे और धमकी दी कि ऐसा न करने पर झूठे मुकदमों में फंसाकर पूरे परिवार को जेल भिजवा देंगे। पीड़िता ने बताया कि जब उसने ऐसा करने से मना कर दिया तो उसके प्लाट की तीन फुट जमीन पर जबरन बाउन्ड्री कराकर अपने हाते के अन्दर करवा लिया। पीड़िता ने बताया कि अपने परिवार के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कैबिनेट सचिव, डीएम को पत्र भेजकर अवगत कराया है। बता दें कि सत्ता पक्ष के दबाव के चलते पुलिस ने अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। चर्चा है कि पुलिस मामले में कार्रवाई करती है तो मामला उछलेगा और ऐसे में चुनाव के समय सत्ता पक्ष की किरकिरी भी हो सकती है। हालांकि पूरे मामले की जानकारी आरएसएस के एक बड़े पदाधिकारी तक पहुंच चुकी है।

# बाइकों की टक्कर में दंपति समेत पांच लोग हुए घायल

संवाददाता बिंदकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** दो बाइकों की टक्कर में दंपति समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चार लोगों की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया।

रविवार दोपहर में बिंदकी भवानीपुर मार्ग में जय गुरुदेव मंदिर के पास दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक में सवार राहुल व उसकी पत्नी कंचन देवी निवासी कोरवा कोतवाली बिंदकी और दूसरी बाइक में सवार कानपुर शहर के थाना




मोहल्ला कल्यानपुर निवासी भोलू पुत्र विक्रम, कुंदन पुत्र महावीर और अंकित घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। अस्पताल से डाक्टर ने राहुल, कंचन देवी, भोलू और अंकित की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सार-संक्षेप

**भीषण गर्मी के बावजूद कम नहीं हुई अंग्रेजी शराब की खपत**

**फतेहपुर।** पारा 39 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चल रहा है, लेकिन इस बार अंग्रेजी शराब की बिक्री शबाब पर है। आम तौर पर जैसे ही गर्मी बढ़ती है तो बीयर की बिक्री अधिक व अंग्रेजी शराब की ब्रिकी कम हो जाती है। लेकिन इस बार जिले में अंग्रेजी शराब की ब्रिकी पर अब तक असर नहीं पड़ा है। इसका बड़ा कारण चुनाव है या कुछ और यह तो कोई खुलकर नहीं बोल रहा है,



लेकिन आबकारी विभाग के अफसर अप्रैल के राजस्व से संतुष्ट हैं। सर्दी के दिनों में अंग्रेजी शराब का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ता है। जिले में रोजाना करीब 90 लाख रुपये की अंग्रेजी शराब बिकती है। इसी तरह 80 लाख की देसी शराब और बीयर करीब 30 से 35 लाख रुपये की बिकती है। होली के बाद गर्मी बढ़ने के साथ जब पारा चढ़ने लगता है तो अंग्रेजी शराब की बिक्री कम होकर लगभग 50 लाख तक की रह जाती है। वहीं, बीयर की बिक्री बढ़कर 75 से 80 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। यही कारण था कि पिछले साल आबकारी विभाग ने गर्मी में अंग्रेजी शराब का राजस्व कोटा कम किया था जबकि बीयर का बढ़ा दिया था। वहीं, सर्दी में अंग्रेजी शराब का कोटा बढ़ाया और बीयर का कम किया गया था। इस बार पारा चढ़ने के बाद भी अंग्रेजी शराब की बिक्री कम नहीं हुई है। अप्रैल में प्रतिदिन औसतन राजस्व 71 से 78 लाख रुपये के बीच रहा है। हालांकि बीयर की मांग सर्दी की अपेक्षा बढ़ी है। इसे लेकर आबकारी विभाग के अफसर खुश भी है। पिछले दिनों आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह के सामने शराब की बिक्री आंकड़ा प्रस्तुत किया गया था।

**यह भी हो सकता है कारण :** मार्च में आचार संहिता लागू हो गई। इसके बाद भले ही प्रत्याशी घोषित न हुए हों, लेकिन पार्टियां जारी रहीं। यही कारण है कि अप्रैल में नवरात्र के बाद भी अंग्रेजी शराब की बिक्री में कमी नहीं आई है। हालांकि इस पर अधिकारी कुछ बोल नहीं रहे हैं।



भंडारे में कन्याओं को कराया गया भोज। अमृत विचार

**धूमधाम से मनाया गया पीतांबरा देवी का द्वितीय वार्षिकोत्सव**

**बिंदकी।** पीतांबरा देवी के द्वितीय वार्षिक उत्सव के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व क्षेत्र से आए तमाम लोगों ने बगलामुखी पितांबरा देवी के दर्शन किए और पूजा आरती किया। वहीं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मोहल्ला नजाही बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में रविवार को बगलामुखी पितांबरा देवी के दूसरे वार्षिक उत्सव के मौके पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर व क्षेत्र से आए लोगों ने बगलामुखी पितांबरा देवी तथा राम जानकी के दर्शन करके धन्य हुए। बताया जाता है कि राम जानकी मंदिर स्थित बगलामुखी पितांबरा देवी के जो भी भक्त दर्शन करता है और मन्नत मांगता है देवी उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती है। विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। मंदिर के महंत स्वामी उदय दास ने बताया कि राम जानकी मंदिर प्राचीन मंदिर है और इसमें स्थापित बगला मुखी पीतांबरा देवी का विशेष महत्व है। इस मौके पर समाजसेवी कर्मेंद्र सिंह, शिक्षिका नीलम सिंह भदौरिया, संतोष देवी, अंजली देवी, गार्गी सिंह, महेश कुमार सिंह सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

**मनमानी** | अभिभावकों ने स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने की उठाई मांग

# कमीशन की पुस्तकों से जेब पर डाल रहे डाका

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** नए शिक्षा सत्र में अभिभावकों की कमर टूटती नजर आ रही है। अपने पाल्यों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए पब्लिक स्कूलों की चमक दमक में अभिभावक फंस रहे हैं। बच्चे के प्रवेश में मोटी रकम भरने के बाद उनकी कापी किताबों में लम्बा खर्च करना पड़ रहा है। खासकर जूनियर स्तर तक के पब्लिक स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। जिसमें प्रकाशक और दुकानदारों से कमीशन संचालक उठा रहे हैं। महंगे दामों में बेची जा रही कापी किताबों से अभिभावक खासे परेशान हो रहे हैं।

शहर समेत जिले के बड़े कस्बों में जहानाबाद, बिंदकी, खागा, बहुआ, गाजीपुर आदि में संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबों को



पाठ्यक्रम में शामिल किया जाता है। जिससें महंगे दामों में खरीद कर अभिभावक लुट रहे हैं। प्राइवेट विद्यालय संचालकों के इस रवैए से अभिभावकों में भी काफी रोष व्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगना बेहद जरूरी है। पहले पास होने वाले बच्चों की किताबें लेकर गरीब और साधन विहीन छात्र भी पढ़ लेते थे लेकिन स्कूलों की मनमानी ने उनसे यह हक भी छीन लिया।

खास बात यह कि सब कुछ जानकर भी जिम्मेदार खामोश रहते हैं। उनके दावे केवल जुबानी होते हैं। कार्रवाई नहीं होती। अगर ऐसा होता तो स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान नहीं होते। हर साल किताबों को बदल देना आम बात हो गई है और इस पर कोई अंकुश भी नहीं लगाया जाता है।

### नहीं लागू की जाती हैं एनसीईआरटी की पुस्तकें

शासन द्वारा एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें स्कूलों में लागू करने का फरमान शिक्षा माफिया के सामने बौना नजर आता है। इंग्लिश मीडियम एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय अभिभावकों को अपने विद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम की पुस्तकों की लिस्ट अभिभावकों को थमाते हुए पहले से ही सेट बुक सेलर की दुकान भेज देते हैं। जहां पर अभिभावकों से ज्यादा कीमत वसूलते हुए बुकसेलर भारी मुनाफा कमाते हैं।

### पहले से तय दुकानों में ही मिलती हैं पुस्तकें

विद्यालयों में प्रकाशकों से पहले ही तयशुदा कमीशन विद्यालय संचालक वसूल लेते हैं। खास यह है कि यदि आपके बच्चे के लिए विद्यालय द्वारा लिखी गई किताबें किसी दूसरे दुकानदार से लेना चाहेंगे तो नहीं मिलेंगी। कारण कि विद्यालय संचालक अपनी छात्र संख्या के आधार पर प्रकाशकों से कमीशन वसूल कर बुकसेलर की भी सेटिंग कर लेते हैं। बच्चों का भविष्य निखारने की गरज से अभिभावक न चाहते हुए भी खुद ही लुटने के लिए तैयार हो जाते हैं।

यदि विद्यालयों द्वारा ऐसा किया जा रहा है तो गलत है। ऐसे किसी विद्यालय की अभिभावकों की ओर से शिकायत आती है तो निश्चित है कि जांच कराई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।

–पंकज यादव, बीएसए

# इंटर कॉलेज के शिक्षकों के बीच जमकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- भ्रष्टाचार का आरोप लगाने पर हुआ था विवाद
- मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** खागा क्षेत्र में एक इंटर कालेज में मिड-डे-मील को लेकर फैले भ्रष्टाचार व रकम के हेरफेर को लेकर स्कूल के शिक्षक आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले और मारपीट होती रही। मारपीट में तीन शिक्षक घायल हो गए। घटना की तहरीर दोनों ओर से पुलिस को दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

खागा के एक इंटर कॉलेज से यह मामला सामने आया है। मिड-डे मील से जुड़ा भ्रष्टाचार का यह मामला मारपीट तक जा पहुंचा। छात्रों के सामने ही शिक्षकों के बीच मारपीट होती रही। जिसमें तीन शिक्षक घायल हुए हैं। शिक्षक सुनील सिंह का आरोप है कि सत्र 2023-24 के दौरान और वर्तमान सत्र में स्कूल के छात्रों से अवैध रूप से वसूली करवाई जा रही है। यही नहीं, न तो मध्याह्न भोजन बनवाया जाता है केवल उसके एवज में लाखों की रकम की हेराफेरी की जा रही है। जब यह बात सुनील ने साथी शिक्षक संदीप से की तो दोनों में कहासुनी शुरू हो गयी। इसी को लेकर दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। साथी शिक्षकों ने उन्हें अलग किया। शिक्षक सुनील सिंह ने इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। शिक्षक सुनील सिंह का आरोप है कि पिछले सत्र और वर्तमान सत्र में छात्रों से अवैध वसूली के साथ बिना मिड डे मील बनवाने में करीब दस लाख रुपये की हेराफेरी की गई है। मामले में कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों ओर से तहरीर दी गई है, सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जानकारी जुटाई जा रही है।

# यूनियन बैंक में आग से लाखों का हुआ नुकसान

## शॉर्ट सर्किट होने से हुआ हादसा, कंप्यूटर, फर्नीचर जलकर नष्ट

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से पाया काबू
- रविवार का अवकाश होने से नहीं हुई कोई जनहानि

**अमृत विचार।** यूनियन बैंक शाखा में संदिग्ध हालात में आग लग गई। रविवार का अवकाश होने से कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन लाखों का नुकसान हुआ है। ऊंची-ऊंची लपटें देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

थाना ठठिया के पट्टी गांव मे यूनियन बैंक शाखा खुली है। रविवार को अवकाश के चलते बैंक बंद था। सुबह करीब दस बजे बैंक शाखा से अचानक धुआं निकलने लगा। थोड़ी ही देर में ऊंची-ऊंची लपटें निकलते देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी।


यूनियन बैंक में आग लगने के बाद निकलतीं लपटें। अमृत विचार

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आसपास के निजी संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश करने लगी। थोड़ी देर में आयी दमकल की एक गाड़ी आग बुझाने में नाकाम साबित हुई तो दो गाड़ियां और बुलाई गयीं। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से लाखों रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।

# मामूली कहासुनी में भाई के सीने में घोंपा चाकू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पुत्र ने चाचा के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- पुलिस ने आरोपी की तलाश में मारे छापे

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के गांव दरियापुर पट्टी में मामूली कहासुनी को लेकर अधेड़ ने भाई के सीने में चाकू घोंप कर जान से मार देने का प्रयास किया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली के गांव दरियापुर पट्टी निवासी रामचंद्र पुत्र मथुरी शनिवार की शाम पांच बजे के करीब गांव में था। इसी बीच भाई मान सिंह किसी बात से नाराज होकर उसके पास पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। उसने जब गाली देने से मना किया तो मान ने जान से मारने के इरादे से चाकू से हमला बोल दिया। चाकू का वार उसके सीने में किया जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। यह देख गांव में



अफरा तफरी मच गई। जानकारी पर पुत्र करन मौके पर पहुंचा और पिता को उठा कर पहले कोतवाली लाया। यहां से पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले में करन ने चाचा मान सिंह पुत्र मथुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जानकारी पर कोतवाली के इंसपेक्टर दिग्विजय सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दी पर वह फरार हो गया।

# शराबी भाइयों ने काटा हंगामा होमगार्ड की वर्दी नोच डाली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पड़ोसी के मकान पर फेंके पत्थर, मकान मालिक घायल
- कोतवाली में पुलिस से की गाली-गलौज, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के मोहल्ला अकबरपुर सराय घाघ में शराबी भाइयों ने मोहल्ले में हंगामा काटा। पड़ोसी के मकान पर पत्थर बरसाये, जिससे गृहस्वामी घायल हो गया। कोतवाल के निर्देश पर पकड़ने गये होमगार्डों से अभद्रता कर वर्दी नोच ली। किसी तरह एक को होमगार्डों ने पकड़ लिया। कोतवाली में पकड़ कर लाये गये शराबी ने पुलिस से भी गालीगलौज की।

सदर कोतवाली के मोहल्ला अकबरपुर सराय घाघ निवासी राजू दुबे शराब के नशे में शनिवार की रात करीव नौ बजे मोहल्ले के निवासी धीरेंद्र दुबे के मकान के बाहर उनकी पत्नी वंदना दुबे को गाली दे रहा था। जब उसने गाली देने से मना किया तो मकान पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इससे धीरेंद्र की अंगुली में चोट लग गई।


शराबी युवक को पकड़े होमगार्ड।

इसके बाद परिजन दरवाजा बंद कर घर चले गये। सुबह इसी बात को लेकर राजू व उसके दो अन्य भाइयों ने शराब के नशे में हंगामा शुरू कर दिया। वंदना व पति धीरेंद्र दुबे को गालियां दीं। पत्थर भी फेंकने लगे। सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई तो कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह के निर्देश पर सिपाहियों के चुनाव ड्यूटी में जाने से होमगार्ड जवान दिनेश व शिवशंकर को शराबी को पकड़ने के लिये भेजा गया। होमगार्डों ने जब राजू को रोकने का प्रयास किया तो नशे में तीनों भाइयों ने पहले तो होमगार्डों से अभद्रता की।

जब उनको पकड़े के लिये होमगार्ड आगे बढ़े तो तीनों भागने लगे। इसी बीच होमगार्डों ने राजू को पकड़ लिया। इस पर राजू ने होमगार्ड से अभद्रता की और वर्दी नोच ली। उनकी नेम प्लेट व शोल्डर प्लेट टूट गई। होमगार्ड राजू को पकड़ कर कोतवाली लाये तो यहां भी उसने मारपीट की। पुलिस व होमगार्डों को गालीगलौज की। वंदना दुबे ने सदर कोतवाली में राजू दुबे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# सर्राफा व्यापारी ने दर्ज कराई चोरी की रिपोर्ट

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के जीटी रोड स्थित सर्राफा की दुकान से युवक सोने के पैंडल लेकर फरार हो गया था। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी अभिषेक कौशल पुत्र महेश चन्द्र कौशल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपनी जीटी रोड स्थित सर्राफा की दुकान पर बैठा था। तभी मुह में मास्क लगाए अज्ञात व्यक्ति आया और सोने के पैंडल दिखाने की बात कही। जिस पर उसने लगभग छह सोने के पैंडल उसके सामने रख दिए। इसी बीच युवक ने पैंडल की फोन से फोटो खींची और किसी के पास भेजकर बातचीत करने लगा। वह दुकान पर अन्य काम में लग गया। इसी बीच युवक चकमा देकर तीन पैंडल उठाकर भाग निकला। दुकानदार ने आनन फानन आसपास के लोगों को जानकारी दी और उसका पीछा किया। रास्ते में उसे सोने का एक पैंडल पड़ा मिल गया। जबकि युवक दो पैंडल लेकर फरार होने में सफल रहा। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, चालक की मौत

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- खेत से भूसा भरने जाते समय रास्ते में हो गया हादसा

**अमृत विचार।** ग्राम धनसिंहपुर निवासी एक युवक अपने खेत से भूसा भरने के लिए ट्रैक्टर ले जाते समय हादसे का शिकार हो गया। संतुलन बिगड़ने पर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और उसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धनसिंहपुर निवासी गणेश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र पवन कुमार रविवार को ट्रैक्टर ट्राली लेकर खेत में पड़ा भूसा भरने के लिए जा रहा था। रास्ते में किसी प्रकार ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रॉली सहित पलट गया। इस दौरान पवन ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद किसानों


पवन कुमार।

की मदद से उसे निकलकर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक की मां अर्चना देवी तथा भाई रमन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### हरदोई रोड पर ट्रक पलटा, चालक घायल

**कन्नौज।** बिलग्राम जनपद हरदोई से किशनपुर खदान मध्य प्रदेश जा रहा ट्रक हरदोई-कन्नौज मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बख्सीपुर्वा के निकट पहुंचा। इसी दौरान एक बाइक सवार सामने आ गया। इसे बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। परिचालक ने तो किसी तरह छलांग लगा कर जान बचाई पर इस दुर्घटना में कुसमरा जनपद हमीरपुर निवासी चालक राजेश कुमार (27) पुत्र कल्लू घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने परिचालक की मदद से उसे ट्रक से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल भेजा।

## किशोरियों को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एक गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि एटा के जैथरा ग्राम अमितपुर निवासी रोहित चार मई की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री को भगा ले गया।

जानकारी पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि तिर्वा कोतवाली के ग्राम भुगैतापुर निवासी सतेन्द्र पांच मई की सुबह उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका भी पता नहीं लग सका। पुलिस ने दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गैरहाजिर छात्रों के घर जाएगी बुलावा टोली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- परिषदीय विद्यालयों में 75 फीसदी से अधिक उपस्थिति जरूरी
- बीईओ हर महीने तीन गांव की शिक्षा चौपाल में जाएंगे

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं की हाजिरी 75 फीसदी से अधिक रखने के लिए गाइड लाइन जारी हो गई है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कहा है कि एक से तीन दिनों तक लगातार गैरहाजिर रहने वाले बच्चों के घर बुलावा टोली के जरिए होम विजिट कराया जाएगा। छह या इससे अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहने पर प्रधानाध्यापक बच्चे के घर पहुंचेंगे। बच्चे के स्कूल में वापस आने तक निरंतर अनुसरण होगा।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किए पत्र में कहा है कि जो छात्र-छात्राएं निरंतर गैरहाजिर रहेंगे उनके लिए पुनरावृत्ति कक्षाएं यानि रिवीजन होगा। ब्लॉक वार व जनपद के सर्वोच्च एवं न्यूनतम हाजिरी वाले 10-10 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के नाम व विद्यालयवार बच्चों की हाजिरी वाले नाम प्रत्येक माह ब्लॉक व बीएसए कार्यालय के बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएंगे। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की हाजिरी 75 फीसदी या अधिक का लक्ष्य रखा गया है। कम हाजिरी पर भाषाई एवं गणितीय दक्षताओं एवं कक्षानुरुप दक्षताएं पाने में बाधा होती है। पत्र में कहा गया है कि इसके साथ ही बच्चों के ड्रॉप आउट व आउट ऑफ स्कूल हो जाने का भी कारण बनता है। अभिभावकों को निशुल्क मिड-डे मील व किताबें और यूनिफार्म आदि के लिए मिलने वाले 1200-1200 रुपये के बारे में बताया जाए और बच्चों को स्कूल नियमित भेजने को कहा जाए। कुछ अभिभावक घरों में छोटे बच्चों की देखभाल की समस्या बताएंगे इसके लिए छह साल से कम उम्र के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचाकर प्रवेश कराएंगे। इससे दोनों बच्चों को शिक्षा मिल सकेगी। हर महीने तीन स्थानों पर शिक्षा चौपाल लगेगी। इसमें बीईओ भी पहुंचेंगे।

### स्कूलों के योग्य शिक्षकों के बारे में बताएंगे

महानिदेशक के पत्र में कहा गया है कि शिक्षक, एआरपी, एसआरजी, जिला समन्वयक व शिक्षा अधिकारी भी बच्चों के होम का विजिट करेंगे। प्रधान, अभिभावक व अन्य लोगों को विद्यालय की खासियत व योग्य शिक्षकों के बारे में बताएंगे। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी देंगे। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में भी सहयोग लिया जाए।

### अधिक अनुपस्थिति वाले गांव में शिक्षा चौपाल

बीईओ के नेतृत्व में हर महीने ब्लॉक क्षेत्र के तीन ग्रामों में शिक्षा चौपाल लगेगी। यह चौपाल वहां की जाएगी जहां बच्चों की अनुपस्थिति व अनियमित उपस्थिति का प्रतिशत अधिक हो। गर्मी व सर्दियों की छुट्टियों में लर्निंग ऐट होम को बढ़ावा देने के लिए गृह कार्य व प्रोजेक्ट कार्य दिया जाए। अभिभावकों से भी संपर्क रखा जाए।

## कम उम्र में विवाह से बर्बाद हो जाता जीवन

**कन्नौज।** अक्षय तृतीया 10 मई को है। इस दिन कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर बाल विवाह कराए जाते हैं। इसे रोकने के लिए अधिकारियों ने जागरुकता अभियान शुरू कर दिया है। डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में संरक्षण अधिकारी विजय राठौर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शादी के लिए लड़की की न्यूनतम उम्र 18 व लड़के की 21 वर्ष होनी चाहिए। इससे कम उम्र या बाल विवाह करना अपराध है।

संरक्षण अधिकारी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी बताया। कहा, इस नंबर पर प्रयोग बाल विवाह रोकने के लिए किया जा सकता है। चाइल्ड लाइन से प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर तौसीफ ने बताया कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। परामर्शदाता छाया ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह को बाल विवाह कहा जाता है इसके कई दुष्परिणाम होते हैं। प्रधानाचार्य मसरूर अहमद ने कहा कि कम उम्र में विवाह करने से जीवन बर्बाद हो जाता है। बाल संरक्षण इकाई से पहुंचे अजीत ने विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराया।

# लिफ्ट देकर बाइक सवारों ने वृद्ध के साथ की टप्पेबाजी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- पार कर दिए 13 हजार रुपये 12 घंटे में धरे गए दोनों आरोपी

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी आए वृद्ध को बाइक सवारो ने लिफ्ट देकर उसकी जेब से 13 हजार रुपये पार कर दिए और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम की बरामदगी की है।

कानपुर देहात के थाना डेरापुर के गांव मुर्रा निवासी सुखलाल पुत्र गोविंद अपनी पुत्री की ससुराल ठठिया थाना के अड्डापुर्वा गांव आया था। वह घर से शनिवार की शाम को दाढ़ी बनवाने के लिए नाई की दुकान पर गया। वहां से आते समय रास्ते में दो बाइक सवार मिले और झांसा देकर बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद उसकी जेब से 13040 रुपये निकाल लिए और बाइक से उतारकर फरार हो गए। पीड़ित ने ठठिया थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

पुलिस ने नहर पुल ग्राम अड्डापुर्वा के पास से घटना में प्रयुक्त काली मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस के साथ गिरफ्तार कर चोरी गये 12320 रुपये बरामद किये। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने अपने नाम अनार सिंह पुत्र बालकराम यादव व गजेन्द्र सिंह पुत्र वीरभान निवासीगण ग्राम सरौली थाना ठठिया जनपद बताए। आरोपियों ने बताया कि वे खैरनगर मार्केट में नाई की दुकान पर गये थे। वहां पर सुखलाल शेविंग बनवा रहा था।

उसने जेब से रुपये निकालकर नाई को दिये। उन लोगों ने रुपये देख लिये तो दुकान से पहले निकल गये। जैसे ही सुखलाल अपने नाती के साथ रोड पर आया तो उससे कहा कि योगेन्द्र के मामा जयवीर खैरनगर तिराहे पर बुला रहे हैं। यह कहकर उसे मोटरसाइकिल पर बैठा लिया और खैरनगर पुलिया पर उसकी जेब से अनार सिंह ने 13040 रुपये निकाल लिये थे। फिर सुखलाल को उतार कर भाग गये। खाने पीने में 720 रुपये खर्च कर लिये ।

# सद्गुरु दिखाते हैं प्रभु को पाने की राह

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा देवेंद्र ने बताया कि जब इंसान संकट में आता है तब उसे भगवान की याद आती है। जब वह सुखों के साथ होता है तब प्रभु को भूल जाता है। संतों का कहना है कि यदि सुख में प्रभु का सुमिरण किया जाए तो दुख नजदीक आ ही नहीं सकता है। सतगुरु ही परमात्मा को देखने की दृष्टि देता है।

बताया कि जिस प्रभु ने मनुष्य को जन्म दिया, वह किसी न किसी रूप में इंसान को अपने होने की प्रेरणा भी देता रहता है। पर इंसान इसे समझ नहीं पाता है। इंसान पैदा हुआ, ताकि


सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा देवेन्द्र। अमृत विचार

- महात्माओं ने संत निरंकारी सत्संग में बताईं ज्ञान की बातें

ईश्वर को ढूंढे। ईश्वर हममें से दूर नहीं, क्योंकि इसी में हम सब चलते फिरते है। यदि उसकी मर्जी न हो तो इंसान कुछ भी नहीं कर सकता है। जीवन में गुरु अति आवश्यक है। गुरु की शरण में जाने से मनुष्य के अंदर सहनशीलता, सरलता जैसे दिव्य गुनों का समावेश होता है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन कुमार, अशोक कुमार, विश्राम सागर, लालाराम, योगेंद्र सिंह, राकेश, रामावतार, मालती, आरती, मिथिलेश सहित सत्संगी मौजूद रहे।

### गर्भवती के साथ मारपीट

**कन्नौज।** थाना ठठिया के रामपुर गांव निवासी सपना पत्नी गोविंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पुत्र ने स्कूल पास खड़े पेड़ से आम तोड़ लिया। इस पर गांव के नबाब, पवन, विकास ने पुत्र के साथ मारपीट कर दी। शिकायत करने गई तीनों के अलाव माया, रोशनी, पंकज ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वह दो माह की गर्भवती भी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 216 मरीजों का परीक्षण कर वितरित कीं दवाएं

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मोहल्ला लाहौरी टोला स्थित गौसिया मस्जिद के पास रविवार को फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 216 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में फर्रुखाबाद से आए डॉ. अफनान अली व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित कटियार ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। कमेटी के अध्यक्ष अनस हुसैन वास्ती ने बताया कि शाम तक 216 मरीजों का परीक्षण किया गया।


चिकित्सा शिविर में मरीजों का परीक्षण करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

**खुशखबरी** लोवोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे उपभोक्ता, आठ दिन बाद काम करने लगेगा नया ट्रांसफार्मर

# मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ट्रांसमिशन सेंटर मकरंदनगर की क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। यहां पर नया 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है। एक सप्ताह में इसे पूरी तरह से चालू कर दिया जायेगा। इसके बाद लोगों को इसी से बिजली मिलने लगेगी। उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी।


मकरंदनगर सेंटर में ट्रांसफार्मर स्थापित करते इंजीनियर व कर्मचारी।

मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर में लंबे समय से क्षमता वृद्धि के लिये हो रहा प्रयास एक वर्ष बाद पूरा होने जा रहा है। रविवार को 40 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर यहां स्थापित कर दिया गया है। इससे पहले यहां पर 63-63 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे थे पर अधिक उपकेंद्र होने से बिजली कटौती कर दी जा रही थी। इसी को देखते हुए ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजा गया था। इसे शासन से पास कर दिया।

बीते वर्ष यहां पर क्षमता वृद्धि के लिये 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर भेजा गया। यह लग नहीं सका क्योंकि यहां पर मकरंदनगर उपकेंद्र के 10-10 एमवीए के ट्रांसफार्मर रखे थे। अब उपकेंद्र के दोनों ट्रांसफार्मर दूसरे स्थान पर स्थापित कर दिये गये। खाली हुई जगह पर रविवार को 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके चालू हो जाने से मकरंदनगर ट्रांसमिशन की क्षमता 166 एमवीए हो जायेगी। इससे आधे जिले को भरपूर बिजली मिलेगी। ट्रांसमिशन जेई अखिलेश कुमार का कहना है कि क्षमता वृद्धि के लिये लगाया गया ट्रांसफार्मर एक सप्ताह में पूरी तरह से सक्रिय कर दिया जायेगा। इसके बाद काम करने लगेगा।

### इन उपकेंद्रों को यहां से मिलती बिजली

जिला मुख्यालय के ट्रांसमिशन सेंटर से विद्युत उपकेंद्र मकरंदनगर, अकबरपुर सराय घाघ, पुलिस लाइन चौधरियापुर, मोचीपुर, मानपुर, वेहरिन, तिर्वा, मेडिकल कॉलेज, इंदरगढ़, जिला अस्पताल, ठठिया, जसोदा पंप कैनाल को बिजली जाती है।

## छिबरामऊ ने कुंवरपुर को 37 रनों से हराया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगला महुआ में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें मैच में ग्राम कुंवरपुर की टीम को 37 रनों से हराकर छिबरामऊ की टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजीत यादव, अजमेर राजपूत, अजीत राजपूत, सुधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र राजपूत व शिशुपाल सिंह ने बताया कि पांचवां मैच रविवार को छिबरामऊ और ग्राम कुंवरपुर के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए छिबरामऊ ने निर्धारित 12 ओवरों में 136 रनों का लक्ष्य रखा, जबाब में खेलने उतरी कुंवरपुर की पूरी टीम महज 99 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। इस तरह छिबरामऊ की टीम ने 37 रनों से मैच जीत लिया और तीन विकेट लेकर 32 रन बनाने वाले विशाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# दो दिन राहत, पारा फिर 42 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- छह किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं गर्म हवाएं
- मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर पहले ही किया था अलर्ट

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ कम हुआ तो तापमान फिर उछाल मारने लगा। भगवान भाष्कर भी रौद्र रूप दिखाने लगे हैं। उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही गर्म हवाओं ने दोपहर में लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। मौसम विभाग ने मई के पहले सप्ताह में हीटवेव को लेकर पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था।

रविवार को भी सूरज का रौद्र रूप देखने को मिला। पारा 42.5 डिग्री तक पहुंचा। दिन में दहकते सूरज ने आग उगली। लू के थपेड़ों ने भी लोगों को बेहाल कर दिया। पशु-पक्षी तक पानी के लिए भटकते रहे। न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री रहा। घरों के अंदर लोगों ने गर्मी से बचने के लिए पंखे और कूलर का सहारा लिया लेकिन इनसे भी गर्म हवा ही


शहर के मुख्य मार्ग पर तेज धूप में कुछ इस तरह निकलीं युवतियां।

मिली। चिलचिलाती धूप में गर्म हवा के झोंके लोगों के चेहरे को झुलसाते रहे। सड़कों पर चलने वाले लोगों ने गमछे आदि से मुंह और सिर को ढक कर गर्मी से बचाव किया। शाम को धूप कम हुई तो घरों में तपती दीवारों और उमस से लोग परेशान रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मई में इस बार अधिक गर्मी पड़ने तथा लू चलने की संभावना है। सोमवार को आसमान में बादल होने के कारण तापमान में कुछ गिरावट होने का अनुमान है। सात से 12 मई के बीच तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

# महंगाई-बेरोजगारी को लेकर कसौटी पर कसेगी जनता

परिचर्चा

संवाददाता, गुरसहायगंज, जलालाबाद

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव को लेकर 13 मई को होने वाले मतदान के महापर्व को लेकर लोगों में बेहद उत्साह है। जनता के बीच में वहीं केंद्र व प्रदेश की सरकारों के द्वारा कराए गए कार्यों को लेकर अलग-अलग राय है। सरकार के कार्यों से जहां तमाम लोग संतुष्ट नजर आ रहे हैं तो कई ने सरकार पर महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी सहित विकास कार्य न कराने के भी आरोप लगाए हैं। अब जनता तमाम मुद्दों की कसौटी पर जनप्रतिनिधि और सरकार दोनों को कसने के बाद ही अपने वोट से इसका जवाब देगी। अमृत विचार के संवाददाता ने जब आम मतदाताओं से बात की तो लोगों के अलग-अलग विचार सामने आए-

## बोले मतदाता

### वोट लेने के बाद नजर नहीं आते नेता



ग्राम डम्मरपुर्वा निवासी अनिल कुमार यादव का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों का वोट लेने के लिए आना लगा रहता है। वोट लेने के पश्चात कोई भी जनप्रतिनिधि जन समस्याओं की सुध नहीं लेता है। अबकी बार जो जनप्रतिनिधि बिजली, पानी सड़क आदि की समस्याओं को प्राथमिकता देगा हमारा वोट उसी को जाएगा।

### किसानों का हित करे उसको ही देंगे वोट



ग्राम डम्मरपुर्वा के ही सुरेश यादव कहते हैं कि सरकार ने अन्ना मवेशी को संरक्षित करने के लिए आश्रय स्थल तो बनाए हैं लेकिन जिम्मेदारों ने अपना काम ईमानदारी से नहीं किया। अन्ना मवेशियों का आतंक बना रहा। किसानों को रात-रात भर जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ी है। भारी नुकसान भी झेलना पड़ा है। जो किसानों के हित की बात करेगा वोट उसी को जाएगा।

### आलू-मक्का आधारित उद्यम न लगने की पीड़ा



ग्राम महवई रिहायक निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र आलू और मक्का की फसल के लिए देश व प्रदेश में पहचान बनाए हुए है। इसके बाद भी सरकार ने आलू व मक्का से निर्मित उत्पाद के लिए क्षेत्र में कोई भी उद्योग नहीं लगाया। जिससे किसानों को फसल का वाजिब दाम और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार मिल जाता।

### विकास करे जो उसको ही देंगे मत



ग्राम मवई रिहायक निवासी संग्राम सिंह का कहना है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। वही जनप्रतिनिधि चुने जो विकास की बात नहीं बल्कि विकास कार्य करें। जाति, धर्म के नाम पर राजनीति करने वालो से होशियार रहे और अपना वोट देश के विकास और लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें।

### महंगाई पर लगाम लगाने वाली सरकार चाहिए



ग्राम अटारा निवासी ममता कनौजिया का कहना है कि भले ही केंद्र सरकार ने तमाम ऐतिहासिक फैसले लेकर देश का मान बढ़ाया लेकिन लगातार बढ़ रही महंगाई के कारण घर की रसोई चलाना अब दुश्वार हो गया है। मेहनत, मजदूरी करने वाले लोगों के सामने रसोई का बोझ उठाना मुश्किल है। जो सरकार बढ़ती हुई महंगाई पर लगाम लगाएगी उसी को हमारा वोट जाएगा।

### ऐसी सरकार हो जो दे युवाओं को रोजगार



ग्राम मवई रिहायक निवासी निखिल प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के युवाओं ने पुलिस भर्ती सहित परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था। नौकरी मिलने से पहले ही पेपर लीक होने के कारण परीक्षाएं निरस्त हो गई। इससे युवाओं का मनोबल भी टूटा है। इससे युवा बेरोजगार घूम रहे है। इस बार युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार चाहिए।

# वीवीपैट में अपलोड किए गए सिंबल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलेक्ट्रेट में ईवीएम की कमीशनिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वीवीपैट यानी वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रोल में चुनाव चिह्न अपलोड हो गए और पेपर रोल भी लग गया है। अब ईवीएम की कमीशनिंग के बाद परीक्षण किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर में पिछले दो दिन से चल रहा कमीशनिंग का काम 50 प्रतिशत पूरा हो गया है, जिसमें सोमवार की शाम तक खत्म करने की योजना है। इसके बाद राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की उपस्थिति में ईवीएम का मॉकपोल टेस्ट किया जाएगा।

रविवार को भी कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम की कमीशनिंग का काम किया गया। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज में करीब 500 कर्मचारियों ने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट की कमीशनिंग कर रहे हैं। कमीशनिंग का मतलब बैलेट यूनिट में मतपत्र को लगाना और उसे अंदर से सील करना है। इसमें कंट्रोल यूनिट को क्लीयर कर उसे बैलेट यूनिट से जोड़ना तथा सील करना, वीवीपैट में पेपर रोल को सेट कर उसे सील करने की प्रक्रिया में शामिल है।

इसमें संग्रह अमीन, लेखपालों सहित तहसील में कार्यरत कर्मचारियों को लगाया गया है। इसके अलावा कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट में बैट्री भी लगाई जा रही है। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर उमाकांत तिवारी ने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद बीयू, सीयू व वीवीपैट को बूथवार आवंटित कर दिया गया है।

### पांच प्रतिशत ईवीएम से कराया जाएगा मॉकपोल

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद 125 प्रतिशत बीयू व सीयू तथा 135 प्रतिशत वीवीपैट को बूथवार आवंटित कर दिया गया है। कमीशनिंग के बाद इनको क्रमवार लगाया जाएगा और राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की मौजूदगी में पांच-पांच प्रतिशत मशीनों से मॉकपोल टेस्ट कराया जाएगा। प्रत्याशी जो भी ईवीएम बताएंगे, उसी से मॉकपोल कराकर भौतिक परीक्षण किया जाएगा।

## एक नजर

### आठ मई को आएंगे गृह मंत्री अमित शाह



कन्नौज। भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में आठ मई को गृह मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करेंगे। तिर्वा स्थित अन्नपूर्णा मंदिर मैदान में जनसभा को लेकर तैयारी चल रही है। मैदान में पंडाल व बैरिकेडिंग का काम कराया जा रहा है। रविवार को भाजपा नेताओं ने तैयारी को लेकर जनसभा स्थल का जायजा लिया। फिलहाल कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।

### युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

तिर्वा, कन्नौज। थाना ठठिया के पुरईपुर्वा गांव निवासी हरीराम पुत्र मनफूल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के कुशल पाल ने पिता पर गेहूं के गट्ठर चोरी का आरोप लगाया। जब उसने विरोध किया तो कुशल पाल, बलवीर, उदयवीर, रामऔतार ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गलत इलाज से महिला की मौत का आरोप

गुरसहायगंज, कन्नौज। मैनपुरी के थाना बेबर निवासी मुकेश चन्द्र गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह अपनी पत्नी जूली (33) को प्रसव के लिए नगर के रामगंज स्थित निजी अस्पताल में लाया था। जहां गलत उपचार के कारण उसकी पत्नी की मौत हो गई। युवक ने अस्पताल संचालक पर गलत उपचार व लापरवाही का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल


जसोदा, कन्नौज। रविवार की शाम लगभग 05 बजे बाइक से जा रहे इदंरगढ़ के ग्राम कुंवरपुर निवासी राहुल, कुलदीप व राजू को जेवा टोल प्लाजा के निकट तेज गति से आ रही स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। राहगीरों सहित स्थानीय लोगों ने घायलों को उठाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया।

# सैकड़ों बीएलओ बना दिए गए मतदान अधिकारी

## दोहरी ड्यूटी से हैं परेशान, 13 मई को मतदाता सूची व अन्य प्रपत्र लेकर बैठना पड़ेगा बूथों पर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज





बीएलओ सर्वेश कुमार व मुकेश को मतदान अधिकारी द्वितीय बनाने का आदेश।

**अमृत विचार।** जिले के सैकड़ों बीएलओ की दोहरी ड्यूटी लग गई है। उनको मतदान अधिकारी तृतीय व द्वितीय की जिम्मेदारी दे दी गई है। अब वह परेशान हैं कि घर-घर जाकर मतदाता पर्ची बांटें या वोट डलाएं। उससे पहले उनको प्रशिक्षण भी लेना है। कई कार्मिकों ने चुनाव का प्रशिक्षण नहीं लिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है जिससे बीएलओ परेशान हैं। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में बीएलओ मतदाता सूची समेत बस्ता लेकर अपने बूथ पर भी बैठते हैं। उनका मानना है कि अगर वह दूसरे बूथों पर चुनाव कराने गए तो बीएलओ की ड्यूटी कैसे होगी।

बेसिक शिक्षा के प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षामित्र व जूनियर विद्यालयों के अनुदेशक और बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विकास विभाग के तहत कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बीएलओ बनाया जाता है। कुछ स्थानों पर शिक्षकों को भी यह जिम्मेदारी मिल जाती है। लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के लिए मतदान कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन मई से शुरू हो गया है। बीएलओ के पास उनके कार्मिक बनने की ड्यूटी पहुंचीं तो वह परेशान हो गए। कारण, तहसील क्षेत्र से उनके पास मतदाता पर्चियां भेजी गईं हैं। आठ मई तक उनका घर-घर वितरण करना है। तीन से आठ मई तक चुनाव कराने का प्रशिक्षण भी लेना है। बीएलओ इन दिनों पर्चियां बांट रहे हैं। दिक्कत यह है कि आखिर वह क्या करें। विभागीय अधिकारियों के अलावा प्रशासनिक अफसरों के पास भी प्रार्थना पत्र देकर दूसरी ड्यूटी से मुक्त करने की मांग हो रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी विभागीय अधिकारियों को फोन कर दिशा-निर्देश मांग रहीं हैं।

### इनको बनाया मतदान अधिकारी

प्राथमिक स्कूल लोहामढ़ के शिक्षामित्र मुकेश सिंह पहले से ही बीएलओ हैं। उनको मतदान अधिकारी द्वितीय बनाया गया है। प्राथमिक स्कूल बहिदापुर के शिक्षामित्र व बीएलओ शिवराज सिंह को मतदान अधिकारी प्रथम बना दिया गया। प्राथमिक स्कूल तेरामल्लू के शिक्षामित्र महेंद्र पाल पहले से ही बीएलओ कार्य कर रहे हैं। उनको भी मतदान अधिकारी द्वितीय की जिम्मेदारी दे दी गई। प्राथमिक स्कूल जलालपुर पनवारा के प्रधानाध्यापक मोहित दुबे चिकित्सीय अवकाश पर हैं, उनकी ड्यूटी लगाई गई। जब वह प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे तो गैरहाजिरी सूची में नाम शामिल हो गया।

### गैरहाजिरी वाली सूची में कई बीएलओ

बताया जा रहा है कि चार मई को 14 मतदानकार्मिक प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहे। इसमें वह भी शामिल हैं जो पहले से ही बीएलओ हैं या निलंबित चल रहे हैं। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो बीईओ सदर विपिन कुमार ने बीएसए उपासना रानी वर्मा को पत्र भेजकर दो मई को 24 शिक्षक व शिक्षामित्रों को मतदान कार्मिक की ड्यूटी से मुक्त करने की मांग रखी थी। कहा है कि सूची में दो निलंबित शिक्षकों के अलावा सेवानिवृत्त, दिव्यांग, बीएलओ ड्यूटी, तबादला, चिकित्सीय अवकाश वाले कार्मिक लगा दिए गए हैं।

### अतिरिक्त ड्यूटी काटने की मांग

प्राथमिक स्कूल रमजनापुर के शिक्षामित्र सर्वेश कुमार ने 30 अप्रैल को उप जिला निर्वाचन अधिकारी को संबोधित पत्र दिया था। उसमें कहा कि विधानसभा क्षेत्र कन्नौज के भाग संख्या 149 टिकरा में वह बीएलओ का कार्य कर रहा है। इसके बाद भी विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ में मतदान अधिकारी तृतीय की ड्यूटी लगा दी गई है। अतिरिक्त ड्यूटी से मुक्त किया जाए। ड्यूटी न कटने से उनका गैरहाजिर वाली सूची में नाम आया, जिससे वह परेशान हो गए हैं।

मतदान वाले दिन बीएलओ को वोटर लिस्ट के साथ बूथ पर ही बैठना है। अगर उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारी या अन्य पद पर लगी है तो वह प्रार्थना पत्र देकर कटवा सकते हैं। मतदाता पर्ची बांटने का काम तीन मई से शुरू हो गया है। जो पर्ची बच जाएंगी वह संबंधित एसडीएम को वापस की जाएंगी। -बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

# गैरहाजिर आठ मतदान कार्मिकों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



ईवीएम के बारे में जानकारी देते मास्टर ट्रेनर गोपाल गुप्ता।

- सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों को भेजी चिट्ठी

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण में आठ मतदान कार्मिक नहीं पहुंचे। उनका मई का वेतन रोकने का आदेश हुआ है। साथ ही सोमवार को दोपहर की ट्रेनिंग में आने के लिए कहा गया है। सीडीओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने जारी किए पत्र में कहा है कि शहर के पुलिस लाइन के निकट एक निजी विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण में रविवार को दोनों पालियों में प्राथमिक स्कूल बढ़नपुर वीरहार के शिक्षामित्र श्याम दुबे, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज की सहायक अध्यापक अंजली, उच्च प्राथमिक स्कूल लालपुर पश्चिमी के सहायक अध्यापक अविनाश दोहरे, प्राथमिक स्कूल रायपुर के शिक्षामित्र शिवशंकर, उच्च प्राथमिक स्कूल अनीभोज के कर्मी फरहान खान, नगर पंचायत सिकंदरपुर के सफाईकर्मी रोहित व प्राथमिक स्कूल अमरौली के शिक्षामित्र मोहम्मद अख्तर खान नहीं पहुंचे। सभी के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-134 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया है। दूसरी ओर मास्टर ट्रेनर स्नेहलता द्विवेदी, शुचि पांडेय, पूनम पांडेय, सुरजीत तोमर, रोहित द्विवेदी, अनुराग शुक्ल, रश्मि द्विवेदी, सरिता गौतम व पूजा पांडेय ने कार्मिकों को मतदान कराने की बारीकियां बताईं।

# मैनपुरी में मतदान कल, शराब की बिक्री पर दो दिन रहेगी रोक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिलाधिकारी ने जारी की अधिसूचना, बॉर्डर पर बंद रहेंगीं दुकानें

**अमृत विचार।** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में कल मतदान होगा। जिले में बॉर्डर पर आठ किमी दायरे में शराब की बिक्री नहीं होगी। इस बाबत अधिसूचना जारी करते हुए लाइसेंस धारकों को सात मई को दुकानें बंद रखने के आदेश दिए हैं, साथ ही कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य निर्वाचन, उपनिर्वाचन हो तो उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर आठ किमी क्षेत्र में स्थित देशी व अंग्रेजी शराब, बीयर, मॉडल शाप, भांग एवं ताड़ी की दुकानों को 48 घंटे पहले बंद करने का नियम है। सात मई को पड़ोसी जनपद मैनपुरी में मतदान होगा, जिस पर जिला मजिस्ट्रेट मैनपुरी अविनाश कृष्ण सिंह के पत्र के आधार पर बॉर्डर पर स्थित देशी शराब हसनपुर, डडौनी, प्रेमपुर बाजार, सुल्तानपुर, घिलोई, माधौनगर, विशुनगढ़, अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान प्रेमपुर, विशुनगढ़ को मतदान समाप्ति तक बंदी के आदेश दिए गए हैं।

# सपा ने दिया धोखा, अब बदला लेने का समय

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



संबोधित करते स्वामी प्रसाद मौर्य।

- कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सपा, बसपा व कांग्रेस पर स्वामी प्रसाद ने किए तीखे प्रहार
- कहा- संविधान बदलकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती भाजपा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की सरकार में गुंडाराज हावी रहा, तो बसपा ने एक समुदाय विशेष को ही लाभ पहुंचाया। भाजपा सरकार संविधान को बदलकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। कांग्रेस पीछे से वार करती है, जबकि भाजपा सामने से। सपा ने उन्हें धोखा दिया है, इसलिए अब अखिलेश यादव से बदला लेने का समय आ गया है। रविवार को यह बात राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी आलोक वर्मा के लिए बुलाए गए कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कही।

शहर के फर्रुखाबाद रोड स्थित लोकभारती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सभागार में स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने खुलेआम लोधी समाज का वोट खरीदने की बात कही, जिससे साबित होता है कि भाजपा वोट के लिए कुछ भी कर सकती है। भाजपा सरकार ने बेरोजगारी को बढ़ाया तो सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया। सपा ने खुलेआम गुंडागर्दी को बढ़ाया। इसलिए अब देश की जनता इन पार्टियों के चाल चरित्र को जान चुकी है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शोषितों और वंचितों के साथ है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रधान महासचिव पूर्व सांसद डॉ. रामबख्श वर्मा, पार्टी संस्थापक साहब सिंह धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष कोरी सुभाष चंद्र लहरी, कोषाध्यक्ष अतर सिंह पाल कोषाध्यक्ष, बृजेश प्रजापति, परशुराम वर्मा प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय लोधी महासभा, विक्रांत राणा फर्रुखाबाद रहे।

## सार-संक्षेप



मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को विद्यार्थी परिषद की दस्तक

कन्नौज। जिले में लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 13 मई को है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी दुकानों व घरों पर दस्तक दे रहे हैं। शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को लेकर विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत इंदरगढ़ बाजार में वोटरों को जागरूक किया। दुकानदारों, राहगीरों को पत्रक वितरित कर उनको मतदान करने का संकल्प दिलाया। कार्यकर्ताओं ने इंदरगढ़ में ही बैठक भी की। इसमें टोलियों को क्षेत्र में भेजने पर भी चर्चा हुई। महाविद्यालय, ग्राम पंचायतों में भी कार्यकर्ता पहुंचेंगे और मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर नगर सह मंत्री शिवेंद्र प्रताप, यूवी पटेल, अविरल पांडे, अर्पित पटेल, गुलशन यादव, अंश पटेल, मयंक बघेल उपस्थित रहे।



जीटी रोड किनारे सरायमीरा में एक होटल में छापा मारती पुलिस।

### देर रात पुलिस ने खंगाले होटल

कन्नौज। लोक सभा चुनाव को लेकर शनिवार की देर रात पुलिस ने होटल खंगाले। सपाइयों का आरोप है कि जिन होटलों में सपा के नेता रुके उनमें ही छापेमारी की है। भले ही पुलिस को कोई अबैध सामान नहीं मिला है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी समर्थकों की ओर से कोई अवैध काम न किया जाये इसको लेकर शनिवार की देर रात सीओ सदर कमलेश कुमार की अगुवाई में कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने होटलों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को किसी तरह का गलत सामग्री नहीं मिली है। सपाइयों ने आरोप लगाये कि पुलिस ने जानबूझ कर उन होटलों में छापेमारी की जहां पर सपा के नेता रुके थे। जिस समय पुलिस ने जीटी रोड के किनारे एक नामी होटल में छापेमारी की उस समय सपा नेता चुनाव प्रचार की रणनीति बना रहे थे। इस दौरान सपा नेता हसीब हसन के अलावा कई अन्य सपाई मौजूद थे। पुलिस ने होटल के कमरों में पहुंच कर दराज के अलावा सूटकेस व बेड की जांच की।

आक्रोश — अगौस के मजरा डबहा गांव में काले झंडे व बैनर लगाकर किया विरोध

# विकास न होने से भड़के ग्रामीण, बोले-नहीं करेंगे मतदान

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



गांव के रास्ते में भरा कीचड़। अमृत विचार



विकास न होने पर चुनाव का विरोध करते ग्रामीण। अमृत विचार

- कई बार जनप्रतिनिधियों से लगाई जा चुकी है गुहार

**अमृत विचार।** तिर्वा तहसील क्षेत्र के अगौस का मजरा डबहा गांव में विकास कार्य न होने से नाराज ग्रामीणों ने काले झंडे व बैनर लगाकर मतदान न करने का फैसला लिया। इसको लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

तिर्वा तहसील क्षेत्र के अगौस का मजरा डबहा गांव आजादी के बाद से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां सड़क है और न जल निकासी के कोई इंतजाम। ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व आला अफसरों से सड़क व नाला निर्माण की फरियाद की लेकिन काम नहीं हुए। विकास कार्य न होने से मायूस करीब ढाई हजार की आबादी ने इस बार चुनाव बहिष्कार का एलान किया है। ग्रामीणों ने मिट्टी और गड्ढों का ढेर बनी सड़क के निर्माण के लिये कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर आलाधिकारियों तक गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सड़क व नाली निर्माण न होने से आक्रोशित लोगों ने अब लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। ग्रामीणो ने रविवार को गांव के मुख्य मार्ग पर बहिष्कार का बैनर समेत गांव में काले झंडे लगाकर विरोध शुरू किया। इस दौरान मुलायम सिंह मुलायम सिंह, शिव रतन, रामनिवास, भारत लाल, रामपाल, शिवा, अवनीश, जगदीश चंद्र, मूलचंद, धर्मपाल, धीरज, रामाश्रय, सिपाही लाल, छेदीलाल, हरिराम, संजय, राम नरेश ,राकेश कुमार, राहुल वर्मा, संजीव कुमार, राजेंद्र, सिपाही लाल, प्रांशु, मदन गोपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### विकास के लिए कृष्णा नगर के लोगों का प्रदर्शन जारी

कन्नौज। शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर में विकास ने होने से मतदान बहिष्कार व प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर अकबरपुर सरायघाघ में पेयजल, बिजली, जल निकास, सड़क समेत कई समस्याएं हैं। करीब 20 वर्ष से समस्याएं हैं लेकिन नगरपालिका की तरफ से भी विकास नहीं कराया गया है। बारिश के समय मोहल्ले की स्थिति और दयनीय हो जाती है। नौ दिन बीतने के बाद भी किसी अधिकारी ने मोहल्ले के लोगों की सुध नहीं ली है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। रविवार को मोहल्ले के सर्वेश कुमार, अंकित त्रापाठी, श्रीकृष्ण सक्सेना, देव त्रिफाठी, राजेशयादव, रीतेश चतुर्वेदी, समेत दर्जनों लोगों ने जीटी रोड रेलवे ट्रैक के किनारे प्रदर्शन किया।

# आज शहर आएंगे अखिलेश, करेंगे जनसंपर्क



**कन्नौज।** कन्नौज लोकसभा से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को हेलीकॉप्टर से कन्नौज पहुंचेंगे। पार्टी से जुड़े सूत्रों से पता चला है कि सुबह करीब 11 बजे वह केके इंटर कॉलेज मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से कार द्वारा शहर के मोहल्ला मंडई स्थित फौजान मलिक के कारखाना पहुंचेंगे। उनसे वार्तालाप के बाद मोहल्ले में जनसंपर्क करेंगे।

तत्पश्चात शेखाना मोहल्ला, मोहल्ला आनंदीदास तथा फिर हरदेवगंज मोहल्ले में जनसंपर्क करेंगे। इस दौरान वे पूर्व पालिकाध्यक्ष व सपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार गुप्त 'मुन्ना भैया' के आवास पर भी जाएंगे। फिलहाल प्रोटोकाल प्राप्त नहीं हुआ है।

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्य : पापै : सन्धि परदाराभिमर्शम्।
दम्भं स्तैन्य पैशुन्यं मद्यपानं न सेवते यश्च सुखी सदैव॥

जो व्यक्ति अकारण घर के बाहर नहीं रहता, बुरे लोगों की सोहबत से बचता है, परस्त्री से संबध नहीं रखता, चोरी, चुगली, पाखंड और नशा नहीं करता-वह सदा सुखी रहता है।


## संपादकीय

# पीओके पर दावा

पाकिस्तान लगातार भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। शनिवार की शाम जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला इस वर्ष की पहली बड़ी आतंकवादी घटना में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ-साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ पड़ोसी देशों की तरह सामान्य संबंध रखना चाहता है लेकिन इसके लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। इस बीच कटक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अहम हिस्सा है, जिसे भुला दिया गया था, लेकिन अब फिर से लोगों की चेतना में आ गया है। पीओके कभी भी देश से बाहर नहीं रहा है। यह देश का हिस्सा था और हमेशा रहेगा। पीओके पूरी तरह से भारत का हिस्सा है, किसी अन्य का नियंत्रण कैसे हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है। इसे पीओके कहा जाता है। पाकिस्तान के लोग पीओके को 'आजाद कश्मीर' कहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। पीओके हमारा थाहै और हमारा रहेगा। जम्मू-कश्मीर के इस हिस्से पर अवैध कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान लगातार वहां के लोगों का दमन कर रहा है। पीओके में कोई मानवाधिकार नहीं है। इसकी पुष्टि कई मानवाधिकार संगठनों ने भी की है, जबकि यहां जम्मू-कश्मीर में आरंभ से संवैधानिक व्यवस्था और कुछ अपवादों को छोड़कर लगातार लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकारें रही हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने के साथ पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघनों का मुद्दा उठाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि पीओके के लोगों के अधिकारों के पक्ष में भारत सशक्त अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाए। वैसे ये मुद्दा भारत बनाम पाक का नहीं, बल्कि मूलभूत मानव अधिकारों का है, जिन्हें सुनिश्चित करना संयुक्त राष्ट्र का दायित्व है।

# आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचार की धुरी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलत: मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं।

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था। क्या वजह है लेखकों को भ्रष्टाचार विषय नहीं लगता। साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है।

फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई। आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। पश्चिम वाले जिसे रीगनवाद, थैचरवाद आदि के नाम से सुशोभित करते हैं। यह मूलतः 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है, इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। रीगनवाद-थैचरवाद को हम नव्य आर्थिक उदारतावाद के नाम से जानते हैं। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहा राव। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलतः मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं। ये मीडिया पुरुष हैं। इवेंट पुरूष हैं। इनकी अपनी वर्गीय सीमाएं हैं और वर्गीय भूमिकाएं हैं। प्रतीक पुरुषों के संघर्ष सत्ता संबोधित होते हैं जनता उनमें दर्शक होती है। टेलीविजन क्रांति के बाद पैदा हुई मीडिया आंदोलनकारियों की इस विशाल पीढ़ी का योगदान है कि इसने जन समस्याओं को मीडिया टॉक शो की समस्याएं बनाया है। अब जनता की समस्याएं जनता में कम टीवी टॉक शो में ज्यादा देखी-सुनी जाती हैं। इनमें जनता दर्शक होती है। इन प्रतीक पुरुषों के पीछे कारपोरेट मीडिया का पूरा नैतिक समर्थन है।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं, जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं, इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं, जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं, इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ। भारत में नव्य उदारतावादी नीतियां लागू किए जाने के बाद नेताओं की सकल संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है। सोवियत संघ में सीधे पार्टी नेताओं ने सरकारी संपत्ति की लूट की और रातों-रात अरबपति बन गए। सरकारी संसाधनों को अपने नाम करा लिया। यही फिनोमिना चीन में भी देखा गया। उत्तर आधुनिकतावाद पर जो फिदा हैं वे नहीं जानते कि वे व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और नेताओं के द्वारा मचाई जा रही लूट में वे मददगार बन रहे हैं। मसलन गोर्बाचोव के नाम से जो संस्थान चलता है, उसे अरबों-खरबों के फंड देकर गोर्बाचोव को रातों-रात अरबपति बना दिया गया। ये जनाब पैरेस्त्रोइका के कर्णधार थे।

रीगन से लेकर क्लिंटन तक और गोर्बाचोब से लेकर चीनी राष्ट्रपति के दामाद तक पैदा हुई अरबपतियों की पीढ़ी की तुलना जरा हमारे देश के सांसदों-विधायकों की संपदा से करें। भारत में सांसदों-विधायकों के पास नव्य आर्थिक उदारतावाद के जमाने में जितनी तेजगति से व्यक्तिगत संपत्ति जमा हुई है वैसी पहले कभी जमा नहीं हुई थी। अरबपतियों-करोड़पतियों का बिहार की विधानसभा से लेकर लोकसभा तक जमघट लगा हुआ है। केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक सबकी दौलत दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ी है। नेताओं के पास यह दौलत किसी कारोबार के जरिए कमाकर जमा नहीं हुई है, बल्कि यह अनुत्पादक संपदा है, जो विभिन्न किस्म के व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के जरिए जमा हुई है। अमेरिका में भयानक आर्थिक मंदी के बावजूद नेताओं की परिसंपत्तियों में कोई गिरावट नहीं आई है। कारपोरेट मुनाफों में गिरावट नहीं आई है। भारत में भी यही हाल है।

इसी संदर्भ में फ्रेडरिक जेम्सन ने मौजूदा दौर में मार्क्सवाद की चौथी थीसिस में लिखा है इस संरचनात्मक भ्रष्टाचार का नैतिक मूल्यों के संदर्भ में कार्य-कारण संबंध के रूप में व्याख्या करना भ्रामक होगा, क्योंकि यह समाज के शीर्ष वर्गों में अनुत्पादक ढंग से धन संग्रह की बिल्कुल भौतिक सामाजिक प्रक्रिया में उत्पन्न होती है। इस बात पर बल देना अनिवार्य है कि कार्य-कुशलता, उत्पादकता और वित्तीय संपन्नता जैसे संवर्ग तुलनात्मक हैं। अभिप्राय यह है कि उनके परिणामों की भूमिका उस क्षेत्र में आती है जिसमें अनेक असमान परिघटनाएं प्रतिस्पर्धा कर रही हों। अधिक कार्यकुशल और उत्पादक तकनीक पुरानी मशीनरी और पुराने संयंत्र को तभी विस्थापित करती हैं, जब पुरानी मशीनरी और संयंत्र अधिक कार्यकुशल तथा आधुनिक तकनीकी के कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसी बात को सोवियत संघ के संदर्भ में आगे बढ़ाते हुए जेम्सन ने लिखा सोवियत संघ अकुशल हो गया और जब इसने अपने को 'विश्व-तंत्र' के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया, तो यह विघटित हो गया, क्योंकि विश्व-तंत्र आधुनिकता से उत्तर आधुनिकता की ओर अग्रसर था। यह एक ऐसा तंत्र था, जो संचालन के नए नियमों के हिसाब से उत्पादकता की अतुलनीय द्रुत गति से दौड़ रहा था। वहीं सोवियत संघ में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी इससे तुलना की जा सके। सांस्कृतिक अभिप्रेरकों (उपभोक्तावाद, नई सूचना प्रौद्योगिकी आदि) द्वारा प्रेरित, सुविचारित सामरिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आकृष्ट होकर, ऋण तथा तीव्र होते वाणिज्यिक सह-अस्तित्व के रूपों के प्रलोभन में आकर रूस एक ऐसे तत्व में प्रवेश कर गया, जहां इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। यह दावा किया जा सकता है कि सोवियत संघ और इसके अनुषंगी देश, जो अब तक अपने ही विशिष्ट दबाव क्षेत्र में अलग-अलग थे मानो किसी विचारधारात्मक सामाजिक, आर्थिक, भूगणितीय उभार (गुंबज) के नीचे दबे हों, इसने अविवेकपूर्ण ढंग से बिना अंतरिक्ष-पोशाक तैयार किए ही वायुबंध खोलना आरंभ कर दिया और इस प्रकार स्वयं को और अपने संस्थानों को बाह्य विश्व के तीव्र और अपरिमेय दबाव के हवाले कर दिया। इसके परिणाम की तुलना हम प्रथम परमाणु बम के विस्फोट से हुई उन तुच्छ ढांचों की हालत से कर सकते हैं, जो इस बम विस्फोट के स्थल के सबसे नजदीक थे या फिर उन असुरक्षित जीवों की हालत से कर सकते हैं, जो समुद्र तल पर उपस्थित थे जब जल में उत्पन्न विकृत दबाव का भार उन पर पड़ा होगा, खासकर जब यह दबाव से ऊपर की ओर उठ रहा होगा। यह परिणाम वॉलरस्टीन की दूरदर्शितापूर्ण चेतावनी की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा था कि सोवियत ब्लॉक ने अपनी महत्ता के बावजूद पूंजीवादी तंत्र के विकल्प के रूप में किसी तंत्र का निर्माण नहीं किया, बल्कि इसके भीतर एक तंत्र-विरोधी क्षेत्र या स्थान बनाया, जो अब स्पष्टतया समाप्त हो गया है। यदि शेष कुछ बचे हैं तो वे कुछ पॉकेट्स हैं जिनमें आज भी विविध समाजवादी प्रयोग किए जा रहे हैं।

## प्रसंगवश

# चुनाव के बाद वोटिंग मशीन

चुनाव के बाद वोटिंग मशीने सुस्ता रहीं थी। आपस में अपने-अपने किस्से सुना रही थीं। लोगों ने कैसे उनका उपयोग किया। कैसे वोट डाला। कैसे दबाया। कैसे सहलाया। आइए सुनाते हैं कुछ उनकी गप्पगाथाः ईवीएम एक : एक वोटर ने तो इत्ती जोर से बटन दबाया कि अभी तक दर्द कर रहा है। लगता है अगले चुनाव में चल न पाएंगे हम। /ईवीएम दो : याद आ रही है क्या उस वोटर की? /ईवीएम तीन : अरे उसकी याद की कड़ाही में तू काहे अपनी जलेबी छान रही है? तुमको किसी की याद नहीं आती तो क्या किसी को नहीं आएगी? क्यों री दर्द कैसा हो रहा है मीठा कि खट्टा?



अनूप शुक्ल
कानपुर

ईवीएम एकः भक्क उस तरह वाला दर्द थोड़ी हो रहा। तुम तो सबको अपनी तरह समझ लेती हो। सबके भाग्य में वो मीठा-खट्टा दर्द कहां? इस गप्पाष्टक को एक बुजुर्ग ईवीएम मशीन दूर से सुन रही थी। अंजर-पंजर ढीले होने के चलते उसको चुनाव में ले नहीं जाया गया था। ऊंचा सुनती थी। इसीलिए दूर की बातों पर कान लगे रहते थे। बुजुर्ग ईवीएम आवाज में बोली-'सुना है तुम लोगों से कुछ छेड़छाड़ हुई वहां चुनाव में। तुम लोग भी छेड़छाड़ में इत्ती बेसुध हुई कि वोट दिए किसी और को गए पर तुमने गिनाए किसी और के नाम।' छेड़छाड़ के नाम से ईवीएम मशीने एकदम प्याज-टमाटर की तरह लाल हो गईं। (बुजुर्ग और सांवली मशीने प्याज की तरह, युवा और गोरी टमाटर की तरह) लेकिन उनको लगा कि लाल होने से काम नहीं चलेगा तो सफाई देने लगीं। वैसे भी जिन महिलाओं से छेड़छाड़ होती है उसके जिम्मे सफाई देने का ही काम बचता है। वे बोलीं, 'हम लोग कोई ऐसी-वैसी मशीन थोड़ी हैं। हमको कौन छेड़ेगा।

हम कोई खूबसूरत टाइप मशीन भी नहीं जो हमको कोई छेड़े। खूबसूरत होती तो कोई हीरो-हीरोइन हमारा विज्ञापन करता। भले घर की लड़कियों की तरह हम चुनाव आयोग के गोदाम से सीधे पोलिंग बूथ जाते हैं, वहां से सीधे वापस आ जाते हैं। कहीं इधर-उधर ताकते तक नहीं। झांकने की तो बात ही छोड़ दो।' सफाई से बुजुर्ग ईवीएम मशीन और उत्साहित हो गई। बोली-'लेकिन जब हवा उड़ी है तो कुछ तो बात हुई ही होगी कि छेड़छाड़ का हल्ला है। हमने भी चुनाव करवाए हैं। हमको भी लोगों ने दबाया है। इधर-उधर थपथपाया है। किसी-किसी ने तो पटका भी है। खटखटाकर भी वोट डाला है, लेकिन मजाल है, जो आज तक किसी ने छेड़छाड़ की हो। तुम लोगों ने जरूर कुछ ऐसा किया होगा जो छेड़छाड़ की खबर फैली। लाख समझाओ, लेकिन तुम लोग मनमानी से बाज कहां आते हो। ये नई हवा का असर है।'

बुढ़िया ईवीएम बड़बड़ाते हुए खांसने लगी। फिर तो सब ईवीएम मशीने छेड़छाड़ का आरोप लगाने पर फिरंट हो गईं। पता लगा कि मशीनों से छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाले वही लोग थे, जो हार भी गए थे। उनको इस बात से तसल्ली हुई कि जीते हुए लोगों ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप नहीं लगाया। फिर तो ईवीएम मशीनों के सुर बदल गए। वे ठिठोली करते हुए बतियाने लगीं। बकने दो हरंटो को। सरकार तो हमारे समर्थन में होगी। तब क्या एक ने नारा लगायाः "जिसके साथ खड़ी हो सरकार उसको कौन बात का डर यार।" जिसने हम पर छेड़खानी की बात कही उसको अगले चुनाव में टिकट न मिले। अरे नहीं री। टिकट तो मिले, लेकिन टिकट के दाम दोगुने हो जाएं और टिकट जिस इलाके से मिलें उस इलाके में उसको कोई जानता न हो। फिर तो वो जीत जाएगा बे। लोग उसकी करतूतें जानेंगे नहीं तो भला समझ कर जिता देंगे। दिनभर इसी गपड़चौथ में जुटी ईवीएम मशीनों ने शाम को महसूस किया कि वे तो अपनी छेड़छाड़ के ही किस्से में जुटी रहीं।


एक बोली-'इस चुनाव में हम ईवीएम के हाल तो रजिया की तरह हो गए, जो नेताओं के चक्कर में फस गई हो।' अबे रजिया तो गुंडों के बीच फंसी थी। -दूसरी ने सुधारने की कोशिश की। हां यार। रजिया की किस्मत अच्छी थी, जो गुंडों के बीच फंसी थी। हमारे ही करम फूटे हैं, जो नेताओं के बीच फंस गए। तीसरी ने कहा, ये क्या आंय-बांय-सांय बक रही है तू। क्या चुनाव सभा में भाषण दे रही है। गुंडों के बीच फंसना अच्छी किस्मत है? चौथी ने हड़काया। गुंडों के बीच फ़ंसना तो नेताओं के बीच फ़ंसने से सौ गुना बेहतर है यार-एक भक्तिन टाइप ईवीएम मशीन रामचरित मानस की चौपाइयां बांचने लगीः कर्म प्रधान विश्व रचि राखा/ जो जस करै तो तस फ़ल चाखा। दूसरी पैरोडीबाजी करने लगी- कोऊ नृप होय हमें का हानी/ईवीएम छोड़ न होइहैं रानी।हम ईवीएम मशीनों को उनके हाल पर छोड़कर चले आए। वैसे और कर भी क्या सकते थे?

# खत्म सी होती जा रही है विश्वविद्यालयों की जीवंतता

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। किसी एक या दो में नहीं, देशभर में फैले दर्जनाधिक विश्वविद्यालयों में। इंग्लैंड में, फ्रांस में, नीदरलैंड आदि यूरोपीय देशों के नामचीन विश्वविद्यालयों में भी ऐसे विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।

ये सब ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जो दुनिया में अपना मान, अपना सम्मान रखते हैं। वहां अच्छी पढ़ाई होती होगी, बेहतरीन एकेडमिक माहौल होगा। तभी तो हमारे देश के नेतागण, अधिकारीगण, बड़े-बड़े पैसे वाले गण आदि आदि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए उन जगहों पर भेजते हैं। वे छात्र दुनिया से जुड़े हैं, मानवता की धड़कनों से जुड़े हैं, विश्व राजनीति की विडंबनाओं पर अपनी राय निर्धारित करते हैं, जरूरत पड़ने पर वैचारिक हस्तक्षेप करते हैं, अक्सर पुलिस की हिरासत में जाते हैं, कुछ कष्ट सहते हैं, स्लोगन बनाते हैं, लेख लिखते हैं, भाषण देते हैं, भाषण सुनते हैं।

गाजा नरसंहार कोई पहला मुद्दा नहीं है जिस पर वे छात्र प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जागरूक और आलोकित परिसरों में अक्सर ऐसा होता रहता है, लेकिन हमारे विश्वविद्यालयों में जीवंतता तो खत्म सी ही होती जा रही है। एकाध परिसरों में विश्व या देश की राजनीति पर, मानवीय विडंबनाओं पर छात्र गण प्रतिक्रिया देते हैं तो 'टुकड़े टुकड़े गैंग' कहते हम हिकारत से भर उठते हैं। ये गए हैं पढ़ने, अफसर बनने या नेतागिरी करने? टैक्स देने वालों के पैसों का यह दुरुपयोग है। वह भी देश के कुछ गिने-चुने, शायद एकाध जगहों पर कुछ ऐसा होता हो। हमारे देश का मिडिल क्लास इस



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर, सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं।

बात के सख्त खिलाफ है कि उसके बच्चे गाजा, यूक्रेन, सीरिया, मणिपुर आदि फालतू की बातों में नारेबाजी, भाषणबाजी में उलझें। उन्हें कोर्स पूरा कर जल्दी से जल्दी यूपीएससी से लेकर एसएससी की कोई भी परीक्षा पासकर कलेक्टर से लेकर क्लर्क तक की कोई पोस्ट झपट लेनी चाहिए ताकि उनका शादी ब्याह कर निश्चिंत हो जाएं।

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर, सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं। बिहार पर तो भारी गर्व है हमें। इस मामले में यहां के विश्वविद्यालय और कॉलेज तो अनूठे हैं। मजाल है कि पांच दस प्रतिशत से अधिक छात्र बता दें कि गाजा आखिर है क्या? कोई देश है या शहर या कि समुद्र से हाल में खोजा गया कोई निर्जन द्वीप? वे तो सिरे से ही इंकार कर देंगे कि गाजा नाम से उन्हें कोई साबका रहा। उन्हें तो फॉर्म भरना है, परीक्षा देनी है, नकल नहीं करने दो तो बड़ी संख्या में फेल कर जाना है और विश्वविद्यालय का सिर दर्द बढ़ाना है। विज्ञान के छात्र प्रयोगशाला नहीं जाते। अधिकतर कॉलेजों के प्रैक्टिकल रूम्स को खोलिए तो अचानक से लगेगा कि मानव के पदचापों से महरूम इन कक्षों के स्याह, धूल भरे अंधेरों में प्रेतात्माएं विचरती होंगी। प्रयोगशालाओं में जरूरी स्टाफ की बहाली नहीं हुई, जो थे वे जाने कब रिटायर हुए, कितने मर खप गए। फिजिक्स में सब जोड़कर कई सौ छात्र, टीचर एक, सहयोगी स्टाफ कोई नहीं, बोटनी में तो टीचर ही नहीं, मैथ निल।

कितने संतोषी हैं, कितने आत्मतुष्ट, आत्मलीन हैं, हमारे छात्र। उनके कॉलेजों में हिस्ट्री के सर जी हैं तो पॉलिटिकल साइंस के हैं ही नहीं कोई, हिंदी के हैं तो अंग्रेजी का पोस्ट खाली है, चार सौ, पांच सौ, छह छह सौ छात्रों पर हिस्ट्री, राजनीति शास्त्र, हिंदी आदि के एक-एक शिक्षक हैं। बेदम हैं। न वेतन टाइम पर, न प्रमोशन टाइम पर। अगर बकाया आदि रह गया हो तो बूढ़े हो जाओ, एरियर के लिए एड़ियां घिस जाएंगी। मुख्यालय जाकर मांगने की जहमत उठा ही ली तो अगला टेबुल और फाइल से नजरें उठाए बिना कहेगा, 'सरकार से राशि आएगी तो मिल जाएगी।'

वह तो भला हो तकनीकी क्रांति का कि मोबाइल कंपनियां एक-एक बित्ते की स्क्रीन वाले सस्ते मोबाइल लांच करती रहती हैं, अपने अंबानी सर जियो की अबाध सेवा लिए तत्पर रहते हैं, रील्स बनाने वाली बेचैन आत्माएं तरह-तरह के अनोखे दृश्य लिए हाजिर रहती हैं। कौन गाजा, मणिपुर आदि की टेंशन ले। वह अमेरिका है, इंग्लैंड है, फ्रांस है। हम भारत हैं, हम बिहार हैं। हम सीधे विश्वगुरु बनने की देहरी पर खड़े हैं और गुरुकुल के केंद्रीय कक्ष की मुख्य कुर्सी पर छलांग लगाने ही वाले हैं।

## सोशल फोरम

# कोविशील्ड टीका और थ्रोम्बोसिस

खबर आई कि कोविशील्ड टीका उत्पादक ऐस्ट्राजेनेका कंपनी अपने बयान पर पलट गई और अब कह रही है कि अत्यंत बिरले मामलों में इसके टीके से थ्रोम्बोसिस संभव है।

थ्रोम्बोसिस एक गंभीर स्थिति है इसमें रक्त-नलिकाओं में रक्त के थक्के बनते हैं जिससे रक्त का प्रवाह रुक सकता है। यदि हृदय को रक्त नहीं मिला तो मृत्यु संभव है। इसी तरह मस्तिष्क के किसी भाग में रक्त नहीं पहुंचे तो मस्तिष्क का वह भाग निष्क्रिय हो सकता है, पर कंपनी अपने "बयान पर पलट गई" कहना सही नहीं है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

2021 में ही दवा की विस्तृत विवरणी जो ब्रिटेन के औषधि नियामक के वेब साइट पर आई थी उसमें यह बात कही गई थी कि बिरले मामलों (वेरी रेयर केसेस) में कोविशील्ड का एक पार्श्व प्रभाव देखा गया है। थ्रोम्बोसिस एंड थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस)। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया रक्त में प्लैटलेट्स की संख्या कम हो जाने को कहते हैं। कंपनी के कहने के पहले, अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में आंकड़ों के आधार पर कोविशील्ड के इस खतरे को रेखांकित किया गया था। 2021 दिसंबर तक के आंकड़ों के आधार पर ऑस्ट्रेलिया सरकार ने कहा था कि साठ से कम उम्र वालों में एक लाख में तीन और साठ से अधिक उम्र वालों में एक लाख में दो व्यक्ति कंपनी के टीके लेने के चार से बयालीस दिनों के अंदर टीटीएस से पीड़ित हुए पाए गए थे।


आज जब महामारी समाप्त प्रायः हो गई है यह कहना आसान है कि टीके नहीं दिलाने थे। सरकारी आंकड़े हैं कि देश में 4.50 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए थे। यह जनसंख्या का 3.22 प्रतिशत हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार महामारी से 5.33 लाख से अधिक लोग मरे थे। यह जनसंख्या का 0.038 प्रतिशत हुआ। लाख में टीटीएस के तीन मामले यानी 0.003 प्रतिशत। तो टीटीएस के खतरे के बाद भी टीका नहीं दिलाना बारह गुना अधिक खतरनाक होता। आज जो टीका विरोधी रुख दिखा रहे हैं, ये वही लोग हैं, जो कहते थे चालीस लाख से अधिक लोग महामारी से मरे थे। यदि मृत्यु के उनके आंकड़े लिए जाएं तो टीका नहीं दिलाना टीटीएस के खतरे से सौ गुने से अधिक खतरनाक होता।

-फेसबुक वॉल से

# अनियोजित पर्यटन विकास के कारण चलना हुआ दुश्वार

कहते हैं 'बारात के आंगन में आ जाने के बाद पानी के लिए कुआं खोदने' से अफरातफरी होती है और समस्या का समाधान भी नहीं हो पाता। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संदर्भ में यह मुहावरा पिछले करीब चार दशकों से साल-दर-साल और बारंबार दोहराया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य की अर्थव्यवस्था का मूलाधार समझे जाने वाले पर्यटन उद्योग को लेकर इस फौरी रवैये से नैनीताल जैसा विख्यात पर्वतीय पर्यटन स्थल आज अनियंत्रित और अनियोजित जन पर्यटन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है। नैनीताल में पैदल चल पाना भी दुष्कर हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम दावे किए जाते रहे हैं और किए जा रहे हैं, लेकिन ब्रिटिश शासन काल में वजूद में आए नैनीताल और मसूरी आदि ख्याति प्राप्त हिल स्टेशन न्यूनतम अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड को अलग राज्य बने चौबीस साल पूरे होने को हैं, परंतु यहां के भंगुर पर्यावरण और विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप व्यावहारिक पर्यटन नीति नहीं बन पाई है। पर्यटकों की रूपरेखा और पर्यटक सांख्यिकी माप की दिशा में ध्यान ही नहीं दिया गया है। पर्यटक स्थलों की भार वहन क्षमता का आकलन



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है।

करने की आवश्यकता ही नहीं समझी गई है। इस वजह से पर्यटक स्थलों में अत्यावश्यक अधिसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप नैनीताल जैसे स्थापित पर्यटक स्थलों में जन पर्यटन ने आपाधापी का माहौल बना दिया है। नैनीताल समेत उत्तराखंड के अन्य सभी पर्यटक स्थलों का अनियंत्रित, अदूरदर्शी और असंयोजित रूप से व्यावसायिक दोहन हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट बढ़ा है और सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अनियंत्रित जन पर्यटन गतिविधियों से आक्रोश का वातावरण बन रहा है। मेजबान और मेहमान के बीच तनाव की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। 'वहन क्षमता' से कहीं अधिक वाहनों के चलते नैनीताल अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले नगर में तब्दील हो गया है। औपनिवेशिक शासक भारत के पहाड़ों की तुलना यूरोपीय पहाड़ों से करते थे। अंग्रेजों ने भारत में कई हिल स्टेशन बसाए जिनमें नैनीताल भी सम्मिलित था। 1980 के दशक में मारुति संस्कृति आने के बाद निजी वाहनों की संख्या बढ़ने लगी थी। परिवहन के साधन बेहतर हुए। पर्यटकों की रुचियों में भी बदलाव आने लगा। पर्यटन ने फैशन का रूप धारण कर लिया। पर्यटकों को सार्वजनिक यातायात के बजाय निजी वाहनों में आना-जाना सुविधाजनक लगने लगा। अब नैनीताल में पार्किंग की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। 1983-84 में नैनीताल के एकमात्र खुले स्थान फ्लैट्स के एक हिस्से को कार पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद साल-दर-साल पर्यटकों और गाड़ियों की तादाद बढ़ती चली गई। नैनीताल के सभी पैदल मार्गों में गाड़ियां दौड़ने और पार्क होने लगीं। इस कारण नैनीताल के पैदल मार्गों में भी पैदल चल पाना दूभर होता चला गया। नैनीताल में पार्किंग एवं अन्य अधिसंरचनात्मक सुविधाओं को लेकर दशकों से हर साल अलग-अलग स्तर पर विमर्श होता रहा है। ज्यों-ज्यों मर्ज की दवा खोजी गई, त्यों -त्यों मर्ज लाइलाज होता चला गया है। इधर के कुछ वर्षों में यहां टैक्सी वाहनों और टैक्सी मोटर बाइकों की संख्या में एकाएक उछाल आया है। निजी दोपहिया और चौपहिया वाहनों की तादाद भी खूब बढ़ी है। दोपहिया टैक्सी वाहनों ने सड़क के किनारों की नालियों को भी हाईवे में तब्दील कर दिया है। नगर में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारों की नालियां भी नहीं बची हैं। इंतजामिया अनियंत्रित और अनियोजित यातायात को कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखता है। जबकि यह नियोजन से जुड़ा मुद्दा है। सड़कों की क्षमता से कई गुना अधिक वाहनों की संख्या को ट्रैफिक पुलिस नियंत्रित नहीं कर सकती है। ऐसा हो पाना संभव ही नहीं है। पार्किंग सुविधाओं के विस्तारीकरण से भी इस समस्या से निपटा नहीं जा सकता है। गाड़ियों को चलने के लिए पहले सड़क चाहिए और फिर पार्किंग। समस्या की जड़ को खोजने के बजाय तदर्थ उपाय करने से इसका समाधान हो पाना असंभव है।

नैनीताल की विशिष्ट भौगोलिक बनावट के चलते यहां पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर है। यहां आवश्यकता के अनुरूप अधिसंरचनात्मक सामर्थ्य का अभाव है। मांग और आपूर्ति में असंतुलन से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। सप्ताहांत पर्यटन की बढ़ती प्रवृत्ति से पर्यटकों के ठहरने की अवधि अत्यंत कम हुई है। पर्यटन को टिकाऊ और लाभप्रद बनाने के लिए दीर्घकालिक उपाय खोजने के बजाय समस्याओं का तदर्थ और तात्कालिक समाधान खोजने की प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि पर्यटक स्थल की वहन क्षमता को ध्यान में रखकर सुविचारित दीर्घकालीन योजना बनाए बिना अनियंत्रित पर्यटन विकास को रोका नहीं जा सकता है। याद रहे कि पर्यटन स्थल एक बहुमूल्य संपत्ति होती है, नियंत्रित पर्यटन से ही इस संपत्ति को संरक्षित किया जा सकता है।


मंच पर मौजूद पीएम मोदी, सीएम योगी, डॉ. रामशंकर कटेरिया, सुब्रत पाठक एवं जयवीर सिंह व अन्य। अमृत विचार


युवाओं के सिर चढ़कर बोला मोदी का जादू। अमृत विचार

# युवाओं पर चला पीएम का जादू, मोदी-मोदी के लगे नारे

## भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी इटावा, मैनपुरी और कन्नौज से लाखों लोग रैली में शामिल होने के लिए पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मोदी के भाषणों का जादू रैली में बड़ी तादात में आए लोगों खासकर युवाओं पर खूब चला। भीषण गर्मी और चिलचिताती धूप में भी इटावा, मैनपुरी और कन्नौज से लाखों लोग रैली में शामिल होने पहुंचे। मोदी के मंच पर पहुंचते ही भीड़ ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए। काफी देर तक नारों की गूंज सुनाई देती रही। इसके बाद मोदी-मोदी, योगी-योगी की गूंज उठती रही।

प्रधानमंत्री ने भाजपा सरकार के 10 सालों के कार्यों के सहारे जनता से सीधा जुड़ाव कायम करते हुए भाषण शुरू किया। रैली में आई भीड़ ने बड़ी शांति से उनका करीब 40 मिनट का भाषण सुना। उन्होंने अपने भाषण में एक बार भी राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम नहीं लिया। उनका हमला कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर रही केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कंपनी एससी ओबीसी का आरक्षण मुस्लिमों में बांट रही है। अब यूपी में यदि ये आ जाएंगे तो सोचोगे क्या होगा। यादव, मौर्य, लोध, पाल, जाटव, शाक्य, कुशवाहा सहित अन्य जातियों का हक छीन लिया जाएगा। यह इस वर्ग के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि सपा को अपने परिवार और कांग्रेस को शाही परिवार के लिए राजनीति करनी है। सपा को पूरे प्रदेश में अपने परिवार के अलावा कोई दूसरा यादव चुनाव लड़ाने के लिए नहीं मिला। जबकि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता बिना किसी भेदभाव के उच्च पद पर पहुंच सकता है। एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं अन्य प्रदेशों में भाजपा ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है।


रैली में पीएम मोदी को सुनने पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार


रैली में बड़ी तादाद में मौजूद रहे लोग। अमृत विचार

### सपा की गुंडागर्दी का जिक्र करना भी नहीं भूले मोदी

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में सपा सरकार के दौरान गुंडई और अराजकता की जिक्र करते हुए सपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के दौरान माताओं बहनों का घर से निकलना मुश्किल था। गरीबों की जमीनों पर झंडा लगाकर कब्जा किया जाता था। अब प्रदेश की सरकार योगी आदित्यानाथ के हाथ में है। यहां की जनता ने माहौल को बदलते देखा है। आज हर किसी को सम्मान और सुरक्षा मिल रही है। यही मोदी की गारंटी है। इस क्षेत्र को पहले कट्टा फैक्ट्री के रूप में जाना जाता था अब भाजपा सरकार वहां डिफेंस कारीडोर बना रहीहै।इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए भी सरकार ने काफी काम किया है। महिलाओं के लिए पीएम सूर्यघर योजना के तहत बिजली का बिल शून्य कर दिया है। पीएम मुद्रा योजना में 20 लाख तक की आर्थिक मदद की व्यवस्था की है।

### कन्नौज का इत्र दुनिया के बड़े-बड़े लोगों को उपहार में दिया

हम विदेशों में जाकर विदेशियों को बताते हैं कि हमारे यहां क्या क्या खासियत है। कन्नौज में बनने वाला इत्र जैसा दुनिया में नहीं बनता है, विदेशों के लोग जानते ही नहीं हैं कि ओरिजिनल इत्र होता क्या है। मैं जब भी किसी देश में कार्यक्रम में जाता हूं तो कन्नौज का इत्र जरूर लेकर जाता हूं और विदेशियों को उपहार में देता हूं। कुछ समय पहले हुए जी .20 सम्मेलन में आने वाले दुनिया के बड़े बड़े लोगों को अपने हाथ से कन्नौज का इत्र दिया और इसकी खासियत बताई। इसी तरह अन्य जिलों की कुछ मशहूर चीजें हैं जिनके बारे में हम बताने का प्रयास करते हैं।

### सपा नेता शिवपाल पर ली चुटकी

**इटावा।** पीएम मोदी ने जब भाषण शुरू किया तो नेताजी मुलायम सिंह यादव का जिक्र करना नहीं भूले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में लोकसभा के अंतिम सत्र में चुनाव से पहले नेताजी ने उन्हें दोबारा प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं दी। उनकी इस बात ने आशीर्वाद का काम किया। केंद्र में फिर से उनकी सरकार बनी। आज नेताजी हमारे बीच नहीं है। परंतु उनके छोटे भाई ने अपने चुनाव प्रचार में भाजपा को जिताने की अपील सार्वजनिक मंच से की। उनके दिल में दबी हुई बात आखिर जुबां पर आ ही गई।

# मेरे आगे पीछे कोई नहीं और योगी भी ऐसे ही हैं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पीएम मोदी ने कहा कि सपा और कांग्रेस वाले ये चुनाव अपने भविष्य और बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। मोदी किसके लिये खप रहा है, योगी जी किसके लिये खप रहे हैं, ये दोनों जनता के लिये खप रहे हैं आपके बच्चों के लिये खप रहे हैं। मेरा तो न आगे कोई और न पीछे कोई है, और योगी भी ऐसे ही हैं। हम दोनों आपके व देश के लिये काम कर रहे हैं। विकसित भारत चार शब्द नहीं हैं, इसमें बच्चों का सुखी संसार जुड़ा है।

यही तो विरासत है, जो मोदी आपके बच्चों के नाम लिखना चाहता है, साथियों इन परिवारवादियों की विरासत महंगी गाड़ी, बंगला हैं। कोई मैनपुरी, कन्नौज को अपनी जागीर मानता है, तो कोई अमेठी और रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, गरीब माताओं बहनों को मिला शौचालय है, बिजली नल, गैस मिला ये मोदी की विरासत है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज, मोदी की विरासत आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये बनायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। इस शिक्षा नीति से आपके बच्चों का भविष्य सुधरेगा, देश का भविष्य सुधरेगा।

### पांच नहीं 25 साल का रास्ता बना रहा है मोदी

- मोदी अपने 10 साल के कार्यकाल के बाद फिर से एक बार आपसे आशीर्वाद मांगने आया। आप सबने मेरी मेहनत देखी है, ईमानदारी से आप लोगों की सेवा करना मेरा धर्म रहा है। अब मोदी 25 साल का रास्ता बना रहा है। 25 साल में भारत को 1000 साल के लिये सशक्त बनायेंगे, इसके लिये नींव तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी रहे न रहे लेकिन ये देश हमेशा रहेगा। इसलिये एक हजार साल के सशक्त भारत की नींव भाजपा ने बनानी शुरू कर दी है और 25 साल में ये मुमकिन होकर रहेगा।

### जनसभा में ये रहे मौजूद

- जनसभा में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, राज्यसभा सांसद गीता शाक्या जी, कैबिनेट मंत्री अजीत पाल, कैबिनेट मंत्री असीम अरुण, इटावा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, कन्नौज प्रत्याशी सुब्रत पाठक, मैनपुरी प्रत्याशी जयवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेन्द्र सिंह चौहान, सदर विधायक सरिता भदौरिया, गुड़िया कठेरिया, अर्चना पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्या, कमल दोहरे, क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व औरैया प्रभारी आनंद सिंह राहुल चतुर्वेदी मैनपुरी जिलाध्यक्ष, भुवन प्रकाश गुप्ता,औरैया जिलाध्यक्ष, मनोज शुक्ला कानपुर देहात जिलाध्यक्ष, वीर सिंह भदौरिया, कन्नौज जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, रिया शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहीं।

# सुरक्षा के लिए भाजपा का साथ दें महिलाएं

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना के पास ककराई में पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली में शामिल होने वाले सभी सम्मानित जनों, महिलाओं और युवाओं का भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता में उमड़ी लाखों की भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि यहां की जनता मोदी सरकार का संकल्प ले चुकी है।

कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं के सम्मान सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया है। महिलाएं आज सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। सपा की सरकार का वह दौर भी जनता ने देखा है जब महिलाओं को सरेआम लूट लिया जाता था। इटावा के लोग वो दौर भूले नहीं है जब सरेराह बाइक पर पति के साथ जा रही महिला को लूट लिया जाता था। इसमें कई महिलाओं ने अपनी जान गंवाई और कइयों ने अपने नजदीकी को खोया। आज योगी सरकार में महिलाएं रात के समय भी पूरी सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। गुंडा बदमाश की हिम्मत नहीं कि उनकी तरफ आंख उठाकर देख सके।


डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

विकास और सम्मान सुरक्षा के लिए उन्होंने जनता से 7 और 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने रैली में आए नेताओं और तैयारी में जुटे रहे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# इंडी गठबंधन देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का देता है साथ : योगी आदित्यनाथ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडी गठबंधन में शामिल दलों पर स्वार्थ का परिवार बोलकर हमला किया। इटावा, मैनपुरी तथा कन्नौज के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव देश के दो परिवारों के बीच है। उन्होंने कहा कि एक ओर स्वार्थ का परिवार है जिसमें समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन के अन्य दल शामिल हैं।

यह परिवार देश की सुरक्षा में सेध लगाने वालों का साथ देता है। यह परिवार भ्रष्टाचारी है और संस्कारों से वंचित है। दूसरी ओर 140 करोड लोगों का मोदी का परिवार है जो लगातार देश के विकास और सभी वर्गों की तरक्की के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आए। मुख्यमंत्री ने कहा की अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना है और प्राण प्रतिष्ठा भी हुई है जबकि सपा के लोग कभी कहा करते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। उन्होंने कहा कि विकास कार्य कराए जा रहे हैं जबकि सपा की सरकार में विकास कार्य ठप थे। बेटी और व्यापारी कोई भी सुरक्षित नहीं था। अब सुरक्षा का माहौल है। विकास भी हो रहा है।

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस भी बन रहा है। कई अन्य एक्सप्रेस वे भी बन रहे हैं जो विकास के नए रास्ते खोलेगें। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपने पूरे भाषण के दौरान सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम नहीं लिया। लेकिन उन्होंने इशारे इशारे में ही उन पर तंज किया।

### प्रधानमंत्री को भेंट किया हैंडलूम का गमछा

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां जनसभा के लिए आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी योजना के अंतर्गत निर्मित हैंडलूम के उत्पाद गमछा भेंट करके प्रधानमंत्री का स्वागत किया। आदित्यनाथ योगी ने इस योजना के तहत बनाए गए गमछे को भेंट किया।


पीएम नरेंद्र मोदी को माता काली की फोटो भेंट करतीं विधायक सरिता भदौरिया।

### कालीवांह मंदिर की तस्वीर की गई भेंट

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इटावा आगमन पर सदर विधायक सरिता भदोरिया के नेतृत्व में नारी शक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया और उन्हें कालीवाहन मंदिर की एक आकर्षक तस्वीर भेंट की गई। महिला नेताओं ने मंच पर प्रधानमंत्री को यह तस्वीर भेंट की।

### तीनों प्रत्याशियों ने किया स्वागत

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर तीन लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों ने उनका स्वागत किया। इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर रामशंकर कठेरिया, मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह तथा कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने माल्यार्पण करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया और उनसे आर्शीवाद लिया।

### तीनों प्रत्याशियों ने सपा पर कसे तंज

**इटावा।** प्रधानमंत्री की जनसभा में भाजपा के तीनो प्रत्याशियो ने सपा को निशाने पर लिया और तंज कसे। कन्नौज के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने सपा के टिकट बटवारे परतंज कसा उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पांच टिकट दिए हैं और पांचो अपने ही परिवार के लोगों को टिकट दे दिए। अगर इस परिवार में 80 लोग हो गए तो किसी और को टिकट नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा कि लोग संविधान को खतरा बता रहे हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं है संविधान को कोई खतरा नहीं है बल्कि बेईमानों को खतरा है। मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह नेभी सपा को कुनवावादी पार्टी बताया और कहा कि अब यह समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मैनपुरी में सपा ने जो रोड शो किया है उसमें जमकर गुंडे की गई। इटावा सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि सपा के शासन में गुंडई होती थी अब भाजपा की सरकार में कानून का राज है। जनसभा का संचालन पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा इटावा की भाजपा प्रभारी कमलावती सिंह ने किया।

### मोदी ने सुब्रत पाठक को अपने पास बैठाकर की बातचीत

जनसभा करने के लिए आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों से बातचीत की। उनसे चुनावी वार्ता की। प्रधानमंत्री के बगल वाली कुर्सी पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी बैठे हुए थे जैसे ही मुख्यमंत्री भाषण देने के लिए गए तो प्रधानमंत्री ने एक कुर्सी छोड़कर बैठे कन्नौज से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को मुख्यमंत्री वाली कुर्सी पर अपने पास बैठाकर उनसे हाल-चाल पूंछा। प्रधानमंत्री के दूसरी ओर मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह तथा इटावा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया बैठे थे दोनों से उन्होंने बातचीत की तथा चुनाव संबंधी हाल-चाल पूछे।

## रैली निकालकर बच्चों ने किया जागरूक

**इटावा।** जिला मुख्यालय पर रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन और भारत स्काउट एंड गाइड उप्र इटावा जिला संस्था द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा नागरिकों को मत देने के लिए जागरूक किया गया। रैली में लगभग 60 स्काउट और गाइड बच्चों ने प्रतिभाग किया। भारत स्काउट और गाइड संगठन की ओर से जिला कमिश्नर मंजू भदौरिया ने झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की।

जिला संगठन कमिश्नर स्वीटी मथुरिया ने बताया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए जनपद में पहली बार स्काउट गाइड के बच्चो ने स्केट्स पहन कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। सहायक सचिव डॉ. विपिन कुमार, स्काउट मास्टर कुलदीप कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अच्युत कुमार त्रिपाठी, ब्लॉक स्काउट मास्टर महेवा ब्रजेंद्र पाल सिंह कुशवाह, ब्लॉक गाइड कैप्टन महेवा अर्चना चौधरी, पीयूष दीक्षित, अजय प्रताप सिंह, आनंद मिश्र, अवनीश दुबे, नीरज सिंह, अभिषेक कुमार, कंचन राठौर सम्मिलित हुए।

शिक्षा | आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

# गणित ओलंपियाड में तृप्ति व युवराज प्रथम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं की योग्यता परखने के लिए मैथ ओलंपियाड का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र - छात्राओं को संस्था के प्रधानाचार्य सिटी कॉर्डिनेटर डॉ आनंद ने मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉक्टर आनंद ने नन्हे मुन्ने बच्चों को विद्यालय स्तर पर होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला तथा रामानुजन जैसी महान प्रतिभाओं के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग बालिका में तृप्ति, नंदनी, अंजली, प्रिंसी, श्रष्टि, भूमि, अर्पिता , स्तुति, पवनी निम्न छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं जूनियर वर्ग बालक में युवराज, नितिन प्रियांशु, कृष्णा, मनीष, प्रिंस, ओम राजपूत, अनुराग यादव आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

सब जूनियर बालिका वर्ग में यशी प्रिया, टीना, निधि गोयल, दिव्यांशी, आराध्या, गुंजन आरोही, मान्या आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया सब जूनियर बालक वर्ग में अभय पाल, दृश्यम, वेदांत, अभि राजपूत, आयुष गुप्ता, कुणाल यादव, तन्मय, शिवांश आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके लिए संस्था के प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद मुनि के द्वारा बच्चो को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य डॉ. आनंद। अमृत विचार


छात्रा उन्नति सिंह को सम्मानित करतीं प्रबंधक साथ में पूर्व प्रधानाचार्य। अमृत विचार

## छात्रवृत्ति परीक्षा में उन्नति सिंह का हुआ चयन

**जसवंतनगर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा संपूर्ण भारतवर्ष में कक्षा 8 में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए आयोजित की जाती है। हिंदू विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्रा उन्नति सिंह चौहान का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में 18वीं रैंक के साथ चयन हुआ हैं। भारत सरकार के द्वारा कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक लगातार 4 वर्षों तक प्रति महीने 1000 की छात्रवृत्ति इस छात्रा को मिलेगी।

छात्रा के चयन पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव शिक्षकों डॉ अनिल पोरवाल,राजेश कुमार,अर्चना श्रीवास्तव,कौशलेंद्र सिंह विजय कुमार उपाध्याय,राधा कृष्ण कठेरिया के एन सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सार-संक्षेप


रोड शो के सफल आयोजन पर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते पीएम मोदी।

### रोड शो के सफल आयोजन पर पीएम ने थपथपाई पीठ

**कानपुर।** शनिवार को कानपुर में हुये रोड शो के सफल आयोजन के लिये पीएम नरेंद्र मोदी ने कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल और उनकी पूरी टीम की पीठ थपथपाई है। रविवार को इटावा में आयोजित जनसभा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल को मंच पर अपने पास बुलाया और एतिहासिक रोड शो के सफल आयोजन की उन्हें बधाई दी। प्रकाश पाल ने कहा कि पीएम रोड शो में आई भीड़ और कानपुर के शिष्टाचार से खुश थे। प्रकाश पाल ने कहा कि यह मेरे लिये सुखद पल है। जिस समय प्रधानमंत्री ने उन्हें बुलाया तो पीएम के बगल में कन्नौज लोकसभा सीटी के प्रत्याशी सुब्रत पाठक व अन्य नेता मौजूद थे।

### महिला ने विषाक्त पदार्थ खाकर दी जान

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव सीपुरा गांव निवासी रविंद्र कुमार की 25 वर्षीय पत्नी गुंजन देवी घरेलू कारणों से परेशान थी। इसी परेशानी के कारण रविवार को उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगडने पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ओवरब्रिज के पिलर से टकराकर ट्रक में लगी आग, दो घायल

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह करीब सात बजे किलोमीटर संख्या 134 पर कुदरैल के पास से गुजरने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के ओवरब्रिज के पिलर से आगरा से लखनऊ टाइल्स लादकर ले जा रहे ट्रक के चालक को झपकी आने से वह पिलर से टकरा गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में सवार चालक परवल सिंह व क्लीनर प्रेमाराम घायल हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंची यूपीडा सुरक्षा टीम व एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अग्निशमन विभाग को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। दोनों घायलों को एंबुलेंस से पीजीआई सैंफई भिजवाया गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटवा कर रास्ता साफ कराया।

# ईवीएम की सुरक्षा में न बरतें लापरवाही

## लोकसभा क्षेत्र कन्नौज के प्रेक्षक संदीप कुमार ने कार्मिकों के रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया



निरीक्षण करते प्रेक्षक संदीप कुमार साथ में डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्षता पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लोकसभा क्षेत्र कन्नौज 42 हेतु नियुक्त प्रेक्षक संदीप कुमार ने गल्ला मंडी स्थित केंद्र पर कार्मिकों के रवानगी स्थल सहित स्ट्रांग रूम तथा ईवीएम में कमिशनिंग आदि को देखा। कहा कि मतदान के पूर्व रखी गई ईवीएम, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट की सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी मतदान के पश्चात, इसलिए उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरती जाये।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की तरफ सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि कार्मिकों के बैठने हेतु पर्याप्त छाया, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान हेतु दी जाने वाली सामग्री के लिए पर्याप्त काउंटर विधानसभा वार लगाने को कहा जिससे कार्मिकों को मतदान सामग्री व थैला प्राप्त करने तथा मतदान के उपरांत सामग्री जमा करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

### प्रशिक्षण का निरीक्षण कर दिए निर्देश

इससे पूर्व प्रेक्षक ने चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि ईवीएम, सीयू, वीवीपैट तथा मतदान दिवस पर प्रपत्रों में की जाने वाली प्रविष्टियों को भली-भांति समझ ले जिससे मतदान के दौरान किसी प्रकार का कोई विविधान उत्पन्न न हो।

प्रेक्षक ने कहा कि मतदान सामग्री उपलब्ध कराते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उसका भली भांति मतदान पार्टी द्वारा मिलान कर लिया जाए जिससे मतदान दिवस पर कोई कमी न रहने पाए। उन्होंने कहा इसके लिए पर्याप्त संख्या में कार्मिक नियुक्त किए जाएं जिससे मतदान के उपरांत मतदान सामग्री यथा स्थान समय से सुरक्षित रखी जा सके। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चारु निगम, अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.)/ उपजिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिला विकास अधिकारी करुणा पति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव सहित संबंधित अधिकारी, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को करें जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की



**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र 42 कन्नौज हेतु नियुक्त प्रेक्षक संदीप कुमार ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्वक निष्पक्षता के साथ निर्भीक रूप से संपन्न करने के लिए की गई तैयारियों की कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप निर्गत दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों को अंजाम दें जिससे किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न होने पाए।

प्रेक्षक ने अब तक किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि मतदान की तैयारियों के साथ-साथ यह हम सभी का दायित्व है कि आगामी 13 मई को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आमजन को जागरूक करें। उन्होंने मतदाता पर्ची वितरण को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता के पास मतदाता पर्ची पहुंचने के उपरांत उसको मतदान कैसे करना, कहां करना आदि की समस्या दूर हो जाती है और वह मतदान के लिए लालयत रहता है इसलिए सुनिश्चित किया जाए कि बीएलओ के माध्यम से पर्ची प्रत्येक मतदाता के पास पहुंचे।

बैठक में जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी बिधूना हरिश्चंद्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल ने युवक को मारी टक्कर

**अछल्दा।** अछल्दा कस्बा के स्टेशन बाजार निवासी मंशाराम ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि दिनांक 16 अप्रैल को दिन के तीन बजे प्रार्थी का पुत्र विनय कुमार पुत्र मंशाराम अपने दरवाजे खडा था तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल जो कि अनवार पुत्र इकबाल निवासी गांव नगरिया मोटरसाइकिल संख्या UP 79-9804 को चलाकर आ रहा था जिसने प्रार्थी का पुत्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी का पुत्र गम्भीर घायल अवस्था में वही गिर पड़ा जिससे उसके शरीर से काफी खून बह रहा था।

हालत गंभीर होने के कारण प्रार्थी उसे इटावा अस्पताल ले गया वहाँ हालत में सुधार न होने के कारण प्राइवेट अस्पताल ब्रज मोहन हॉस्पिटल पनकी जनपद कानपुर नगर ले गया जहाँ प्रार्थी अपने पुत्र का इलाज करवा रहा है। प्रार्थी के पुत्र की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण उसी दिन घटना के बाद रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र नही दे सका। तथा विपक्षी अनवार मोटर साइकिल लेकर घटनास्थल से भाग गया। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


पुन : पार्टी में शामिल लोगों का माल्यार्पण करते विधायक प्रदीप यादव।

# विधायक प्रदीप यादव फिर से सपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- बीते दिन मुख्यमंत्री योगी की सभा में थामा था भारतीय जनता पार्टी का दामन

**अमृत विचार।** दिबियापुर से विधायक प्रदीप यादव ने अब भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता फिर से ग्रहण कर ली है। पूर्व में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके साथ ही विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के कुछ पदाधिकारी सपा छोड़कर गत दिनों अजीतमल में सू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जन जनसभा में भाजपा में शामिल हो गये थे। अब वे सपा में आ गए।

विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा औरैया के पदाधिकारी एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रमेश चंद्र शर्मा, मैथल शर्मा विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष नाथूराम शर्मा व महिला जिला अध्यक्ष रानी शर्मा आदि विगत दिवस अजीतमल में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष भाजपा में शामिल हुए थे।

शुक्रवार की शाम मोतीलाल शर्मा आरा मशीन वाले के पुत्र शैलेंद्र शर्मा के आवास पर उनके सहयोग से दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, सपा जिला महासचिव ओमप्रकाश ओझा, अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकला महासभा के जिला अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महासभा की महिला जिला अध्यक्ष रानी शर्मा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनूप गुप्ता, सपा नगर अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, व गनेश सिंह के समक्ष शुक्रवार की शाम पुनः सपा में शामिल होने का ऐलान किया।

# सिलेंडर में लगी आग, कारीगर झुलसा

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य बाजार में मिठाई के लिए चाशनी बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई जिसकी चपेट में आकर एक कारीगर झुलस गया। सिलेंडर फटने के डर से बाजार में भगदड़ मच गई। दुकान में काम कर रहे दूसरे कारीगर ने किसी तरह सिलेंडर बंद किया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

कस्बे में मुख्य बाजार में सुधीर पोरवाल की मिठाई की दुकान है। दुकान के पीछे गली में कुछ दूरी पर ही उनकी दूसरी दुकान है जहां मिठाई बनाने का काम होता है।शनिवार को कारीगर मिठाई बना रहे थे तभी घरेलू गैस सिलेंडर में लगी चूल्हे की रबर अचानक फट गई और सिलेंडर ने आग पकड़ ली। मिठाई बना रहा कारीगर गोपी किशन आग की चपेट में आ गया और झुलस गया। आग देख सिलेंडर फटने की दहशत से बाजार में भगदड़ मच गई पूरी गली में सन्नाटा छा गया लोग इधर उधर भागने लगे।यह देख एक अन्य कारीगर गिरीश ने गीला बोरा डालकर सिलेंडर का रेगुलेटर बंद किया जिसके बाद आग बुझ गई और लोगों ने राहत की सांस ली।लोगों का कहना था की विभागीय अधिकारियों की ढील से कस्बे में मिठाई दुकानों पर घरेलू सिलेंडर का जमकर उपयोग किया जा रहा हैं जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना का अंदेशा बना हुआ है।



### स्पार्किंग होने से झांड़ियों में लगी आग

**फफूंद, औरैया।** रविवार को दोपहर दो बजे बिजली की केबिल से फाल्ट होने पर तारों से निकली चिंगारी से फफूंद दिबियापुर रोड पर बाईपास के पास रविवार दोपहर दो बजे रोड के किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। जिससे ऊंची ऊंची आग की लपटे निकलने लगी। जैसे ही पड़ोस की महिला ने देखा तो बाल्टियों से पानी भरकर आग पर काबू पाया।आग झाड़ियों में लगी थी। समय रहते इस पर काबू पा लिया गया, जिसके कारण कोई भी नुकसान नहीं हुआ है। वहीं देखा जाए तो खेतों पर किसानों की गेहूं की पकी फसल किसानों ने काटकर रखी है। जिससे किसान दिन रात थ्रेसर से गेहूं की कटाई कर रहे हैं। दोपहर में तेज हवा के चलते आग पर काबू पा लिया जिससे कोई जनहानि नहीं हुई है।

## बच्चे को पुलिस ने माता-पिता से मिलाया

**औरैया।** रविवार की शाम फूलमती मंदिर के पास एक बालक अपने परिवार से बिछड़ गया। छोटे बच्चे को अकेले इधर-उधर भटकता देख आसपास के लोगों ने उसे सदर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। रविवार को फूलमती मन्दिर के पास एक बच्चा रोते हुए मिला जिसकी सूचना एक दुकानदार ने डायल 112 को दी। सूचना पर पहुचीं पीआरवी 3481 पर तैनात कां0 चंद्रभान पाल व चालक विजय कुमार बच्चे का लेकर नाम पता पूछा। जिस पर बच्चे ने अपना नाम मयंक व पिता का नाम संतोष कुमार बताया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जानकारी कर बच्चे को उसके माता पिता के घर जाकर सौंपा। अपने बेटे को पाकर माता पिता खुश की खुशी का ठिकाना नही रहा और पुलिस टीम कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# ताइक्वांडो खुद को आत्मनिर्भर बनाने की कला

कार्यालय संवाददाता, औरैया


बेल्ट के साथ विजेता छात्र। अमृत विचार

- ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट व प्रमोशन में बच्चों ने दिखाया दम

**अमृत विचार।** रविवार को पीबीआरपी अकादमी, दिबियापुर में औरैया ताइक्वांडो क्लब का कलर बेल्ट टेस्ट व प्रमोशन हुआ। इसमें येलो, ग्रीन, ब्लू और रेड बेल्ट टेस्ट में बच्चों ने हिस्सा लिया। मुख्य अथिति राघव मिश्रा चेयरमैन, नगर पंचायत दिबियापुर, रजनीश कुमार सिंह प्रेसीडेंट ताइक्वांडो क्लब, डॉ. सौरव कश्यप प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्ट टेस्ट पास किया। एसोसिएशन के प्रेसीडेंट रजनीश कुमार सिंह ने बताया, ताइक्वांडो सिर्फ खेल ही नहीं खेल के साथ-साथ खुद को आत्मनिर्भर बनाने की कला है,जिस के लिए समय-समय पर एसोसिएशन स्कूल, कॉलेज, पार्क आदि जगहों पर सेल्फ डिफेंस के कैंप का आयोजन करती रहती है।

मुख्य अथिति ने खिलाड़ियों को बधाई दी। यह सभी खिलाड़ी हेड कोच इंद्रजीत सिंह थर्ड डेन ब्लैक बेल्ट और अश्वनी से ट्रेनिंग लेते हैं। वहीं ग्रीन बेल्ट गुलशन गुप्ता, देवांश सिंह, अर्पित सक्सेना, ऑरेंज बेल्ट भूमि गौतम, रिया यादव, येलो बेल्ट पावनी श्रीवास्तव, स्वर्णिमा, तान्या, आराध्या, अलका, आकर्षित गुप्ता, आदर्श,आदित्य, अर्शियांश, जिगर, आर्यन कुमार, प्रिंस चौहान, श्रेयांश, अंश, प्रखर कुमार, प्रखर चौहान, अंकुश, मयंक, मधुर, देवांश कुमार, आकांक्षा तोमर, वरुण शर्मा, देवन सेंगर, मृत्युंजय सिंह आदि खिलाड़ियों ने पाई।

# सीएचसी में प्रसव के बाद बच्चे की मौत

संवाददाता, ककोर

- पीड़िता बोली-पैसे नहीं दिए तो अस्पताल के दो कर्मचारियों ने बरती लापरवाही

**अमृत विचार।** दिबियापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीड़िता से डिलीवरी के दौरान पैसे मांगने की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक से की गई है। पीड़िता अर्चना ने बताया कि डिलीवरी के समय तीन मई को सुबह 5:00 बजे कर्मचारी द्वारा भर्ती किया गया। इसके बाद सरकारी कर्मचारी मंजेश यादव तथा जायशमीन उर्फ नाजमीन ने पीड़िता व उसके परिवार से 5000 की मांग की। मना करने पर लापरवाही बरती गई और डिलीवरी के समय बच्चे की तबीयत बिगड़ती चली गई। तबीयत खराब होने के बावजूद देर से रेफर कर दिया गया । एंबुलेंस से अर्चना को चिचोली लाया गया। जहां हालत गंभीर होने के बाद बच्चे की मृत्यु हो गई। पीड़िता के पति शैलेंद्र कुमार ने चिकित्सा अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में दोनों कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चिकित्सा अधीक्षक विजय आनंद ने बताया पीड़िता ने कर्मचारी की लापरवाही की शिकायत मिल चुकी है। जांच में मामला सही पाया जाता है तो दोनों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भट्ठा श्रमिक ने पेड़ पर लगाई फांसी

संवाददाता अजीतमल, औरैया


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अटसू चौकी क्षेत्र के एक गांव स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाले युवक ने बीमारी में आराम न मिलने पर अवसाद में आकर बीती रात आम के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह लोगों ने फंदे पर लटके युवक को देखा तो पुलिस और भट्ठा स्वामी को सूचना दी। इसके बाद चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के गांव बल्लापुर स्थित बांके बिहारी ईंट उद्योग पर ईंटो की पथाई का काम बंबा के पास खेतों में चल रहा है। समें मजदूर राममिलन (32) पुत्र स्व. सेवक निवासी पजहरा जिला महोबा अपने मां व भाइयों के साथ ईंट बनाने का काम करता था। जो महीनों से बीमारी के चलते परेशान रहता था। बताया जाता है कि उसने अवसाद में आकर शनिवार की रात पास में स्थित पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मौत की जानकारी होने पर मां-भाई भाभी मौके पर पहुंचे। उनका रो-रो कर बुरा हाल रहा। वहीं सूचना पर पहुंचे भट्ठा मालिक टिल्लू राजपूत व चौकी प्रभारी सतीश चंद्र ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों ने बीमारी के चलते अवसाद में आकर आत्महत्या की तहरीर दी। चौकी प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि बीमारी के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

## अंत्येष्टि स्थल पर लगवाए 14 पंखे

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से रविवार को यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थल परिसर में शहर के दानवीरों से प्राप्त 14 पंखे लगवाए गए। अनूप कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, औरैया ने पंखे चालू कराए। इसके बाद श्रीगोपाल सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमन पोरवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यमुना तट की जन-समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। देवमुनि पोरवाल, तेज बहादुर, शेखर गुप्ता, ज्ञान सक्सेना, राजीव पोरवाल, आनंद गुप्ता, अनूप बिश्नोई, सुनील अवस्थी, आदित्य पोरवाल, भीमसेन सक्सेना, देवेंद्र आर्य, संतोष कुशवाहा, हिमांशु दुबे सतीश पोरवाल आदि मौजूद रहे।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जाते लोग। अमृत विचार

# पीएम की सभा में शामिल हुए अजीतमल वासी

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।**अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल के चेयरमैन आशा चक और उनके पति अखिलेश चक ने नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए सैकड़ो लोगों को एकत्र कर बस और कार के द्वारा भरथना पहुंचे। जहां लोगों ने जन सभा में शामिल होकर प्रधानमंत्री को सुना।

सभा में चेयरमैन प्रतिनिधि अखिलेश चक, बंटू त्रिपाठी, सभासद अम्पू राजावत उर्फ अक्षय, राघवेंद्र, ओपी बाथम, दिलीप चक, राम अनुग्रह पहुंचे।

**सूरत-ए-हाल** सरोवर पर लगे फटे तिरंगे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# सूख गया सेहुदपुर का अमृत सरोवर

संवाददाता फफूंद, औरैया


सूखा अमृत सरोवर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सेहुदपुर में जल संचयन के लिए गांवों में बनाए गए अमृत सरोवर बेमकसद साबित हो रहे हैं। गर्मी में इन तालाबों में पानी ही नहीं है। अमृत सरोवर में लगा तिरंगा फटा लगा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बरसात के पानी को सहेजने और भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से भाग्यनगर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेहुदपुर में बनाए गए अमृत सरोवर सूखा है। तेज हवा चलने पर इनमें धूल उड़ती देखी जा सकती है। एक अमृत सरोवर बनाने में करीब 64 लाख 14 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। तालाब में पानी की कमी तो है ही, यहां पर लगाए गए कई पौधे भी सूख गए हैं। अब इन तालाब का उपयोग गांव के बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए कर रहे हैं। तालाब के किनारे 100 फुट ऊंचा तिरंगा झंडा लगा है लेकिन वह भी फटा है। फटा लगा तिरंगा झंडा व सूखे तालाब की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल भी हो रही है। खंड विकास अधिकारी अतुल यादव ने बताया कि सभी अमृत सरोवरों में पानी भरवाने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। झंडा फटा लगा है तो यह गलत है। जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में डीसीएम चालक की मौत

**ऐरवा, कटरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुलालपुर में बिधूना ऐरवा-कटरा मार्ग पर रात्रि करीब 3:00 बजे किशनी सें बिधूना की तरफ जा रही डीसीएम यूपी 83 एटी 5024 व बिधूना से ऐरवा कटरा आ रहा ट्रक नंबर यूपी 78 डीटी 5009 की आमने सामने भिड़ंत हो गई। थाना प्रभारी संत प्रकाश पटेल ने फोर्स के साथ पहुंचकर डीसीएम में फंसे चालक नवाब पुत्र पन्नालाल निवासी हसैया नगरा थाना ताड़पुर जिला हाथरस को निकालकर सीएचसी ऐरवा कटरा पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना प्रभारी ऐरवा कटरा ने नवाब के परिजनों को फोन से सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक चालक एवं परिचालक रात में ही मौके से भाग गए। पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ा करा लिया है।

# भंडारे में सैकड़ों लोगों ने लिया प्रसाद

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर नगर के फफूंद रेलवे परिसर में स्थित बाबा परमहंस धाम मनोकामना पूर्ति स्थल पर चल रही पांच दिवसीय श्रीकृष्ण एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का विराम शुक्रवार को हुआ। शनिवार को दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारा लगाया गया जो देर रात तक चलता रहा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के धाम में आकर प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान दिबियापुर की जनता के लिए श्री बाबा परमहंस निःशुल्क एंबुलेंस सेवा की भी शुरुआत आयोजक मंडल द्वारा की गई। यह जानकारी कमेटी के सदस्य संजीव पोरवाल ने दी। कमलाकर दुबे, नवीन पोरवाल, नरेंद्र राठौर, संतोष मिश्रा, बिल्लू पोरवाल, अमित पोरवाल, अजय, मुकेश मद्दीलाल, राघवेंद्र शुक्ला, श्रीनिवास बड़े, संतोष सोनी का सहयोग रहा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

## नाबालिग को भगाने में रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा थानाक्षेत्र के निवासी पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि प्रार्थी रिश्तेदारी में गया था। घर पर प्रार्थी की पत्नी व दो पुत्री थीं।

30 अप्रैल को लगभग 1 बजे प्रार्थी की 13 साल की पुत्री घर से बिना बताए चली गई। जब घर पर देखा तो पता चला कि प्रार्थी की पुत्री 4200 रुपये और सोने-चांदी के जेवर साथ लेकर गई है। प्रार्थी को रमाकांत पुत्र प्रकाश पाल निवासी वंशी थाना अछल्दा पर शक है। प्रार्थी रमाकांत के घर गया तो पता चला कि वह भी कल से गायब है। उन्होंने रमाकांत व उनके रिश्तेदारों पर पुत्री को भगाने के आरोप लगाए हैं। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### हेरोइन व गांजा बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस ने दो अलग-अलग जनपदों से भारी मात्रा में गांजा और हेरोइन बरामद कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी असम तो दो आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। मिर्जापुर के चुनार थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 लाख कीमत के 200 ग्राम हेरोइन के साथ धीरज व भोलू को गिरफ्तार किया है। धीरज चुनार के निवासी हैं, जबकि भोलू अहिरौरा का रहने वाला है। वहीं मऊ के सरायलखंसी थाना पुलिस ने 65 किलो गांजा के साथ विजयीपुर गोपालगंज, बिहार के धनी और विवेक तथा उदालगढ़ी असम के रहने वाले मनु को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाने में लिखापढ़ी कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

# जॉब नहीं सिर्फ पहचान के लिए बनवाए गए कार्ड

## सत्यापन में न मिल रहे श्रमिक न आधार कार्ड, कई बाहर कर रहे काम



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1.52 करोड़ श्रमिक में 83.56 फीसद सत्यापित सक्रिय में 82.31 का सत्यापन

**अमृत विचार :** प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बने जॉब कार्ड का 100 फीसद सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें ज्यादातर श्रमिक गांव के बाहर काम कर रहे या फिर सत्यापन के दौरान नहीं मिलते हैं। कुछ की मृत्यु हो चुकी है तो कई सत्यापन के लिए आधार कार्ड नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। इस कारण कुल 1,52,21,426 श्रमिकों में 1,27,18,286 (83.56 फीसद) का सत्यापन हो पाया है। जबकि शेष की गिनती 100 दिन के रोजगार में नहीं है।

यह कह सकते हैं कि जॉब कार्ड रोजगार के लिए नहीं योजनाओं का लाभ और पहचान के लिए बनवाएं हैं। वहीं, सक्रिय श्रमिकों में 1,00,56,810 में 82,77,761 (82.31 फीसद) का सत्यापन हुआ है। यह श्रमिक बराबर काम करने वाले हैं। कारण कुछ भी हो 100 फीसद सत्यापन के लिए संयुक्त आयुक्त (मनरेगा) अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

### मृतक व डुप्लीकेट जॉबकार्ड होंगे डिलीट

मृतक, डुप्लीकेट जैसी अन्य स्थिति वाले जॉब कार्ड डिलीट किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में समिति द्वारा जरूरतमंदों के नये कार्ड भी बनाए जाएंगे। दरअसल, जॉब कार्ड से गांव में मनरेगा के तहत श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार मिलता है। जॉब कार्ड धारक को आवास, पेंशन, शौचालय जैसी अन्य योजनाओं का लाभ भी मिलता है। बैंक खाता खोलना हो या अन्य पहचान के तौर पर भी जॉब कार्ड का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए योजना का लाभ लेने के बाद ज्यादातर के जॉब कार्ड कोरे हैं।

### इन जिलों में कम सत्यापन

| जिला | कुल श्रमिक | सक्रिय श्रमिक |
|---|---|---|
| बागपत | 79.87 | 48.96 |
| चंदौली | 63.72 | 61.41 |
| संतरविदास नगर | 64.70 | 61.78 |
| औरैया | 64.18 | 61.83 |
| बांदा | 67.09 | 67.07 |
| गाजीपुर | 64.04 | 63.43 |
| गौतमबुद्ध नगर | 53.91 | 63.73 |

(आंकड़े फीसद में)

### यहां 99 फीसद सत्यापन

| जिला | कुल श्रमिक | सक्रिय श्रमिक |
|---|---|---|
| बुलंदशहर | 99.22 | 98.96 |
| सिद्धार्थ नगर | 98.96 | 99.06 |
| मथुरा | 99.13 | 99.08 |
| ललितपुर | 99.47 | 99.62 |
| अयोध्या | 99.66 | 99.64 |
| आगरा | 99.62 | 99.76 |
| प्रतापगढ़ | 99.80 | 99.88 |

(आंकड़े फीसद में)

# गहरी डाली जाएगी पाइप लाइन, लीकेज करेंगे दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तमाम शिकायतों का शासन ने लिया संज्ञान, कार्रवाई के निदेश

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में गहरी पाइप लाइन नहीं डाली जा रही है। लीकेज की भी तमाम शिकायतें हैं। शासन ने संज्ञान लेकर खराब गुणवत्ता व मानक विपरीत कार्य होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीण इलाकों में हर घर नल योजना का कार्य दिसंबर 2024 तक पूर्ण कर सभी घरों में जलापूर्ति करने का लक्ष्य है। जिलों पर मानक विपरीत और खराब निर्माण सामग्री के इस्तेमाल होने की शिकायतें हैं। कहीं गहरी पाइप लाइन नहीं डाली जा रही तो कहीं लीकेज है। शासन ने इन शिकायतों का संज्ञान लेकर समीक्षा, जिसमें गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुसार काम करने के निर्देश दिए हैं। जहां कमियां हैं, वहां फर्म द्वारा तत्काल सुधार किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश किए गए कि जहां कनेक्शन कर जलापूर्ति की जा रही है, वहां नियमित पानी की टेस्टिंग की जाए। आपूर्ति वाले गांवों का पोर्टल पर सत्यापन रिपोर्ट, लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने संबंधित निर्देश दिए गए हैं। जो परियोजनाएं पूर्ण हो गईं हैं, वे ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की जाएंगी।

# इंडी गठबंधन बनने के बाद से ही विवादों में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने कहा, स्वार्थ के लिए लगातार विवादास्पद बयान दे रहे गठबंधन के नेता



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरदोई और इटावा में जनसभा से पहले रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन बनने के बाद से ही विवादों में है। यही वजह है कि इनके नेताओं के लगातार विवादास्पद बयान सामने आ रहे हैं। यह इनके लिये नई बात नहीं है। यही इनका चरित्र है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन स्वार्थ का गठबंधन है। जो बयान भारत के दुश्मनों को अच्छे लगे, जिससे देश में विखंडन की स्थिति पैदा हो। यह लोग अपने स्वार्थ के लिए लगातार ऐसे विवादास्पद बयान दे रहे हैं। इसके जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अखंडता को अपूर्णीय क्षति भी पहुंचा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विकास की एक नई धारा के साथ जुड़ कर बेहतरीन लोकतांत्रिक माहौल की ओर जा रहा है। यहां पहले जो परिवारवादी सत्ता हावी थी, आज उसके दिन लद चुके हैं। वर्तमान में जनता के प्रतिनिधि सही मायने में चुने जा रहे हैं। इसका उदाहरण पंचायत चुनाव में देखने को मिला है। इसकी वजह से इनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक चुकी है। इससे ये लोग हताश-निराश हैं और इस तरह के बयान दे रहे हैं। इनके इन बयानों से पाकिस्तान खुश होता है, इसलिए वह इंडी गठबंधन से जुड़े राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के समर्थन में बयान देता है।

## एक लाख सुरक्षाकर्मियों की फौज होगी रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव-2024 के तीसरे चरण में 10 संसदीय सीटों के लिए कल मतदान होना है। सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए उप्र. पुलिस मुख्यालय एक लाख सुरक्षा कर्मियों को चुनाव क्षेत्र में भेज रहा है। सभी कार्मिक आज गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे।

गौरतलब हो कि कल संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होना है। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की मुस्तैदी के लिए एक लाख सुरक्षा कर्मियों को भेजा जा रहा है। इसमें सीआरपीएफ, पीएसी, उप्र. पुलिस, होमगार्डस के जवान शामिल हैं। सात हजार के करीब नागरिक पुलिस के निरीक्षक और उपनिरीक्षक भेजे जा रहे हैं, जबकि 60 हजार उप्र. पुलिस के आरक्षी शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी, होमगार्डस और केंद्रीय बलों के कार्मिकों को संख्या करीब 40 हजार के आसपास हैं।

# सपा प्रत्याशी सहित 31 के नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राजनाथ सहित 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए

**अमृत विचार :** लोकसभा लखनऊ सीट पर नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार देर रात पूरी हो गई। जिसमें सपा प्रत्याशी डॉ. आशुतोष सहित 31 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में खारिज हो गए।

यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा सहित 10 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए। लखनऊ लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 41 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दोपहर तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### रविदास मेहरोत्रा को पर्चा खारिज होने का था डर



लखनऊ लोकसभा सीट से 29 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने नामांकन किया था। इसके दूसरे ही दिन एक मई को इंडी गठबंधन से सपा के रविदास मेहरोत्रा ने पर्चा भरा। रविदास को नामांकन पत्र खारिज होने का डर था। इसलिए उन्होंने एक सेट में और पर्चा भरा। पर्चा खारिज होने के डर से सपा प्रत्याशी के तौर पर डॉ. आशुतोष ने 3 मई को नामांकन किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के आगे विपक्ष पस्त

## राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने मार्टिनपुरवा स्थित दुर्गा मंदिर में क्षेत्रवासियों के साथ बैठक करके लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

जेसी गेस्ट हाउस निराला नगर और विकास नगर सेक्टर-10 के वालिया लॉन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के आगे विपक्ष पूरी तरह पस्त है। भाजपा कार्यकर्ता भारत मां की संस्कृति, आस्था, गौरव और सम्मान की रक्षा की बात करते हैं, वहीं विपक्षी आतंकवादियों की मौत पर रोते हैं और सेना के जवानों के शौर्य और पराक्रम के सबूत मांगते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को दिया गया आपका एक-एक वोट 2047 के विकसित भारत की संकल्पना का आधार बनेगा और आतंकवादियों को चोट देने का काम करेगा।

सभा को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह चुनाव सनातन धर्म की रक्षा करने वालों और सनातन धर्म को समाप्त करने वालों के बीच है।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नीरज सिंह।

## अधूरे रह गए वादों पर बात नहीं कर रहे मोदी : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अधूरे रह गये वादों पर कोई बात नहीं कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने कहा कि कांग्रेस जनता की ओर से प्रधानमंत्री से लगातार सवाल कर रही है, पर वह खामोशी अख्तियार किए हुए हैं। कांग्रेस देशहित में उनसे सवाल पूछना जारी रखेगी। सीतापुर अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर सात साल से बंद क्यों है? यह भवन पिछली प्रदेश सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद से इसकी उपेक्षा की है। नतीजा यह है कि मरीजों को इलाज के लिए अक्सर लखनऊ आना पड़ता है।

# जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर के जरिए दुर्घटनाएं रोकने की तैयारी

## बीते तीन वर्षों के आधार पर सबसे ज्यादा मौतों वाले जिलों में बनाई जाएंगी 'मॉडल सेफ रोड'



नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** सर्वाधिक दुर्घटना और मौतों वाले जिलों में अतिशीघ्र 'जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर' विकसित किया जाएगा। इसके लिए बीते तीन वर्षों के आधार पर सबसे ज्यादा मृत्यु वाले जिलों में 'मॉडल सेफ रोड' बनाई जाएंगी। एक मार्ग एनएच (नेशनल हाइवे) को तय करना है तो दूसरी सड़क एसएच (स्टेट हाइवे) को चिह्नित करनी है।

प्रदेश में बीस जिले ऐसे हैं जिनमें सबसे अधिक करीब 43 प्रतिशत मौतें सड़क हादसों के दौरान होती हैं। मार्गों को चिह्नित कर सभी स्टेक होल्डर को जल्द से जल्द सड़क सुरक्षा समिति के 4-ई मॉडल (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजूकेशन और इमरजेंसी केयर) के तहत कार्यवाही शुरू कर परिणाम देना है। इसके लिए मुख्य सचिव की ओर से समिति के अध्यक्ष प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। सभी स्टेक होल्डर अथवा विभागों को कार्यवाही के लिए समयबद्ध 12 बिंदुओं की एक गाइडलाइन जारी की गई है। साथ ही जिला सड़क सुरक्षा कोष से एआरटीओ प्रशासन और प्रवर्तन को 5 लाख रुपये का बजट भी दे दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु जिस पर सड़क सुरक्षा समिति को बढ़ना है आगे

- ▸▸ जिलों की सीमा के अंतर्गत एचएचएआई और लोनिवि के अधीन चयनित की गई रोड का सेफ्टी ऑडिट किया जाए।
- ▸▸ ऑडिट रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर तत्काल क्रियान्वयन शुरू कराया जाए। बजटीय प्राविधान सड़क सुरक्षा कोष में शामिल किया जाए।
- ▸▸ अल्पकालिक (एक वर्ष में) और दीर्घकालिक (एक साल से अधिक) कार्ययोजना को वर्गीकृत कर कार्यों के लक्ष्य का निर्धारिण कर परिणाम दिया जाए।
- ▸▸ मॉडल सेफ रोड पर एएनपीआर (आटोमेटेड नंबर प्लेट रिकगनिशन) कैमरा और वे-इन-मोशन स्थापित कर ई-चालान किया जाए।
- ▸▸ पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल फोन प्रयोग, हेलमेट व सीट बेल्ट पर कार्यवाही।
- ▸▸ हाइवे पर तकनीकी खराबी के कारण वाहनों को खड़ा न होने दिया जाए। लगातार पेट्रोलिंग कर ऐसे वाहनों को तत्काल हटवाया जाए।
- ▸▸ दुर्घटना होने पर घायलों को त्वरित चिकित्सा के लिए ट्रामा केयर की व्यवस्था, इसमें आईएमए की भी सहायता ली जाए।
- ▸▸ खतरनाक स्थलों और मार्ग के अलग-अलग जगहों पर जागरूक करने वाले बैनर, होर्डिंग लगें। वॉल पेंटिंग से भी प्रचार प्रसार।
- ▸▸ ग्रामीण क्षेत्रों में हाइवे पर बने अवैध कट बंद करने, सीट बेल्ट व हेलमेट को लेकर स्कूलों और महाविद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की सहायता से जागरूकता अभियान समेत करीब दर्जनभर बिंदुओं पर कार्यवाही के लिए कहा गया है।

"सड़क सुरक्षा पखवाड़ा खत्म हो गया है। इस बार शासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत सर्वाधिक दुर्घटना और मौतों वाले 20 जिलों में एनएच और एसएच पर मॉडल सेफ रोड विकसित कर तय समय में सूचना देना है। इसके लिए प्रदेश के जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के जिम्मेदारों को गाइडलाइन भेज दी गई है। 'जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर' विकसित कर आमजन की राह सुरक्षित की जाएगी।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

### इस्कॉन प्रमुख के निधन पर राज्यपाल ने जताया दुख

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस्कॉन भारत के प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने कहा कि गोस्वामी का जीवन सर्व शांति व मानव कल्याण के लिए समर्पित था।

# सीएससी व आरआरसी से बढ़ेगी पंचायतों की आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम पंचायतों की आय सुविधाओं और सेवाओं से बढ़ाई जाएगी। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन मददगार बनेगा।

निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने आय बढ़ाने की योजना बनाई है। चुनाव बाद जिलों पर काम होगा। पंचायत भवनों में सीएससी संचालित होने से ग्रामीणों के आय, जाति, निवास बनवाना व अन्य योजनाओं के फार्म भरना आसान हो गया है। इसकी एवज में जो शुल्क आता है, वह ग्राम पंचायत की आय है। इसे और बेहतर तरह से संचालित किया जाएगा। वहीं, गांवों में संचालित कूड़ा कलेक्शन सेंटर (आरआरसी) की क्षमता और दायरा बढ़ेगा। इसके शुल्क से आय में इजाफा होगा। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में अपशिष्ट प्लास्टिक का कलेक्शन कर सड़क निर्माण के लिए दाने बनाकर बिक्री की जाएगी। गोशालाओं से वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री, मंदिरों पर पार्किंग, किराये पर दुकानें, पेयजल शुल्क आदि का पूरी तरह से संचालन कराया जाएगा।


## वर्ग पहेली-61

**बाएं से दाएं**

1. 1. कटाक्ष, उक्ति, वाक्य, जुमला 2. किसी उद्देश्य का विधान करने वाला पदसमूह, कथन 3. व्यंग्यपूर्ण बात 4. धोखा
2. 1. निडर, निर्भय 2. जिसे ख़ौफ़ या भय न हो।
5. 1. किसी विषय का पूरा विवरण सोद्देश्य लिखना या दर्ज़ करना, दस्तावेज़ीकरण, (रिकॉर्डिंग) 2. किसी चीज़ पर खोदने या उत्कीर्ण करने का कार्य।
6. तांगा, एक प्रकार की सवारी जिसको घोड़े खींचते हैं, टम-टम, इक्का।
7. मैना जाति की एक चिड़िया

**ऊपर से नीचे**

3. फ़कीरों जैसा, फ़कीरों की तरह।
4. (बाग) जहां लाखों की संख्या में वृक्ष हों, वृक्ष संपत्ति से समृद्ध।
5. 1. पारसी जाति वालों में पाप और अंधकार का देवता 2. शैतान।



### वर्ग पहेली-60 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | ब | द | | | | 2 अ |
| | | | 3 चं | | | खा |
| | 4 धु | लें | डी | | | ड़ा |
| 5 भ | | | 6 प | 7 ना | ह | |
| ले | | 8 आ | ति | श | | 9 मे |
| | 10 पं | गा | | न | | थु |
| | | ज़ | | | | न |

## सुडोकू-140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | 7 | 5 | | | | | 4 |
| | | 9 | | 2 | | 8 | | |
| 4 | | | | | | 7 | | 8 |
| | | | 3 | | 7 | | | |
| 5 | | 8 | | | | | | 2 |
| | | 4 | | 6 | | 3 | | |
| 8 | | 3 | | | 9 | 4 | | 6 |
| | 1 | | | | | 9 | 8 | |

### सुडोकू-139 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 14.40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 17.43 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज अचानक लाभ की आशा करेंगे तो निराश होना पड़ेगा। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। लोग स्वार्थ की भावना से आपको धोखा दे सकते हैं। आपको कानूनी विवादों में उलझना पड़ सकता है। मेहनत का संतोषजनक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष** – आज सामाजिक गतिविधियों में आप व्यस्त होने वाले हैं। संतान के सहयोग से लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम रहेंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध मिल सकते हैं। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** – आज आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्म निरीक्षण के लिए दिन उत्तम है। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच वैचारिक सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कर्क** – आज अधिकारियों की बातों का बुरा न मानें। बच्चों की गतिविधियों के कारण शर्मिंदा होना पड़ सकता है। कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने में आसानी होगी। किसी पर भी अत्यधिक विश्वास न करें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**सिंह** – आज पति-पत्नी के बीच अहम में टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में थोड़ी प्रतिकूलता रहेगी। अनजान लोगों से विवाद न करें।

**कन्या** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जॉब में आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रुका हुआ सरकारी काम हल हो सकता है। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**तुला** – आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी। अधिकारियों के विभाग में परिवर्तन हो सकता है। अनैतिक कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज दांपत्य जीवन में परस्पर सम्मान बनाए रखें। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। शेयर मार्केट से धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज सहयोगी आपके काम में टोका-टाकी न करें इसका ध्यान रखें। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन हो सकता है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे।

**मकर** – आज छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। उलझनों के बावजूद सभी काम के अनुसार ही पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। यदि आप किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ** – आज छोटी सी गलती बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। मानसिक दुविधाओं को दूर करने में सफल रहेंगे। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पाएंगे।

**मीन** – आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। काम के प्रति समर्पण होने से आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- कीमत – सुबह : 09.55
- जान से प्यारा – रात : 07.00

**&pictures**
- लिंगा – सुबह : 11.25
- पुलिस पावर – शाम : 05.05

**Sony Pix**
- द डार्क नाईट राइजेस – सुबह : 10.24
- 2012 – रात : 08.05

**Zee Cinema**
- शहंशाह – सुबह : 09.50
- जानवर – रात : 07.00

**Colors Cineplex**
- ज़ोंबी रेड्डी – सुबह : 11.08
- चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 06.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।

# सपा-बसपा के गढ़ में जीत की हैट्रिक को आतुर अनुप्रिया

मिर्जापुर संसदीय सीट

## सपा और बसपा भी खोया जनाधार वापस पाने के लिए कर रहीं संघर्ष , अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने भी उतारा है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** मिर्जापुर संसदीय सीट की गिनती वीआईपी श्रेणी में होती है। इस सीट से अपना दल-एस की नेता और केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल दो बार से सांसद हैं। इस बार वह यहां से लगातार तीसरी जीत के लिए संघर्षरत हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से जीत का भरोसा है, तो उनकी हैट्रिक रोकने के लिए उनकी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी उम्मीदवार उतार दिया है। समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को प्रत्याशी बनाया है तो पल्लवी ने उद्यमी दौलत सिंह को। बसपा ने मनीष त्रिपाठी पर दांव लगाया है। एक दौर था मिर्जापुर सीट सपा और बसपा का गढ़ कही जाने लगी थी, लेकिन 2014 की मोदी लहर में इन दलों के जनाधार में कमी आई और तब से अनुप्रिया पटेल ही जीत रही हैं। इस बार वह हैट्रिक लगाती हैं तो रिकार्ड बनेगा, क्योंकि इस सीट पर अभी तक किसी उम्मीदवार ने लगातार तीन बार जीत दर्ज नहीं की है।


सपा के राजेंद्र एस बिंद।


बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी।

## दो बार सांसद बनी थीं फूलन देवी

- 1991 में इस सीट से भाजपा के वीरेंद्र सिंह सांसद बने थे, लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो सपा मुखिया मुलायम सिंह ने यहां से दस्यु सुंदरी कही जाने वाली फूलन देवी को टिकट दिया। मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया। वह सांसद तो बन गईं लेकिन क्षेत्र में कम उपलब्धता के कारण 1998 में उन्हें भाजपा के वीरेंद्र सिंह के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि 1999 में फूलन देवी फिर जीतीं। फूलन देवी की हत्या के बाद 2002 में रामरति बिंद सपा के टिकट पर जीते। 2004 में बसपा के नरेंद्र कुशवाहा यहां से संसद पहुंचे। 2007 के उप चुनाव में भी बसपा जीती लेकिन 2008 के बाद जब परिसीमन हुआ और फिर 2009 में चुनाव हुआ तो सपा के बाल कुमार पटेल ने यहां से मैदान मार लिया। अब 2014 से यहां भाजपा से गठबंधन में अपना दल-एस जीत रही है।

## पीतल और कालीन उद्योग के लिए पूरी दुनिया में पहचान

- पीतल और कालीन उद्योग के लिए भारत ही नहीं पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले मिर्जापुर के मतदाताओं ने डकैत फूलन देवी को भी सांसद बनाया था। यहां से हर दल के उम्मीदवार को जीत मिली है। मतदाताओं ने कभी किसी को निराश नहीं किया लेकिन राजनीतिक दलों ने जरूर यहां के उद्योगों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। रोजगार यहां बड़ी समस्या है। हालांकि यह चुनाव का मुद्दा बनने से रहा क्योंकि यहां के मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों पर ही वोट करते हैं।
- अनुप्रिया पटेल हों या भाजपा नेता सभी यहां अनुच्छेद 370 के खात्मे, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों को जोर शोर से उठा रहे हैं। लेकिन सर्वाधिक शोर यहां मोदी की गारंटी का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक कौन से वादे पूरे किए हैं और कितनी कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है, इसे गिनाकर वोट मांगा जा रहा है। ऐसे में विपक्ष की पूरी कोशिश यही है कि वह मतदाताओं को यह समझाने में कामयाब हो जाए कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें तो संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म कर देंगे। सपा, बसपा और अपना दल कमेरावादी के लोग मतदाताओं को यही बात समझा भी रहे हैं कि चार सौ पार का नारा इसलिए ही है ताकि संविधान बदला जा सके। ऐसे में भाजपा और अपना दल एस के कार्यकर्ताओं को सफाई भी देनी पड़ रही है कि संविधान बदलने की बात कहकर विपक्ष गुमराह कर रहा है।

**2014** में नरेंद्र मोदी की लहर में पहली बार जीती थीं अनुप्रिया पटेल


**2019** में सपा, बसपा मिलकर भी अनुप्रिया पटेल को नहीं हरा पाईं थीं

### 2014 का जनादेश

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 4,36, 536 | 43 .32 |
| समुद्र बिंद | बसपा | 2,17,457 | 21.58 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 1,52,666 | 15 .15 |

### 2019 का चुनाव परिणाम

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 5,91,564 | 53 .34 |
| रामचरित्र निषाद | सपा | 3,59,556 | 32 .42 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 91,501 | 8 .25 |




### एक जून को डाले जाएंगे वोट

**18,97, 805** मतदाता
**9,94,546** पुरुष मतदाता
**9,03,154** महिला मतदाता
**105** थर्ड जेंडर मतदाता

### सातवें चरण में होगा मतदान

मिर्जापुर सीट पर सात मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 17 मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। एक जून को सातवें चरण में यहां मतदान होगा।


केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।


विधायक पल्लवी पटेल। अमृत विचार

## पीडीएम बनाम पीडीए की परीक्षा के साथ दो बहनों के बीच भी है घमासान

- सपा के टिकट पर विधायक बनीं पल्लवी पटेल ने पीडीएम मोर्चा बना रखा है। इसमें असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम उनकी अपना दल कमेरावादी के साथ सहयोगी है। पीडीएम का मतलब समझाते हुए वह कहती हैं कि यह मोर्चा पिछड़ा, दलित और मुसलमानों के हक की बात कर रहा है, जो उन्हें नहीं मिला है। उधर, सपा मुखिया अखिलेश यादव भी पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यक के हितों के नाम पर पीडीए को मजबूत करने की बात कर रहे हैं। पल्लवी पटेल ने अखिलेश के पीडीए की तर्ज पर ही पीडीएम बनाया है और वह यह बताने से नहीं चूक रही हैं कि वास्तव में मुस्लिम, दलित और पिछड़ों के हक की बात वही कर रही हैं। हालांकि उनका मोर्चा इंडिया गठबंधन को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा पाएगा, ऐसा नहीं लग रहा है। यह अलग बात है कि वह अपनी बहन अनुप्रिया को लेकर भी काफी मुखर हैं। यहां से उम्मीदवार को जीत दर्ज कराने के लिए प्रयासरत हैं।

## विधानसभा की पांचों सीटें एनडीए के पास

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें हैं। पांचों सीटें एनडीए के घटक दल भाजपा, निषाद पार्टी और अपना दल एस के पास हैं। इनमें तीन सीट भाजपा, एक- एक सीट निषाद पार्टी और अपना दल एस ने जीती थी।

## कृष्णा पटेल लड़ना चाहती थीं चुनाव

- इस लोकसभा सीट से अपना दल कमेरावादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन सपा से बात नहीं बनी। बताते हैं कि पल्लवी पटेल और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव की प्रमुख वजह यह भी रही। कृष्णा पटेल लगातार अनुप्रिया पटेल पर हमले कर रही हैं। कहा जा रहा है कि वह पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं भी वहां करेंगी।



## त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी अनुप्रिया

- अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार का चुनाव बहुत आसान नहीं दिख रहा है, यह कहने वाले लोकसभा क्षेत्र में तमाम लोग मिल जाएंगे। जानकार भी मान रहे हैं कि वह त्रिकोणीय लड़ाई में फंसती नजर आ रही हैं। बसपा ने ब्राह्मण चेहरे के रूप में छात्र नेता रहे मनीष त्रिपाठी को मैदान में उतारकर इस जाति के मतदाताओं के वोटों में सेंधमारी की कोशिश शुरू कर दी है। यहां निषाद, बिंद, मल्लाह मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में सपा ने उन्हें गोलबंद करने के लिए राजेंद्र एस बिंद को उतारा है। पार्टी ने 2019 में भी उन्हें टिकट दिया था लेकिन बाद में काटकर रामचरित निषाद को दे दिया था। तब सपा का बसपा से गठबंधन था। इसके बावजूद मोदी लहर में दोबारा अनुप्रिया जीतने में कामयाब हो गईं थी। तब उनकी जीत का अंतर दो लाख से अधिक था। अनुप्रिया पटेल को 5,91,564 वोट तो सपा के रामचरित्र निषाद को 3,59,556 वोट मिले थे। अनुप्रिया ने उन्हें 2,32,008 वोटों से हराया था। इससे पहले 2014 में अनुप्रिया ने बसपा के उम्मीदवार को 2,19,079 मतों से हराया था


चुनार का किला।

# तब सहानुभूति और मोदी लहर थी, अब राम नाम का सहारा

## भाजपा प्रत्याशी के सामने अखिलेश की चुनौती के सामने दूसरी बार चुनावी वैतरणी पार करने की चुनौती

कन्नौज लोकसभा

इरा अवस्थी, कन्नौज


अखिलेश यादव।


सुब्रत पाठक।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़कर मंजिल तक पहुंचने की तैयारी में है। रविवार को इटावा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्नौज के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए वोट यह कहकर मांगा कि यह समझें कि वोट उनको (मोदी) जाएगा। इसका असर क्या होगा यह तो नहीं कह सकते लेकिन अतीत में लौटें तो 2019 में सुब्रत को मोदी लहर के साथ ही पिता के आकस्मिक देहावसान की सहानुभूति भी मिली थी। अब पांच साल पूरे होने के बाद 'काम' की कसौटी के अलावा राम और मोदी का नाम उनके साथ है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार उनके लिए चुनावी वैतरणी पार करके सीट बरकरार रखना किसी चुनौती से कम नहीं है।

2009 में पहला चुनाव सुब्रत पाठक ने भाजपा के टिकट पर सपा के अखिलेश यादव के विरुद्ध लड़ा था। तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा था और अगला चुनाव डिंपल यादव से हारे। बावजूद इसके भाजपा नेतृत्व का भरोसा उन पर कायम रहा और तीसरी बार टिकट पाने के साथ इस भरोसे की लाज भी उन्होंने बचा ली बरसों बरस सपा के कब्जे से सीट छीनकर पार्टी नेतृत्व की आंखों के तारे बनने में कामयाब हुए। उल्लेखनीय है कि 2014 में जबर्दस्त मोदी लहर थी लेकिन वह चुनाव नहीं जीत सके थे। वर्ष 2019 में दो फरवरी की सुबह काल बनकर आई और उनके पिता, फूफा की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। यह गाज गिरी तो उनके समेत पूरा परिवार ही टूट गया। इसके दो माह बाद ही लोकसभा चुनाव आ गए। इस बार सुब्रत ने डिंपल को मामूली अंतर से शिकस्त देने में कामयाबी पाई। जानकारों के मुताबिक एक तो मोदी लहर कायम थी, ऊपर से उनके पिता के निधन से स्थानीय लोगों में सहानुभूति भी थी। उनके पिता स्व. ओमप्रकाश पाठक का व्यापारियों के साथ ही समाज में भी सम्मान रहा तो इसका भी राजनीतिक फायदा कहीं न कहीं सुब्रत को मिला। लेकिन इस बार की कहानी कुछ अलग है। लोग उन्हें अपनी आंकाक्षाओं के साथ विकास कार्यों के तराजू पर तौल रहे हैं। दूसरी तरफ व्यापारी समाज के एक वर्ग के खफा होने की खबरे हैं। विगत दिनों झींझक में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसंघ से जुड़े रहे बुजुर्ग व्यापारियों ने उनको वोट देने के मुद्दे पर विभिन्न समस्याएं रखते हुए आक्रोश जताया था। इसके साथ ही दो दिन पहले उमर्दा क्षेत्र के बरुआहार गांव पहुंचे तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत को विरोध का सामना करना पड़ा था। ऐसे में साफ है कि भाजपा को यह सीट बचाए रखने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ेगा। स्थितियां कुछ जटिल इसलिए भी हैं कि इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं प्रत्याशी हैं तो बसपा का भी प्रत्याशी मैदान में है। सपाई भी एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। वे हर हाल में यह सीट वापस करने को लेकर आतुर हैं तो बसपा भी नुकसान पहुंचाने वाली है। यह बात अलग है कि रविवार को इटावा में आयोजित विशाल जनसभा मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आह्वान किया है कि सुब्रत पाठक को वोट देंगे तो वह उनके खाते में जाएगा।

मांगा समर्थन


हरियाणा के गुरुग्राम से कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेता राजबब्बर ने समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उन्हें हल भेंट किया और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

आंदोलन


कर्नाटक में जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रवन्ना के अश्लील वीडियो सामने आने से नाराज दिल्ली महिला कांग्रेस की नेताओं ने प्रदर्शन किया और रवन्ना की गिरफ्तारी की मांग की। केंद्र सरकार पर रवन्ना का बचाने का आरोप लगाया।

# कभी जोश और जश्न के अखाड़े थे, अब चुनावी रौनक लापता

महेश शर्मा, कानपुर

- सन्नाटे में डूबे पड़े शहर के पॉवर सेंटर, समय के साथ बदल गई राजनीतिक तस्वीर
- यादवों की उम्मीदों को झटका मेहरबान सिंह का पुरवा की सियासी हलचल खत्म
- श्रीप्रकाश के पोखरपुर आवास पर लगता था मेला, टिकट वहीं से तय हुआ करते थे
- आरएसएस की गतिविधियों का केंद्र था बैरिस्टर नरेंदजीत का बंगला, अब खामोशी

**अमृत विचार।** भाजपा को लगातार मिल रही चुनावी बढ़त और बदलते समीकरण और वक्त के साथ चुनावी चाल ने इस बार कानपुर के पॉवर सेंटरों को एक तरह से जैसे खत्म कर दिया है। चुनावी रौनक लापता है। ये पॉवर सेंटर जिन पर राजनीतिक घरानों के नाम से भी जुमलेबाजी कसी जाती थी अब शांत और सन्नाटे में डूबे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े ऐसे करीब पांच पॉवर सेंटर कानपुर में चर्चित थे, जो समय के साथ अपना रुतबा गंवाते नजर आ रहे हैं।

मेहरबानसिंह का पुरवा उत्तर प्रदेश की मिनी कैपिटल के नाम से चर्चित था। जनता पार्टी के जमाने में 1977 में यह छोटा सा गांव तब चर्चित हुआ जब चौधरी रामगोपाल यादव को चौधरी चरण सिंह ने बिल्हौर (परिसीमन से पहले) लोकसभा सीट से टिकट दिया था। वह जीते। इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव जनता पार्टी की सरकार बनी। उनके छोटे भाई चौधरी हरमोहन सिंह यादव ने उनकी राजनीतिक विरासत संभाली। प्रदेश में समाजवादी विचारधारा वाली पार्टी जनता पार्टी की टूट के बाद भी बढ़ती रही। यादव महासभा के समर्थन से मुलायम सिंह यादव को चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत का सही उत्तराधिकारी माना गया। पहले जनता दल फिर समाजवादी पार्टी बनी। मेहरबानसिंह का पुरवा को राजनीतिक हवा-पानी मिलता रहा और चौधरी हरमोहन कानपुर व इर्दगिर्द मजबूत होकर उभरे। उनके पुत्र जगराम दो बार विधायक रहे। सुखराम एमएलसी रहे बाद में विधान परिषद के सभापति हुए। और सपा ने ही उन्हें राज्यसभा भेजा। लेकिन पहले हरमोहन सिंह यादव फिर मुलायम सिंह के निधन के बाद तो मेहरबान सिंह का पुरवा तो जैसे राजनीतिक रूप से अनाथ हो गया। चौधरी सुखराम सिंह यादव के पुत्र मोहित सिंह यादव भाजपा में हैं। सुखराम चुप होकर बैठ गए। वह मोदी के प्रशंसक हैं। वह कहते भी हैं कि मोदी के हाथों देश सुरक्षित है। बहरहाल शहर के एक कोने में यह गांव फिर पहले जैसा हो गया है। कुछ स्कूल-कालेज खुलने से शैक्षिक चहल-पहल जरूर रहती हैं। लेकिन नेताओं ने मुंह मोड़ लिया है। इसी तरह जाजमऊ का वाजिदपुर भी सन्नाटे में है। मनोहरलाल और उनके पुत्र दीपककुमार के निधन के बाद उनकी विरासत रामकुमार ने संभाली पर सफल नहीं रहे।

सिविल लाइन में डॉ वीरेंद्र स्वरूप का बंगला। एक दौर था जब कांग्रेस की राजनीति यहीं से तय होती थी। 99 साल से एमएलसी की सीट इसी परिवार के पास रही। लेकिन भाजपा की मोदी लहर के के बाद अरुण पाठक ने परिवार के चिराग मानवेंद्र स्वरूप को दो बार हरा दिया। इस पर परिवार ने राजनीति को ही अलविदा कह दिया। दरअसल जगेंद्रस्वरूप, नगेंद्र स्वरूप और रागेंद्र स्वरूप के निधन के बाद उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी सुस्त पड़ गए। अब बात श्रीप्रकाश जायसवाल की। उनका आवास पोखरपुर भी वीरान सा हो गया है।

सन 1984 से लेकर 2019 तक जायसवाल की खासी धाक हुआ करती थी। उनके आवास पर मेला लगता था। टिकट और संगठन के पद वहीं से तय हुआ करते थे। उधर, अजय कपूर का लाल क्वार्टर वाला कांग्रेसी ग़ढ़ भी सूना-सूना सा है। अब अजय कपूर भाजपा में चले गए हैं, पर करीब दस साल तक सियासी बियाबान में भटकने वाले हैट्रिक विधायक रहे भाजपा की आंधी में उड़ने के बाद कमल का फूल खिलाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के लिए गली-गली वोट मांग रहे हैं।

आरएसएस का गढ़ कहा जाने वाला बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह का सिविल लाइन वाला बंगला भी सूना है। बैरिस्टर के सुयोग्य पुत्र वीरेंद्र पराक्रमाजीत सिंह ने क्षेत्रीय संघ चालक के पद को स्वेच्छा से त्याग दिया है। नागपुर में प्रतिनिधि सभा में खुद को दायित्व मुक्त कर लिया। उनकी पुत्र वधू नीतू सिंह का नाम मेयर और बाद में सांसदी की टिकट के लिए चला पर टांय-टांय फिस्स हो गया। उनके पिता सांसद सत्यदेव पचौरी का टिकट अबकी बार काट दिया गया। उनका स्वरूप नगर वाला बंगला भाजपा का पॉवर सेंटर हुआ करता था। बात वामदलों की करें तो उनके अड्डे की रौनक भी ठंडी पड़ी है। सिविल लाइन में पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल का बंगला खाली-खाली सा रहता है। सुभाषिनी 1989 में माकपा से सांसद चुनी गयीं थी। पार्टी का आधार समाप्त सा हो गया है। सुभाषिनी माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य हैं।

## चुनावी चक्कर

**जब इंदिरा ने विपक्षी उम्मीदवार का कराया नामांकन:**

चुनावों का एक दौर ऐसा भी था जब कुछ उम्मीदवार कई सीट से एक साथ और बार-बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने के लिए देश भर में प्रसिद्ध थे। इस सूची में ग्वालियर के मदन लाल धरती पकड़, कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित घोड़े वाला और बरेली के काका जोगिंदर सिंह की प्रसिद्धी किसी लोकप्रिय राजनेता से कम नहीं थी। ये तीनों विधानसभा और लोकसभा ही नहीं राष्ट्रपति तक के चुनाव में ताल ठोकते और हारते थे। एक साथ कई सीटों से नामांकन करते थे। मदन लाल धरती पकड़ ने तो ग्वालियर में माधवराव सिंधिया के खिलाफ कई बार चुनाव लड़ा। दरअसल, घोडे पर चलने वाले कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित रायबरेली से कई बार इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लडे। उन्होंने अपने जीवन में लगभग 300 बार चुनाव लड़ा। ऐसे में इंदिरा गांधी भी उन्हें अच्छी तरह जानने-पहचानने लगीं। एक बार जब रायबरेली से भगवती प्रसाद दीक्षित ने लोकसभा चुनाव में नामांकन नहीं किया तो इंदिरा गांधी को भी आश्चर्य हुआ। वे कानपुर से चुनाव प्रचार करके सड़क मार्ग से जा रही थीं तभी भगवती प्रसाद रास्ते में मिल गए। उन्होंने अपनी कार रुकवाई और दीक्षित जी से पर्चा दाखिल न करने का कारण पूछा। दीक्षित जी ने इस बार जमानत राशि का जुगाड़ न हो पाने की मजबूरी बतायी। इसके बाद जो हुआ वो काफी दिलचस्प था। इंदिरा गांधी ने अपने पास से उन्हें 250 रुपए देते हुए कहा कि वे उनके मुकाबले मैदान में नहीं होंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। दीक्षित जी ने इसके बाद रायबरेली से भी नामांकन दाखिल कर दिया था।

## बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक एक बूंद से ही कमल खिलेगा


स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बीते 10 वर्षों के कामों को जनता तक ले जाने और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों के कंधों पर है। आप सभी बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक-एक बूंद से ही कमल खिलेगा। उन्होंने यह बात रविवार को फूलपुर में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही।

स्वतंत्र देव ने कहा कि जब भी हमारे देश में चुनावी शंखनाद होता है तब भाजपा के बूथ अध्यक्ष सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हैं और विजयी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता को बूथ तक पहुंचाकर बीते सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने का समय आ गया है। वहीं दुसरी ओर वाराणसी में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को मछली शहर लोकसभा के पिंडारा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सहभागिता की।

# उत्तराधिकार को लेकर अंसारी परिवार में दरार

### उमर कर रहे थे चुनाव की तैयारी अफजाल ने बेटी को किया आगे

### सुनियोजित तरीके से नुसरत गई थीं मंदिर फिर वायरल कराया वीडियो

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** गाजीपुर लोकसभा सीट से अफजाल अंसारी चुनाव लड़ पाएंगे अथवा नहीं यह फैसला 13 मई को हाईकोर्ट के निर्णय के बाद होना है। लेकिन अफजाल ने सजा की आहट को भांपते हुए वैकल्पिक रूप से अपनी बेटी को बिना पारिवारिक सलाह के मैदान में उतार दिया है।

वहीं दूसरी ओर मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी स्वयं मैदान में उतरने की ख्वाहिश में थे, लेकिन नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से परिवार के अंदर ही राजनीति शुरू हो गई है। पुख्ता सूत्रों के मुताबिक उमर को अफजाल का लड़ना तो स्वीकार है, लेकिन उनकी अनुपस्थित में वह स्वयं अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनना चाहते हैं। अब ऐसे में नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से अंसारी परिवार में ही दरार पड़ गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट को तीन मई को ही अफजाल अंसारी के भविष्य पर फैसला करना था। इसीलिए अफजाल अंसारी ने तीन मई से पहले ही अपनी बेटी नुसरत को उतार दिया था। बताया जा रहा है कि नुसरत अंसारी सिर्फ एक मंदिर में जाकर दर्शन नहीं किया बल्कि उस दिन कई मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किए। इस वीडियो को जानबूझकर अफजाल अंसारी कैंप से ही वायरल कराया गया, ताकि सजा से पहले ही अफजाल का उत्तराधिकारी घोषित हो जाए। इसी बीच हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 13 मई कर दी।

उधर, मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे इस विचार में थे कि अगर अफजाल अंसारी को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाता है तो वही अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनेंगे। संभवतः उन्हें यह नहीं पता था कि नुसरत के प्रत्याशी बनने की घोषणा अचानक कर दी जाएगी। अब यह दरार अंसारी परिवार में धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। उमर अंसारी कैंप के कुछ लोगों ने बताया कि परिवार में ही बगावत की स्थित आ गई है। उधर, इंडी गठबंधन उम्मीदवारी को लेकर नजर गड़ाए हुए है। इसी बीच गाजीपुर से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने इस दरार को मीडिया के सामने रखकर आग में घी डाल दिया है।

अंसारी परिवार में दरार की भनक भाजपा को भी लग चुकी है, ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार अंसारी परिवार की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। खासबात ये है कि उमर अंसारी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।







## अपनी ढपली अपना राग


सपा पीडीए की बात करती है लेकिन पिछड़ों-दलितों के मान सम्मान के संरक्षण के लिए काम करने वाले मोदी जी से नफ़रत करती हैं। - भूपेन्द्र चौधरी


भाजपा कैसे परिवारवाद पर सवाल कर सकती है? परिवार का कोई सदस्य इलेक्शन में जाता है, तब जनता डिसाइड करती है कि उसे चुनना है या नहीं। - डिंपल यादव


हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है, सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार। - नीरज सिंह


गांधी परिवार की नौकरी नहीं कर रहा। मैं शुद्ध रूप से नेता हूं। स्मृति ईरानी को भी हराऊंगा। -किशोरी लाल शर्मा

# सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ीं सीटों पर मायावती ने उतारे मुस्लिम प्रत्याशी

### सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले से भाजपा समेत अन्य दल उलझे

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव के खिलाफ बसपा ने मुस्लिम खां को टिकट दिया है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव के खिलाफ चौधरी बशीर को चुनाव मैदान में उतारा है। यहीं नहीं, आजमगढ़ लोकसभा सीट से साहीबा अंसारी को बदलकर मशहूद अहमद को उतारा है, सपा के धर्मेन्द्र यादव को कड़ी टक्कर देने के लिए सीट पर तीसरी बार प्रत्याशी बदला है।

इसी तरह तमाम लोकसभा सीटें हैं जिन पर अखिलेश यादव के परिवार से या सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं, बसपा ने करीब 20 मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारकर सपा के लिए चुनौती खड़ी की है। इसे सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी के रूप में देखा जा रहा है। इसके लिए बसपा को किसी किसी सीट पर तो दो से तीन बार प्रत्याशी बदलने पड़े हैं।



एकला चलो की रणनीति पर चुनाव लड़ने वाली बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा से न केवल भाजपा के लिए चुनौती पेश की है, बल्कि इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गत लोकसभा चुनाव 2019 में मात्र छह मुस्लिम प्रत्याशी उतारने वाली बसपा ने इस चुनाव में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा की हाई प्रोफाइल सीटों पर त्रिकोणिय मुकाबला बना दिया है। गत लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसदों में तीन मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत भी दर्ज की थी। पिछले इतिहास को दोहराने के लिए इस बार भी मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर दांव चला है।

मुस्लिम प्रत्याशियों पर केन्द्रीय सीटों की बात करे तो रामपुर में 50.10 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं मुरादाबाद में 45.50 फीसदी, बिजनौर में 41.7 फीसदी, सहारनपुर में 39.1 प्रतिशत और मुजफ्फर नगर में 38.1 प्रतिशत आबादी है। इसी तरह बसपा ने अधिकांश उन सभी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी दिये हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं के पक्ष में आने से सीट के परिणाम बदल सकते हैं।

दूसरी तरफ पार्टी की चुनावी सभाओं में बसपा सुप्रीमो मायावती और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, बताते भी हैं कि मुस्लिमो की बात तो अन्य दल भी करते हैं, मगर किसी भी दल ने सरकार में रहते हुए मुस्लिमों के लिए कुछ अलग से नहीं किया है, केवल बसपा ही है जो कहने के साथ करती भी है। मुस्लिमों को पार्टी में बहुत सम्मान है।

वहीं दूसरी ओर बसपा ने कई लोक सभा क्षेत्रों में ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है जो कि सीधे तौर पर सपा के परंपरागत वोटों को काट सकते है, जिसका सीधा नुकासान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को होगा और फायदा भाजपा प्रत्याशी को। ऐसे में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी और शीर्ष नेतृत्व बसपा की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि उन्हें कम से कम नुकसान हो।

### 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि प्रदेश में बसपा दूसरे नंबर की पार्टी है, बीते लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसद थे, जबकि सपा के पास मात्र पांच ही थे। इस लिहाज से प्रदेश में बसपा ही भाजपा से मुकाबला कर रही है। मुस्लिम प्रत्याशियों को ज्यादा टिकट देने के संबन्ध में उनका कहना है कि बसपा में किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होता है। पार्टी, 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' के सिद्धांत पर अमल करती है। पार्टी में मुस्लिम को सम्मान है उतना ही सवर्ण, ओबीसी व अनुसूचित वर्ग को मिला है। यहीं वजह है कि पार्टी ने सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाया है, करीब करीब सभी वर्गो को बराबर की हिस्सेदारी मिली है।

### ये हैं बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी

1- सहारनपुर- माजिद अली
2- मुरादाबाद से इरफान सैफी
3 - रामपुर से जीशान खां
4- संभल से शौलत अली
5 - अमरोहा से मुजाहिद हुसैन
6 - आंवला से आबिद अली
7- पीलीभीत से अनीस अहमद खां फूल बाबू
8- कन्नौज से इमरान बिन जफर
9- लखनऊ से सरवर मलिक
10- गोरखपुर - जावेद सिमनानी
11- एटा से मो.इरफान एडवोकेट
12- वाराणसी से अतहर जमाल
13- बदायूं से मुस्लिम खान
14- डुमरियागंज से मो. नदीम मिर्जा
15- फिरोजाबाद से - चौधरी बशीर
16- महाराजगंज से मो. मौसमे आलम
17- अंबेडकर नगर से कमर हयात अंसारी
18 - संत कबीर नगर से नदीम अशरफ
19- आजमगढ़ से मशहूद अहमद
20- श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान

# मतदान में बचे सिर्फ सात दिन, नहीं दिख रहा उत्साह

### सपा- भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में रह चुके हैं सांसद, बसपा प्रत्याशी पर थी जनता की नजर

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार:** हरदोई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी बहुत पहले से ही घोषित थे। चुनाव नजदीक आते ही सपा ने भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया, लेकिन बसपा का प्रत्याशी सबसे देर में घोषित हुआ। लोग इस बात का अंदाजा लगा रहे थे कि शायद किसी रणनीति के तहत बसपा अपना प्रत्याशी देर में घोषित करे।

सपा, भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में सांसद रह चुके हैं। इनसे क्षेत्र की जनता भली भांति परिचित थी, लोगों को उम्मीद थी कि शायद बसपा कोई जोरदार प्रत्याशी खड़ा करे। जनता भी बसपा के प्रत्याशी का इंतजार कर रही थी, क्योंकि अन्य दोनों दलों के प्रत्याशी का कार्यकाल कई बार जनता देख चुकी है। इसीलिए चुनाव में लोगों को कोई रुचि नहीं दिखी। उम्मीद थी कि बसपा का दमदार प्रत्याशीआने के बाद जनता भी अपना रुख चुनाव की ओर करेंगी, लेकिन बसपा ने जिसे प्रत्याशी को घोषित किया। उन्होंने जनता को और भी निराश कर दिया। नतीजतन चुनाव को मात्र सात दिन बचे हैं, लेकिन किसी के चुनाव के प्रति कोई उत्साह नहीं है।

गौरतलब हो कि भाजपा ने यहां कई बार सांसद रहे वर्तमान सांसद जयप्रकाश को अपना प्रत्याशी बनाया। सबसे पहले भाजपा ने ही अपना प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि इससे पूर्व कई महीनों से जयप्रकाश सक्रिय थे। उनका टिकट लगभग फाइनल माना जा रहा था। जयप्रकाश कई बार यहां सांसद रह चुके हैं। चुनाव के बाद अधिकांश वह जिले से दूरी ही बनाए रखते हैं। हरदोई के अलावा उन्नाव जिला भी उनका राजनैतिक क्षेत्र है। उनकी पत्नी वहां जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। जब हरदोई की जनता ने महत्व नहीं देती है, तब वह उन्नाव में जाकर राजनीतिक करने लगते हैं। हालांकि जनता ने उन्हें कई बार यहां से मौका दिया, लेकिन चुनाव के बाद वह कभी भी जनता के अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। 1991 में वह यहां से लोकसभा पहुंचे, उसके बाद 1996 में सांसद बने। 1999 में भी वह यहां से सांसद रहे। वर्तमान में भी वह यहां से सांसद है। लगभग 33 साल से वह हरदोई में राजनीति कर रहे हैं, लेकिन जनता का जुड़ाव उनसे कभी भी नहीं रह पाया। हैं। उनकी कार्यप्रणाली से जनता अच्छी तरह वाकिब है, इसलिए जनता का कोई विशेष झुकाव उनकी ओर नहीं है। यहां के लोग सिर्फ पार्टी को ही वोट करेंगे। लगभग यही स्थिति सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा की भी है। वह कई बार सांसद रहीं।

प्रदेश सरकार ने भी वह मंत्री रहीं, लेकिन न तो उन्होंने कभी जनता से विशेष जुड़ाव किया और न ही जिले को कोई विशेष सौगात दिला पाईं। वह हरदोई की जनता के लिए नई नहीं हैं, उनके ससुर परमाई लाल प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। सास जदुरानी विधायक रहीं। उनकी ननद अनीता वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं। जेठानी राजेश्वरी देवी भी विधायक रहीं। यह सब परमाई लाल के जनता के स्नेह व उनके कार्यों की वजह से भिन्न पदों पर सुशोभित रहे, लेकिन जनता का जुड़ाव परमाई लाल के बाद इनके परिवार के किसी सदस्य से नहीं हो पा रहा। आज भी लोग परमाई लाल की वजह से उनके परिवार वालों को वोट करते हैं। ऊषा वर्मा से यहां की जनता भली भांति परिचित है, इसलिए जनता उनकी ओर भी विशेष उत्साहित नहीं है। सपा के परंपरागत वोट व परमाई लाल के वोट के अलावा ऊषा वर्मा का खुद का कोई वोट बैंक नहीं है, जबकि वह कई बार सांसद व मंत्री भी रहीं। ऊषा वर्मा को लेकर भी कोई उत्साहित नहीं है।

इस चुनाव में लोग 33 साल से इन चेहरों को देखकर बदलाव का मन बना रहे थे, उन्हें उम्मीद बसपा से थी कि बसपा कोई नया प्रत्याशी लाएगी, जो सक्रिय होगा। जनता बड़ी उम्मीदों से बसपा की ओर देख रही थी, जब तक बसपा का प्रत्याशी नहीं घोषित हुआ, तब तक सपा व भाजपा के प्रत्याशी व उनके समर्थक भी चिंतित थे, उन्हें डर था कि कोई दमदार प्रत्याशी न आ जाए। लोग से बसपा की रणनीति बता रहे थे। बसपा का टिकट घोषित होने से पहले कई नामों की चर्चा हो रही थी। अगर उन नामों में से किसी को टिकट मिलता तो शायद चुनाव का स्वरूप दूसरा होता, लेकिन बसपा ने दूसरे जिले के भीमराव अंबेडकर को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। चुनाव को अब सात दिन शेष बचे हैं। नामांकन से लेकर अब तक बसपा प्रत्याशी की ओर जनता का कोई झुकाव नहीं हुआ। बसपा के प्रत्याशी ने भी जनता को निराश किया। यही वजह है कि जिले में कहीं पर भी चुनाव का कोई माहौल नहीं दिखाई पड़ रहा है।

### हार-जीत को लेकर कोई चर्चा नहीं


इस बार के चुनाव में जनता के बीच कोई न चर्चा है और न ही किसी प्रत्याशी को लेकर हार-जीत को लेकर अटकल लगाई जा रही है। चुनाव सिर्फ भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के बीच सिमट कर रह गया है। चुनाव में जनता की बेरुखी भांप प्रशासन चिंतित है। यही वजह है कि लगातार स्वीप कार्यक्रमों के तहत मतदान की अपील गांव से लेकर शहर तक की जा रही है। अब देखना है कि 13 मई को जनता चुनाव में कितना रुचि दिखाती है।

### भाजपा हैट्रिक लगाने की जुगत में

भाजपा 2014 और 2019 में यहां से लोकसभा चुनाव जीत चुकी है और 2024 में हैट्रिक लगाने के लिए जुगत लगा रही है, 2014 के चुनाव में मोदी लहर में हरदोई सीट भी भाजपा के खाते में आ गई, भाजपा के उम्मीदवार अंशुल वर्मा ने शानदार जीत हासिल करते हुए 81,343 मतों के अंतर से बसपा के शिव प्रसाद वर्मा को हरा दिया। हालांकि 2019 के चुनाव में बीजेपी ने अंशुल वर्मा का टिकट काट दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरदोई सदर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार जय प्रकाश रावत और समाजवादी पार्टी की उषा वर्मा के बीच चुनावी मुकाबला हुआ, जिसमें बीजेपी के प्रत्याशी को जीत मिली, जय प्रकाश रावत के खाते में 568,143 वोट आए तो ऊषा वर्मा को 435,669 वोट ही मिले, ऐसे में जय प्रकाश ने 1,32,474 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए और सांसद चुन लिए गए।

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा


| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| सपा | उषा वर्मा | 4,35,669 |
| कांग्रेस | वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |




2019 नोटा
11,024

### 2014 चुनाव का लेखा जोखा

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |




2014 नोटा
7,660

### इलेक्शन बायस्कोप




बड़े लोगों के बड़े अभियानों में जब बच्चे उत्साहित करने के लिए आगे आते हैं तो उनसे सभी का प्रेरित होना स्वाभाविक है। फिर, अभियान लोकसभा चुनाव जैसा हो तो मतदान के प्रति बच्चों के जागरुकता अभियान से कौन भला नहीं आकर्षित होगा। कुछ इसी कवायद में लखनऊ के ऐशबाग टरेहटा स्थित नया शिव मंदिर में बच्चों संग मतदाता जागरूकता अभियान चलाते आदिज्योति सेवा समिति के सदस्य। -अमृत विचार

# 47 वर्षों में चौथी बार चुनावी मैदान में नहीं उतरा गांधी परिवार

### राजीव गांधी की मृत्यु के बाद 1991 1996 व 1998 में नहीं लड़ा चुनाव


नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी में गांधी परिवार के पदार्पण के बाद ये चौथा चुनाव है जब गांधी परिवार से कोई प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं उतरा है। इसके पहले राजीव गांधी की मौत के बाद 1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा चुनाव लड़ चुके हैं। राहुल गांधी के रायबरेली जाने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी में गांधी परिवार से अलग कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ने जा रहा है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। अमेठी में 47 वर्षों तक कांग्रेस का सांसद रहा है जिसमें 31 वर्षों तक सिर्फ गांधी परिवार ने प्रतिनिधित्व किया है। 1977 के चुनाव में संजय गांधी के आने पर अमेठी से गांधी परिवार के रिश्ते की शुरुआत हुई थी। 1977 के चुनाव में उन्हें हार मिली लेकिन 1980 में वे जीतने में कामयाब रहे। उनकी विमान दुर्घटना में मौत के बाद 1981 से 1991 तक राजीव गांधी ने लगातार चार बार चुनाव जीता। लेकिन 1991 में 20 मई को मतदान के बाद 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु में हत्या कर दी गई।

सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने से 1977 में अमेठी पदार्पण के बाद ये पहला मौका था जब गांधी परिवार से अलग राजीव गांधी के करीबी सतीश शर्मा को 1991 के उपचुनाव में उतारा गया था। वे 1991 का चुनाव जीतने में सफल भी रहे। 1996 व 1998 में भी गांधी परिवार से किसी ने चुनाव नहीं लड़ा। सतीश शर्मा ने 1996 में भी विजय पताका फहराई लेकिन 1998 में उन्हें भाजपा के संजय सिंह से पराजय का सामना करना पड़ा था। करीब 08 वर्षो के ब्रेक के बाद 1999 के चुनाव में गांधी परिवार से सोनिया गांधी का अमेठी आगमन हुआ। 1999 में जहां सोनिया गांधी को बड़ी जीत मिली वहीं उनके रायबरेली जाने के बाद अमेठी आए राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में जीत दर्ज कर हैट्रिक भी लगाई लेकिन 2019 में उन्हें भाजपा की स्मृति इरानी से पराजय का सामना करना पड़ा।





वायनाड का चुनाव संपन्न होने के बाद राहुल गांधी के अमेठी आने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन नामांकन के अंतिम दिन किशोरी लाल शर्मा को टिकट मिलने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी की चुनावी रणभूमि में गांधी परिवार नहीं उतरा है।

### गांधी परिवार के करीबी रहे हैं दोनों प्रत्याशी

1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार से अलग चुनावी मैदान में उतरे सतीश शर्मा हो या 2024 में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा। दोनों ही गांधी परिवार के काफी करीबी रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा ने हालांकि इसके पहले कोई चुनाव नहीं लड़ा है लेकिन उन्हें गांधी परिवार को अमेठी और रायबरेली में चुनाव लड़ाने के लिए मजबूत रणनीति बनाने का काफी अनुभव है।

# वोट की लड़ाई अब आरक्षण पर आई

चुनावी मुद्दे की पड़ताल

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा के 400 पार नारे के बाद सुलगी चिंगारी ने चुनावी अभियान में दोनों तरफ बयानबाजी की जबर्दस्त आग लगाई
- इंडिया गठबंधन के नेता चुनावी रैलियों में भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लगातार लगा रहे आरोप
- पीएम मोदी ने कांग्रेस से लिखित गारंटी तक मांगी कि संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देगी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान के साथ इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि वोटों की लड़ाई संविधान के रास्ते से होती हुई आरक्षण के मुद्दे पर टिकती नजर आ रही है। भाजपा के 400 पार नारे के बाद विपक्ष की तरफ से सुलगाई गई इस चिंगारी ने धीरे-धीरे दोनों तरफ बयानबाजी की ऐसी आग लगा दी है कि शायद ही कोई दिन होगा जब सत्तापक्ष और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की ओर से आरक्षण पर बयान नहीं दिया जा रहा हो। आरक्षण पहले भी कई चुनावों में अहम मुद्दा बनता रहा है। सभी पार्टियां इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकती रही हैं। चुनाव चाहे विधान सभा का रहा हो या लोकसभा का। इस मुद्दे पर सत्ताधारी और विपक्षी दल आमने-सामने होते रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह इस बार भाजपा और कांग्रेस के साथ सपा, राजद और बसपा जैसे दल साल 2024 के चुनाव में आरक्षण को लेकर आर-पार के मूड में दिख रहे हैं, उससे आरक्षण कहीं सबसे बड़ा मुद्दा बनने की तरफ तो नहीं बढ़ रहा है। अब जनता के वोट इस मुद्दे पर पड़ेंगे या नहीं, या कितने और कहां पड़ेंगे, इस बारे में तो कोई भी पक्के यकीन से कुछ नहीं सकता, लेकिन इतना साफ है कि विपक्ष को आरक्षण के दांव से भाजपा पर हमला करने का एक बड़ा हथियार हाथ लग गया है, जबकि भाजपा इस मुद्दे के चलते 2019 के चुनाव में हाथ आया दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक आसानी से निकलने नहीं जाने देना चाहती है।

## दोनों गठबंधन आरक्षण समर्थक तीर चुनावी, निशाना वोट बैंक

देश में लोकसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए दोनों प्रमुख गठबंधनों की तरफ से तमाम बातें और मुद्दे उछाले जा रहे हैं, लेकिन संविधान से छेड़छाड़ और आरक्षण हटाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का तो जैसे हंगामा सा बरपा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दल यह आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का बनाया संविधान और लोगों के पास से वोट की ताकत खत्म करना चाहती है। वह दलित, पिछड़े और शोषित समाज से आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, आप नेता संजय सिंह जैसे तमाम नेताओं ने पिछले एक पखवाड़े में ऐसे तमाम बयान या चुनावी सभाओं में भाषण दिए हैं, कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में आरक्षण खत्म करने का मन बना रही है। राहुल गांधी अपनी रैलियों में लगातार भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर संविधान और आरक्षण को लेकर निशाना साध रहे हैं। इसी कारण संघ प्रमुख मोहन भागवत को आगे आकर कहना पड़ा है कि उनका संगठन आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करता है। मुद्दे को बढ़ता देखकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह को बार-बार यह कहने के लिए बाध्य होना पड़ा है कि देश में कोई भी सरकार आ जाए आरक्षण नहीं खत्म कर सकती है। भाजपा यह उदाहरण भी दे रही है कि प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने के कोर्ट के आदेश के खिलाफ भाजपा ने ही कानून बनाया है, वह भी तब जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल कई दलों ने इसका विरोध किया था। प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं में कई बार कर्नाटक का उदाहरण दे चुके हैं कि किस तरह वहां मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देने के लिए पिछड़ों का हक मारा गया है। बात आगे निकलने पर उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से इस बात की लिखित गारंटी तक मांगी है कि वे सत्ता में आने पर संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। मोदी चुनावी रैलियों में बार-बार यह बात दोहरा रहे हैं कि कांग्रेस आरक्षण पर डाका डालकर उसे मुसलमानों को देने जा रही है।



### फेक वीडियो, फ़र्जी प्रचार, ध्रुवीकरण भी बना हथियार

- आरक्षण को लेकर वोट हथियाने की चुनावी लड़ाई में मामला इतना बिगड़ा कि गृहमंत्री अमित शाह का फेक वीडियो तक जारी कर दिया गया। मामला इतना संवेदनशील है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ फर्जी वीडियो जारी करने का मामला दर्ज हो गया। अमित शाह को सामने आकर कहना पड़ा कि सबसे पहले कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया, उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा। इसके बाद कर्नाटक में सभी मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है। कांग्रेस की हताशा और निराशा यहां तक पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ भाजपा नेताओं का फेक वीडियो बनाकर फॉरवर्ड करने का काम किया है।

### वोट हथियाने की चुनावी चाल ज्यादा

- विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दों में भले ही कोई सच्चाई नहीं हो, यह चुनावी चाल देश की बड़ी आबादी को गुमराह करके उनके वोट हथियाने के लिए चली गई हो, लेकिन भाजपा को जिस तरह इस मुद्दे पर में सफाई देने पड़ रही है, उससे यही नजर आ रहा है कि इंडिया गठबंधन इस मुद्दे पर उसे घेरने में सफल रहा है।

### कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग के अधिकार मुस्लिमों में बांटे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर यह कह रहे हैं कि कांग्रेस दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिमों को हिस्सा देना चाहती है तो बात बेवजह भी नहीं है। कांग्रेस अगर पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देती तो बात समझ में आती। कांग्रेस ने तो कर्नाटक में सभी मुस्लिमों को ओबीसी में डाल दिया। इस बारे में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि मुसलमानों को ओबीसी के दायरे में लाकर सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण देना वास्तविक पिछड़ी जातियों के साथ नाइंसाफी है। कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों की सभी 37 जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए अल्पसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग की नई श्रेणी बनाई और उन्हें ओबीसी में शामिल कर लिया।

### भाजपा का कहना कांग्रेस शुरू से आरक्षण के खिलाफ

- भाजपा का कहना है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जाति-जन जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को यह पसंद नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि उन्हें आरक्षण की व्यवस्था पसंद नहीं है। लेकिन आज राहुल गांधी अपने नाना की विचारधारा के उलट वादा कर रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो वे जाति सर्वेक्षण कराएंगे। जिसकी जितनी आबादी निकलेगी, उसे उस हिसाब से आरक्षण का लाभ देंगे।

### पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस ने की थी आनाकानी

- भाजपा नेता कांग्रेस के समय में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए बने काका कालेलकर मंडल आयोग का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि दोनों आयोगों ने रिपोर्ट दी लेकिन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उसे रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया। वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री बने तो 1990 में उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। इसलिए राहुल गांधी या कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया अलायंस अगर अपने को आरक्षण समर्थक और भाजपा को आरक्षण विरोधी साबित करना चाहता है, तो यह बात बेमानी है। यही नहीं, 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद ही लंबित पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक स्वरूप प्रदान किया गया।




मतदाताओं से संवाद करतीं गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन। अमृत विचार

# गांडेय सीट पर जीतेंगी कल्पना या दिलीप वर्मा खिलाएंगे कमल

चुनाव डेस्क






**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गांडेय विधानसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। कल्पना सोरेन इस सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से हेमंत सोरेन ने यह सीट चंपई सोरेन को दी थी। यहां के मतदाता उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं। पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान भी पूरे राज्य में वही संभाल रही हैं।

2019 में जब विधानसभा चुनाव हुआ था तो इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद जीते थे। लेकिन जब मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने नाटकीय ढंग से त्यागपत्र दे दिया। तब कहा गया कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इस सीट से उप चुनाव लड़ेंगी। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने विधायक दल की बैठक की थी लेकिन पारिवारिक सदस्यों के विरोध के कारण उन्होंने कल्पना की जगह चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। अब यह सीट खाली है तो कल्पना सोरेन चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों के साथ ही कई बड़े नेता प्रचार कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद ने भाजपा के प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को हराया था।तीसरे नंबर पर एजेएसयू के अर्जुन बैठा थे। कल्पना सोरेन मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि झारखंड के विकास को रोकने के लिए उनके पति को जेल भेजा गया है। वह पति के द्वारा कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाती हैं। इस क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी मतदाताओं का जबरदस्त प्रभाव है। विधायक पद से त्यागपत्र देने वाले सरफराज अहमद इस वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सदस्य हैं। वे कल्पना सोरेन के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। यह सीट डॉ. सरफराज की प्रतिष्ठा से भी जुड़ी हुई है क्योंकि त्यागपत्र देने पर ही उन्हें राज्यसभा भेजा गया था।

पाला बदल



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं नार्थ ईस्ट लोकसभा सीट से उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आप के हरियाणा के सह-प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह समेत कई नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# चिराग पासवान के लिए विरासत बचाने की चुनौती

हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र

चुनाव डेस्क



चिराग पासवान।

- राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम को इस सीट से बनाया है उम्मीदवार
- 2019 में मिली हार का बदला लेने के प्रयास में लगे शिवचंद्र राम, कई पूर्व मंत्री कर रहे प्रचार

**अमृत विचार।** बिहार की हाजीपुर संसदीय सीट पर हर किसी नजर है। यहां लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान जहां पिता और चाचा की विरासत बचाने के लिए मैदान में हैं तो उनके सामने राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ताल ठोक रहे हैं। मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी शिवचंद्र राम इस सीट जीतने के लिए पशुपति कुमार पारस के समर्थकों को भी अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 2019 में इस सीट से जीते पशुपति कुमार पारस ने लोजपा को तोड़कर अलग पार्टी बनाई थी। इस सीट पर उन्होंने दावा ठोका था लेकिन न सिर्फ उन्हें भतीजे के लिए यह सीट छोड़नी पड़ी बल्कि उनकी पार्टी को एनडीए के घटक दल के रूप में कोई सीट भी नहीं मिली। पहले उन्होंने एनडीए से अलग होने की बात की बाद में मान गए अब भतीजे के लए वोट मांग रहे हैं पर यह माना जा रहा है कि उनकी नाराजगी दूर नहीं हुई है। इसी का फायदा राजद और उसके सहयोगी दल यहां उठाना चाहते हैं। हालांकि कितना उठा पाते हैं यह वक्त बताएगा।

हाजीपुर लोकसभा सीट 1957 से 1971 तक कांग्रेस पार्टी लगातार जीती। इस सीट पर कांग्रेस को हराने के लिए कोशिशें तो खूब हुईं पर सफलता किसी को नहीं मिली, लेकिन 1977 के चुनाव में समाजवादी आंदोलन से जुड़े रामविलास पासवान यहां जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे और उन्होंने ने जीत दर्ज की। उन्हें जनता का अपार समर्थन दिया था। जब 1980 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान जनता पार्टी सेक्युलर के टिकट पर मैदान में आए। मतदाताओं ने फिर उन्हें सांसद बनाया। लेकिन 1984 में यह सीट कांग्रेस ने फिर से जीत ली। इस सीट पर कब्जे के लिए विरोधी दलों ने कोशिश तो खूब की लेकिन मतदाताओं ने उनके दावों को नकार कर कांग्रेस को अपना लिया था। हालांकि जब 1989 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान इस सीट पर जनता दल के टिकट पर मैदान में आए और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। उन्होंने इस क्षेत्र में ढेरों काम कराए। हालांकि जनता दल ने इस सीट पर 1991 में श्याम सुंदर दास को मौका दिया और वे जीते भी। रामविलास पासवान 1996, 1998 ,1999 में जनता दल से जीते। 2004 में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर भी जीते थे। 2009 में यहां से जदयू के श्याम सुंदर जीत गए थे। 2014 में रामविलास पासवान फिर यहां लोजपा से जीत दर्ज करने में सफल हुए थे।

### पशुपति के समर्थकों पर राजद की नजर

- 2019 में रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर इस सीट जीते थे। हालांकि 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद वे भतीजे चिराग पासवान से अलग हो गए और कई सांसदों के साथ उन्होंने अलग पार्टी बना ली और केंद्र में मंत्री भी बने। इस चुनाव में उनकी पार्टी को एक भी एनडीए की तरफ से नहीं दी गई है। पहले वे इसी सीट से दावेदारी ठोक रहे थे। भतीजे चिराग ने उन्हें यहां मात दे दी थी। ऐसे में इस चुनाव में वे भी एक फैक्टर हैं। भले ही एनडीए के साथ हैं पर उनके समर्थकों की चुप्पी चिराग पासवान और उनके समर्थकों को भी अखर रही है। राजद नेता और कई पूर्व मंत्री लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

### शिवचंद्र राम 2019 में भी हारे थे

- 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा के पशुपति कुमार पारस ने 5,41,310 वोट पाकर राजद के शिवचन्द्र राम को हराया था। शिवचंद्र राम को तब 3,35,861 वोट प्राप्त हुए थे। इस बार शिवचंद्र राम फिर मैदान में हैं। बस फर्क इतना है कि उनके सामने पशुपति कुमार पारस की जगह उनके भतीजे चिराग पासवान हैं। शिवचंद्र राम बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं। उनका नाम बड़े दलित नेताओं की सूची में शामिल है।

# गीता कोड़ा और जोबा मांझी के बीच कड़ी टक्कर

सिंहभूम संसदीय सीट

चुनाव डेस्क



गीता कोड़ा।



जोबा माझी।

- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी पर जताया है विश्वास
- कांग्रेस की बागी गीता कोड़ा भाजपा की खेवनहार बनने को कर रही हैं मशक्कत

**अमृत विचार।** झारखंड की सिंहभूम संसदीय सीट हॉट सीट कही जा रही है। इसी संसदीय क्षेत्र में आने वाली सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधायक जो हैं। इस सीट को झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में डाला उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने यहां से कांग्रेस से बगावत कर आईं सांसद गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है तो उनके मुकाबले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी समर में हैं। जोबा मांझी अपनी जीत का आधार बनाने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बना रही हैं। यह बताने की कोशिश कर रही हैं कि राज्य के विकास को रोकने के लिए उन्हें गलत तरीके से ईडी ने गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी से सहानुभूति बटोरेने की कोशिश कर रहीं जोबा के समर्थन में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी दिन रात एक किए हुए हैं।

सिंहभूम की गिनती झारखंड की चर्चित सीटों में होती है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर 2019 में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उम्मीदवार बनाया था। तब उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को पटखनी दी थी। लक्ष्मण गिलुवा उस समय इसी सीट से 2014 में जीते थे तब उन्होंने गीता कोड़ा को हराया था। उस समय गीता जय भारत समानता पार्टी की उम्मीदवार थीं। गीता को पता था कि इस चुनाव में उनका टिकट कांग्रेस काट सकती है क्योंकि सीट समझौते के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में जाएगी। ऐसे में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और टिकट थमा दिया। गीता कोड़ा की मजबूत चुनौती को देखते हुए ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनसे मुकाबले की जिम्मेदारी जोबा माझी को दी। जोबा वर्तमान में मंत्री तो हैं हीं भाजपा और राबड़ी देवी की सरकार में भी मंत्री रह चुकी हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की कोशिश तो झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने की है लेकिन इस सीट पर उनका कुछ ज्यादा ही फोकस नजर आ रहा है। सरायकेला से विधायक चंपई सोरेन की टीम रात दिन एक कर जोबा की जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है। संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने का भय दिखाकर यहां भाजपा के खिलाफ वोटा मांगा जा रहा है तो गीता कोड़ा इसी सीट से 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते अपने पति एवं पूर्व सीएम मधु कोड़ा के कार्य, मोदी की गारंटी और 2019 से अब तक कराए गए खुद के कार्यों के दम पर वोट मांग रही हैं।

### पांच सीटों पर काबिज है झामुमो

इस लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की छह सीटें हैं। इनमें से पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है जबकि एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। इसी क्षेत्र की मनोहरपुर विधानसभा सीट से जोबा मांझी विधायक हैं। सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी मुख्यमंत्री हैं। गिरफ्तारी से पूर्व जब हेमंत सोरेन ने त्यागपत्र दिया तो चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद संभाला था।

### 1996 में पहली बार जीती थी भाजपा

- इस सीट पर 1957 से 1977 तक झारखंड पार्टी का कब्जा रहा। लगातार पांच चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार जीते। इसके बाद 1980, 1984 और 1989 में यहां कांग्रेस जीती। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहां परचम लहराया लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा के चित्रसेन सिंकू जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। हालांकि यह जीत अगले चुनाव में बरकरार नहीं रही। 1998 के चुनाव में कांग्रेस के विजय सिंह सोय ने यहां जीत दर्ज की और फिर 1999 में यहां भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते पर 2004 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में यह सीट गई। 2009 में मधु कोड़ा निर्दलीय जीते। 2014 में लक्ष्मण गिलुवा को जीत मिली तो 2019 में कांग्रेस से गीता कोड़ा यहां से सांसद बनीं।

मांगे वोट



पश्चिम बंगाल के बर्धमान लोकसभा सीट से टीएमसी उम्मीदवार कीर्ति आजाद के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कीर्ति आजाद की जीत के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगा।

# शुरुआती दो चरण के बाद मोदी लगा चुके शतक : शाह

## गृह मंत्री ने आंध्र प्रदेश में जताया भरोसा, कहा-तीसरे चरण के बाद 400 सीट के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे

**धर्मवरम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान रविवार को दावा किया कि देश में आम चुनाव के शुरुआती दो चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शतक लगा चुके हैं और 400 से ज्यादा सीट पाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अमित शाह ने के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीट की संख्या 100 से अधिक हो गई होगी। अमित शाह ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक रैली को संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के सहयोगियों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि राहुल गांधी सहित इस गठबंधन का कोई भी नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है, जबकि दूसरी ओर पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन किया है। उन्होंने कहा, ''देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव के



साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहा है। आम चुनाव के पहले दो चरण समाप्त हो चुके हैं। पहले दो चरण में मोदी 100 सीट पाकर आगे हैं। तीसरे चरण में वह 400 से ज्यादा सीट हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया और धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा, तेदेपा और जनसेना गठबंधन की लड़ाई को ताकत देने के लिए आंध्र प्रदेश आए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी हैं, वह आपका आरक्षण छीनना चाहते हैं : राहुल



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और वह आरक्षण छीनना चाहते हैं। तेलंगाना के आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि मौजूदा आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है, जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है जबकि भाजपा-आरएसएस मिलकर इसे और जनता के अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा-नरेन्द्र मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगी और आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के अन्य नेता भी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। यह आरोप लगाते हुए कि मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया है, गांधी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू की गई अनुबंध प्रणाली आरक्षण को हटाने के समान है। उन्होंने कहा-हम सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र में अनुबंध प्रणाली को हटा देंगे। अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी नौकरियां मिलेंगी।

### दिल्ली की गर्मी में छाता लेकर निकले पर्यटक...



नई दिल्ली में इस समय तापमान बढ़ने से भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी के कर्त्तव्य पथ पर घूमने वाले पर्यटक छाता लेकर निकल पड़े। ● एजेंसी

## एक नजर

### दरभंगा में राजद एवं भाजपा प्रत्याशी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**दरभंगा।** दरभंगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के दो प्रत्याशियों से स्पष्टीकरण पूछा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी ललित कुमार यादव एवं भाजपा के गोपाल जी ठाकुर से चुनाव प्रचार संबंधी खर्चे का ब्यौरा व्यय लेखा पंजी में अंकित नहीं होने के कारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा 48 घंटे के अन्दर उनसे लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि व्यय प्रेक्षक ओम प्रकाश तिवारी द्वारा लेखा पुस्तिका के प्रथम जांच में यह पाया गया कि उक्त दोनों प्रत्याशियों के व्यय लेखा पंजी में चुनाव प्रचार संबंधी खर्चे का ब्यौरा व्यय लेखा पंजी में अंकित नहीं किया गया है।

### मणिपुर में ओलावृष्टि से मची तबाही

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गये और पेड़ उखड़ गये। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और कई घरों की बिजली उड़ गयी। सड़कों पर मलबा बिखरने से यातायात बाधित हो गया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि सभी डीएम को रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

## रोहित वेमुला की मौत की जांच में थीं कई विसंगतियां : वेणुगोपाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव ने किया दावा

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की मौत के मामले में पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं और तेलंगाना में उसकी सरकार वेमुला के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। तेलंगाना पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक अदालत के समक्ष 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी वास्तविक जाति के बारे में सबको पता न चल जाए।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि रोहित वेमुला की मौत ने भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-राहुल गांधी जी समेत कांग्रेस इस कठिन समय में रोहित वेमुला के परिवार के साथ खड़ी है। वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित 'क्लोजर रिपोर्ट' जून 2023 में तैयार की गई थी। उन्होंने कहा-पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं। तेलंगाना में



कांग्रेस सरकार रोहित के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस पिछले साल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराकर राज्य में सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा-इतना ही नहीं, जब हम केंद्र में सरकार बनाएंगे तो हम एक 'रोहित वेमुला अधिनियम' पारित करेंगे जो विशेष रूप से परिसरों में जाति और संप्रदाय के आधार पर होने वाले अत्याचारों की समस्या से निपटेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछली पृष्ठभूमि के किसी भी छात्र को कभी उस दुर्दशा का सामना न करना पड़े जो रोहित ने झेली। रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का उनसे अनुरोध किया था।

## केरल के युवकों को दी गई सामुदायिक सेवा की सजा

**अलाप्पुझा, एजेंसी**

### लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला

केरल के अलाप्पुझा जिले में लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य के मोटर वाहन विभाग ने इस सिलसिले में पांच युवाओं को सजा के रूप में सामुदायिक सेवा करने को कहा है।

वीडियो में युवक चलती हुई कार की खिड़कियों पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मावेलिक्कारा संयुक्त सड़क परिवहन अधिकारी ने कार चालक का लाइसेंस निलंबित कर दिया है और आरोपी युवकों को सामुदायिक सेवा में भाग लेने के लिए सोमवार से चार दिनों के लिए अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट करने को कहा है। संयुक्त आरटीओ एम जी मनोज ने कहा-दुर्घटना पीड़ितों की पीड़ा को समझाने के लिए आरोपी युवकों को अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में सेवा का काम सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद युवकों को सामुदायिक सेवा गतिविधि के हिस्से के रूप में गांधी भवन भी भेजा जाएगा।

## अग्निकांड मामले में एनजीटी ने सीपीसीबी एमसीडी और अन्य से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पिछले महीने गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर आग लगने की घटना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों से पांच सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अधिकरण 21 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने की घटना के संबंध में एक अखबार की रिपोर्ट पर मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि समाचार रिपोर्ट ने पर्यावरण मानदंडों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है।

### कांग्रेस के अंतरिम प्रमुख देवेंद्र यादव ने औपचारिक रूप से पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभालने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। यादव ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया। यादव ने कहा-मुझे इस पद के लिए नामित करने को लेकर मैं कांग्रेस को धन्यवाद देता हूं। मैं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय माकन का आभारी हूं। कांग्रेस नेता ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और बहुत अधिक संघर्ष और कठिनाइयां देखी हैं।

## कोलकाता पुलिस के पत्राचार को नजरअंदाज करें: बोस

**कोलकाता, एजेंसी**

- राज्यपाल ने राजभवन के सभी कर्मचारियों को दिया निर्देश
- महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ का मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को राजभवन के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे उनके खिलाफ एक महिला कर्मचारी की छेड़छाड़ की शिकायत के संबंध में कोलकाता पुलिस के किसी भी पत्राचार को नजरअंदाज करें। यह निर्देश कोलकाता पुलिस द्वारा राज्यपाल के खिलाफ महिला के आरोप की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने के बाद आया है।

बोस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-यह स्पष्ट है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 361(2) और (3) के मद्देनजर, राज्य पुलिस किसी भी तरह से माननीय राज्यपाल के खिलाफ पूछताछ/जांच/किसी भी प्रकार की कार्यवाही



शुरू नहीं कर सकती है।" उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। राजभवन के कर्मचारियों के लिए एक विज्ञप्ति के रूप में तैयार किए गए पोस्ट में राज्यपाल ने कहा-उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी।

### संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर राज्य को बदनाम करने के लिए संदेशखालि की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगाया, जहां तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह उसके उस रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था। बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं लंबे समय से कह रही हूं कि भाजपा संदेशखालि घटना को अंजाम देकर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। स्टिंग ऑपरेशन से 'बांग्ला-विरोधियों' का असली चेहरा सामने आया, क्योंकि उन्होंने मेरी माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की थी। 13 मई को, राणाघाट के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि 'बांग्ला-विरोधियों' को बंगाल से बाहर कर दिया जाए।'' तृणमूल कांग्रेस ने कथित वीडियो जारी किया, जिसमें संदेशखालि में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले गंगाधर कायल को यह कहते सुना जा सकता है कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स को मिलीं रिकॉर्ड पेटेंट मंजूरियां

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख घरेलू कंपनियों- महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स को पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद और प्रक्रिया नवोन्मेषण से संबंधित रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम को 674 मंजूरियां मिलीं, जो उसका किसी एक साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं, टाटा मोटर्स को भी वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 333 पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम ने कहा कि उसे पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 674 पेटेंट मिले हैं। एमएंडएम के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश जेजुरिकर ने कहा-हम भविष्य के लिए तैयार रहने के महत्व को समझते हैं, इसलिए हमने आगे रहने के लिए शोध में निवेश सुनिश्चित किया है।

### भारत-घाना में भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-वे छह महीने के भीतर इस दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले दो वित्तीय वर्षों की रिपोर्ट जारी करके किया खुलासा

## 2 साल में 10 लाख करोड़ बढ़ा आवास ऋण बकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च,



2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से किफायती आवास खंड में सरकार के प्रयासों के कारण तेजी देखी गई है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

### सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है काम

विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी (कारोबार के लिए तैयार) रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी (बी-रेडी) विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है। रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है। पहली बी-रेडी रिपोर्ट 25 सितंबर, 2024 को जारी की जाएगी। बिजनेस रेडी रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के पूर्व के 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स' की जगह लेगी। विश्व बैंक ने पिछली रिपोर्टों में आंकड़ों में बदलाव के संबंध में कई अनियमितताओं के बाद 2020 में अपनी 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' के प्रकाशन को रोकने का फैसला किया था। नई रिपोर्ट में 10 विषयों को केंद्र में रखा गया है जो किसी फर्म की गतिविधियों को शुरू करने, संचालित करने, बंद करने या पुनर्गठित करने के दौरान उसके जीवनचक्र को कवर करते हैं। ये विषय- कारोबार प्रवेश, कारोबार स्थान, उपयोगिता सेवाएं, श्रम, वित्तीय सेवाएं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कराधान, विवाद समाधान, बाजार प्रतिस्पर्धा और कारोबार के दिवालिया होने से संबंधित हैं।

### देश में 1.85 लाख नई कंपनियों का हुआ गठन

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष (2023-24) में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का पंजीकरण हुआ। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में पंजीकृत कंपनियों की संख्या से कहीं अधिक है। इस साल मार्च में लगभग 16,600 कंपनियां स्थापित की गईं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में 18,132.16 करोड़ रुपये की सामूहिक चुकता पूंजी के साथ 1,59,524 कंपनियां पंजीकृत हुई थीं। मार्च, 2024 के अंत में देश में कुल 26,63,016 कंपनियां थीं और इनमें से 16,91,495 या 64 प्रतिशत कंपनियां सक्रिय थीं। आंकड़ो से पता चलता है कि इनमें से कम से कम 9,31,644 पंजीकृत कंपनियां बंद हो गईं, 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां परिसमापन के तहत थीं। कुल 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाने की प्रक्रिया जारी थी।

## प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की ली गई अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्तों के तहत प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति ली है। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया था। इस फैसले से बड़ी संख्या में किसानों को मदद मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जबकि महाराष्ट्र सहित कई प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में



लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। सरकार 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) के साथ ही 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया है। इस शुल्क को देखते हुए 770 डॉलर प्रति टन या 64 रुपये प्रति किलोग्राम से कम भाव पर प्याज निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का निर्णय उपभोक्ता मामलों के विभाग की सिफारिश पर लिया गया है। विभाग देश में प्याज की उपलब्धता और कीमत की स्थिति पर नजर रखता है।

### एफआईयू ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने देश के आर्थिक चैनलों में धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे अपराधों की जांच के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली को बेहतर बनाया है। इसके तहत एफआईयू ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाते हुए अत्याधुनिक 2.0 संस्करण को चालू किया है। ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत थी, क्योंकि बैंकों और विभिन्न अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से विश्लेषण और जांच के लिए डेटा की मात्रा निरंतर बढ़ रही है।

## भारत का एडीबी से वृद्धि, साझा समृद्धि को नजरअंदाज न करने का आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने रविवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से आग्रह किया कि वह एशिया प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देशों के लिए सतत वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ-साथ शेष गरीबी को कम करने को नजरअंदाज न करे।

एडीबी की 57वीं वार्षिक बैठक में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स बिजनेस सत्र' में हस्तक्षेप करते हुए भारत के अस्थायी वैकल्पिक गवर्नर विकास शील ने कहा कि बैंक ने वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं की चुनौतियों और वितरण को प्रभावी ढंग से संबोधित करते हुए तेजी से आर्थिक वृद्धि के उपायों को मजबूती देने, गरीबी को कम करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा-हम चिंता के साथ देखते हैं कि आर्थिक वृद्धि और शेष गरीबी से निपटने को अपनी रणनीति 2030 की समीक्षा में एडीबी के बढ़े हुए फोकस क्षेत्रों में जगह नहीं मिली है। हम एडीबी से आग्रह करते हैं कि विकास और साझा समृद्धि पर एडीबी के चार्टर जनादेश को नजरअंदाज न करें। उन्होंने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में त्वरित समावेशी और सतत वृद्धि की दिशा में काम करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में आई कमी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 68,417.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछला सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का रहा। बुधवार को 'महाराष्ट्र दिवस' पर बाजार में अवकाश था। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

## आम चुनाव की वजह से एफपीआई सतर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मई में अब तक शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये डाले

भारत में आम चुनाव की वजह से विदेशी निवेशक 'देखो और इंतजार करो' की नीति अपना रहे हैं। चालू महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में सिर्फ 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं मार्च में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 35,098



करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, मई में पहले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है और ऋण या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत में आम चुनाव पूरे जोरों पर हैं। विदेशी निवेशकों ने चुनाव नतीजे आने तक 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अमेरिका में नौकरियों के ताजा आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती का संकेत देते हैं। वेतन बढ़ोतरी चार प्रतिशत से कम है, जो श्रम बाजार की कमजोरी का संकेत हैं। शेयर बाजार की दृष्टि से यह अच्छी खबर है। यही वजह है कि शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया था।

# कंगाल पाकिस्तान झेल रहा महंगाई की मार, बढ़े दूध के दाम

*कराची। वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के कराची में अब दूध 210 रुपये (पाकिस्तानी) प्रति लीटर पर बिकने लगा है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, कराची आयुक्त ने डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन की मांग मानते हुए कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इससे पहले दूध के दाम में 50 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि किए जाने का अनुमान था। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर इस कीमत वृद्धि की मार पड़ी है।*

- पाकिस्तान पर कुल कर्ज बढ़कर 63 .39 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये हो गया है। इसमें 40 .95 लाख करोड़ घरेलू कर्ज और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज 22 .43 लाख करोड़ रुपये का है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को लेकर वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट कहा था पाकिस्तान में आने वाले समय में थोड़ा बहुत जो विकास होगा वह अमीरों तक ही सीमित रहेगा। इसके चलते पाकिस्तान आर्थिक संकट के मद्देनजर अपने साथी देशों से बहुत पिछड़ गया है।



### क्या बोले-डेयरी फार्मर्स

डेयरी फार्मर्स कराची के अध्यक्ष मुबाशर कादीर अब्बासी के अनुसार, कराची के लोगों के लिए जल्दी ही 50 रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है। अब्बासी ने दुग्ध उत्पादन खर्च बढ़ जाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने 10 मई तक वृद्धि की घोषणा नहीं की तो उस स्थिति में भागीदार मामले को अपने हाथों में ले लेंगे और सहमति के बाद कीमत बढ़ाएंगे।

- पाकिस्तान में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) हो चुकी है। वहीं प्याज 250 रुपये किलो बिक रही है। मीडिया के मुताबिक ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रशासन सरकारी दामों को लागू करने में फेल रहा है। सरकार ने प्याज की कीमत 175 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तय की हुई है, लेकिन बाजार में यह लगभग 100 रुपये ज्यादा की कीमत पर बिक रही है। चिकन भी 615 रुपये प्रति किलो मिल रहा है।

## चीनः कोरोना में फंसे छात्रों से भारतीय दूतावास ने किया संवाद

**बीजिंग।** चीन में भारतीय दूतावास ने कोविड काल के दौरान चीन के वीजा प्रतिबंधों के कारण मुश्किलों का सामना करने वाले भारतीय छात्रों के साथ अपना पहला संवाद सत्र आयोजित किया है। चार मई को आयोजित 'स्वागत और संवाद समारोह' में 13 से अधिक चीनी विश्वविद्यालयों के लगभग 80 पुराने और नए छात्रों ने भाग लिया।

बीजिंग में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और काउंसलर नितिनजीत सिंह ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी शिकायतों और अनुभवों को सुना। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि दूतावास द्वारा पेश की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के सचिव (द्वितीय) अमित शर्मा ने सत्र के दौरान विस्तृत प्रस्तुति दी।

# पीओके पर बलपूर्वक कब्जे की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **राजनाथ बोले-कश्मीर के विकास को देखकर वहां के लोग स्वयं चाहेंगे भारत में शामिल होना**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कहा कि भारत अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी क्योंकि यहां के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे।

राजनाथ सिंह ने 'न्यूज एजेंसी पीटीआई' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह उचित निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां जिस तरह से शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत में विलय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में विलय करना चाहिए। ऐसी मांगें अब उठ रही हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात में सुधार का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बतायी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, उसे देखकर मुझे लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा की आवश्यकता नहीं होगी।

## दिल्ली में कोरियाई नागरिक से तीन लाख अमेरिकी डॉलर बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने रविवार को एक कोरियाई नागरिक के पास से तीन लाख अमेरिकी डॉलर की नकदी बरामद की है।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक कोरियाई नागरिक थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक जा रहा था, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया। तलाशी लेने पर पास से 3.39 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 2.80 करोड़ रुपये) की नकदी बरामद की गई। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। नकदी को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है। सीआईएसएफ ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### त्रिपुरा में चार बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।** वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करने के आरोप में त्रिपुरा के धलाई जिले के सीमावर्ती गांव से चार बच्चों सहित 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, ये लोग धलाई जिले के गंडाचेर्रा उपमंडल से होकर अपने घर (बांग्लादेश) जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए गंडाचेर्रा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) पलाह दत्ता के नेतृत्व में टीम ने धलाई जिले के सीमावर्ती गांव मचकुमीर में छापेमारी की और 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। ओसी ने कहा, हमने भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

### कतर के स्वामित्व वाले अल जजीरा को इजराइली सरकार ने किया बंद

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने इजराइल में कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला ऐसे वक्त हुआ है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। नेतन्याहू ने एक्स पर इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला कब प्रभावी होगा इस बारे में पता नहीं चल पाया है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा, मेरी सरकार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि भडकाऊ चैनल अल जजीरा इजराइल में बंद हो जाएगा।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में मृतक आरोपी का परिवार पहुंचा कोर्ट

**मुंबई।** मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में आत्महत्या किए आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराए जाने की मांग को लेकर बंबई हाईकोर्ट का रुख किया है। पुलिस का दावा है कि थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। याचिका में सीबीआई को उसके बेटे की मौत के मामले की जांच सौंपने का अनुरोध किया है।

### पाकिस्तान : पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। अन्य को घेराबंदी कर मौत के घाट उतार दिया।

# 3 भारतीयों की गिरफ्तारी पर ट्रूडो बोले कनाडा कानून के शासन वाला देश

## स्वतंत्र न्याय प्रणाली से सभी लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है कनाडा सरकार

**टोरंटो, एजेंसी**

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी फिर से शुरू हो गई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है। बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी।

साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है। पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी 45 वर्षीय निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

हालांकि, भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि ये टिप्पणियां कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा को दी गई राजनीतिक जगह को दिखाती है।



### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध

कनाडा पुलिस के अनुसार इन तीनों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है। करण बराड़ लगभग साढ़े चार साल पहले 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है। 18 अप्रैल को ही उसके पिता मनदीप सिंह बराड़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसकी माता रमनदीप बराड़ लगभग डेढ़ साल पहले सिंगापुर चली गई थी। करण बराड़ अपने पिता की मौत पर भी नहीं आया था। अब घर में सिर्फ उसके दादा बलवीर सिंह बराड़ हैं। बलवीर सिंह बराड़ ने बताया था कि यहां पर उनका पोता बहुत ही शरीफ और समझदार था। वहां जाकर क्या हुआ क्या नहीं इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। बता दें, ने तीन लोगों गिरफ्तारी को लेकर भारत ने कनाडा के आरोप आधारहीन बता कर खारिज कर दिया है। इससे पहले भारत लगातार बेबुनियाद आरोपों को खारिज करता रहा है।

# स्कूलों में एसी का शुल्क भरेंगे परिजन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, कहा-वित्तीय बोझ अकेले स्कूलों पर नहीं डाला जा सकता**

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन (एयर कंडीशनिंग) का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2 हजार रुपये वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने दो मई को पारित अपने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि छात्रों को वातानुकूलन सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है, इसलिए प्रबंधन द्वारा इसे अपने स्वयं के संसाधनों से प्रदान किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क विधिवत दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था, उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। बता दें कि, अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### युद्धविराम पर इजराइल का रुख सकारात्मक

**तेल अवीव।** स्थायी युद्धविराम पर इजराइल के समझौते का रुख दिखाने से गाजा में शांति की संभावना पैदा हुई है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजराइली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। अमेरिका के असहमति जताने और बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल में लगातार तेज हो रही मांग से स्थायी युद्धविराम की राह बनी है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 6 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। कार सवार रणथंभौर गणेश मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। सुबह आठ बजे बौंली थाना क्षेत्र में बनास पुल के पास हुआ यह भीषण हादसा हुआ। कार में सीकर का एक परिवार था जो गणेश जी के दर्शन करने रणथंभौर जा रहा था। इस दौरान दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और शव को पोस्टमार्टम के मोर्चरी भेजा। थाना अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि मृतकों में अनीता पति मनीष शर्मा, संतोष पत्नी कैलाश शर्मा, कैलाश पुत्र रामअवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामअवतार शर्मा और सतीश शर्मा शामिल हैं। मृतकों के नाम की आधिकारिक पुष्टि परिजनों के पहुंचने के बाद ही हो सकेगी। हादसे में घायल दो बच्चों को जयपुर रेफर कर दिया गया है।

### विरोध प्रदर्शन



**अहमदाबाद :** गुजरात में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। रविवार को अहमदाबाद में राजपूत समाज ने धर्मरथ यात्रा निकालकर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। सवा महीने से क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है। क्षत्रिय समाज राजकोट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की राजा-रजवाड़ों और महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से खफा है। इससे पहले शिनवार को जामनगर और जूनागढ़ में अस्मिता महासम्मेलन कर क्षत्रिय समाज ने कहा कि झुकने का सवाल ही नहीं है। साथ ही भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील भी की गई। ● एजेंसी

## भारत वैश्विक क्लिनिकल ट्रायल का ठिकाना बना

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड विवि की स्कॉलर और भारतीय ब्यूरोक्रेट ने कहा है कि भारत वैश्विक क्लिनिकल ट्रायल का ठिकाना बन गया है। भारत के फार्मा उद्योग को देश के अंदरुनी संसाधनों को प्राथमिकता में रखना चाहिए। बोस्टन में बायो-फार्मा समिट को संबोधित करते हुए डॉ. मृणालिनी दर्शवाल ने कहा, भारत ने नियामक ढांचे को व्यवस्थित किया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की क्लिनिकल प्रैक्टिस के हिसाब से खुद को तैयार किया है।

आईएएस अधिकारी और हार्वर्ड से पीएचडी कर रही डॉ. दर्शवाल ने कहा, यह गैर-लोकतांत्रिक सरकारों के तहत काम करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत है। इन देशों में भू-राजनीतिक दबाव के चलते दीर्घकालीन जोखिम अधिक होने से फार्मा कंपनियां क्लिनिकल ट्रायल के लिए विभिन्न देशों की ओर देख रही हैं।

# दबाव में सत्तारूढ़ दल, सुनक बोले- पार्टी कड़ी मेहनत करेगी

**लंदन, एजेंसी**

- **स्थानीय चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद ब्रिटने की पीएम सुनक बोले-परिणाम निराशाजनक**



ब्रिटेन के स्थानीय चुनाव में इस साल सत्तारूढ़ दल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। नतीजों के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने वादा करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह और कड़ी मेहनत करेंगे। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि पार्टी के हाथ से वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र का मेयर पद भी निकल गया, जिसे कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ कहा जाता था।

इन चुनाव नतीजों को 40 साल में कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिडलैंड्स के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट पुनर्मतगणना में लेबर नेता रिचर्ड पार्कर से मात्र 1508 वोटों से हार गए। हालांकि, पार्टी को बेन हाउचेन के टीज वैली से मेयर पद जीतने से थोड़ी राहत जरूर मिली है।

वेस्ट मिडलैंड्स के परिणामों पर सुनक ने कहा कि क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं और निवेश आकर्षित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी स्ट्रीट का हारना निराशाजनक है।

## ब्राजील में बाढ़-बारिश से भारी तबाही, 57 की मौत, 67 लापता

**ब्राजिलिया।** ब्राजील में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। इसका सबसे ज्यादा कहर दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में देखने को मिल रहा है। भारी बारिश के कारण कई जगहों की सड़कें बुरी तरह से धस गई है। हजारों लोगों को बाढ़ के कारण अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ब्राजील में इस हफ्ते की बारिश से लगभग 57 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 67 लोग लापता है। रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। नागरिक सुरक्षा द्वारा शनिवार को साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ ने 281 नगर पालिकाओं को प्रभावित किया है और कम से कम 74 लोग घायल हो गए हैं।

**अध्ययन** 5 वर्षों में डेढ़ गुना बढ़ी महिलाओं की संख्या, बेहतर भविष्य को लेकर उठा रहीं कदम

# करिअर बनाने की धुन में महिलाएं करा रहीं एग फ्रीज

**वाशिंगटन, एजेंसी**

दुनियाभर में देर से मां बनने के लिए एग फ्रीज करवाने वाली महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। अमेरिका में तो ऐसे महिलाओं की संख्या में बीते 5 वर्षों में डेढ़ गुना की वृद्धि हुई है। अब तक माना जा रहा था कि वे अपना करिअर बनाने की धुन में यह कदम उठा रही हैं।

हालांकि, शोध में सामने आया है कि काबिल पति की तलाश में वे ऐसा कर रही हैं। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी में मेडिकल एंथ्रोपोलोजी की प्रोफेसर मार्सिया इनहॉर्न बताती हैं, अब सिर्फ करियर वजह नहीं रही। ज्यादातर महिलाएं इसलिए एग फ्रीज करा रही हैं कि उन्हें ऐसे साथी नहीं मिल रहे हैं, जिनके साथ वे जिंदगी गुजारने का फैसला ले सकें। इसलिए शादियां देर से हो रही हैं।

दरअसल, महिलाएं हर मामले में पुरुषों से आगे निकल रही हैं। उनकी औसत सैलरी बढ़ी है। दुनिया के 60% देशों में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रदर्शन पुरुषों से बेहतर है। ऐसे में कम शिक्षित पुरुषों से शादी करना बेमेल विवाह जैसी स्थिति पैदा करता है, जिससे आगे आपसी रिश्तों में दिक्कतें हो सकती हैं।

शोध में पाया गया है कि, 20 से 39 साल की शादी योग्य लाखों लड़कियों के लिए अमेरिका में कुछ ही कॉलेज ग्रेजुएट लड़के हैं। एग फ्रीज कराने के मामले बढ़ने की एक अहम वजह महिलाओं का तेजी से सशक्तीकरण भी है। एग फ्रीज कराना तमाम तकनीकी विकास होने के बावजूद बहुत सस्ता नहीं है।

इसमें 16 से 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन महिलाएं स्वयं आर्थिक तौर पर इतनी सक्षम हो गई हैं कि वे इसका खर्च उठा पा रही हैं। दूसरी ओर, कई महिलाओं के लिए उनकी कंपनियां ही यह सुविधा दे रही हैं, ताकि वे लंबे समय तक काम कर सकें। शोध में पाया गया है कि, दुनियाभर की महिलाओं की शिक्षा में पुरुषों की तुलना में बेहतर हो गई है।

### दो दशक पहले 40 की उम्र में कराती थीं, अब 20 में ही



फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉक्टर निकोलो नोयस और एमी इव्याजेद्दा कहती हैं- दो दशकों में सोच बदली है। पहले एग फ्रीज कराने आने वाली महिलाएं फर्टिलिटी के आखिरी पड़ाव पर एग फ्रीजिंग के लिए आती थीं। उनकी उम्र 40 के आसपास हुआ करती थी। अब 20-25 की उम्र में ही महिलाएं एग फ्रीज कराने आ रही हैं। उन्होंने बताया है एक दशक से भी कम समय में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है।

## बॉलीवुड हलचल

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेंगी क्राइम व रोमांस की नई फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। मई की शुरुआत के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कुछ धमाकेदार फिल्मों और वेब सीरीज ने दस्तक दी है। हॉरर से लेकर एक्शन और ड्रामा जॉनर तक की फिल्में ओटीटी के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर ऑडियंस का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अप्रैल महीने में रिलीज हुईं फिल्मों से बॉक्स ऑफिस सूखा ही पड़ा रहा। हिंदी भाषा में रिलीज हुई किसी भी फिल्म ने उम्मीद के अनुसार कलेक्शन नहीं किया। मगर बॉक्स ऑफिस पर पड़े अकाल की भरपाई ओटीटी प्लेटफॉर्म जरूर करता है। मई के पहले हफ्ते में कई तरह के कंटेंट ने इस डिजिटल वर्ल्ड में दस्तक दी। अब इस महीने के दूसरे हफ्ते भी ओटीटी पर ढेर सारे ऐसे कंटेंट मौजूद होंगे, जिन्हें आप कभी भी देख सकते हैं। जानकी समसारा' कन्नड़ भाषी सीरीज है। यह



कहानी ज्वाइंट फैमिली में रहने वाले कपल जानकी और राघव की है। ऑल ऑफ अस स्ट्रेंजर्स' ब्रिटिश फैंटेसी फिल्म है। यह कहानी उस व्यक्ति की है, जिसका अपने रहस्यमयी पड़ोसी के साथ रिलेशन बनता है। द फाइनल अटैक ऑन वेम्ब्ले, यह सीरीज फुटबॉल मैच पर आधारित है।

## 24 को रिलीज होगी मनोज की फिल्म भैया जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी 24 मई को रिली होगी। फिल्म भैया जी का टीजर हाल ही में रिलीज किया है। वीडियो क्लिप में मनोज बाजपेयी को एक्शन अवतार में दिखाया गया है। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो बदला लेना चाहता है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा और जोया हुसैन प्रमुख भूमिका निभा हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का अनाउंस किया है। मेकर्स ने बताया है कि मनोज बाजपेयी स्टारर भैया जी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर फिल्म भैया जी मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें लिखा है,आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैया जी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमा-घरों में, वायरल टीजर में, मनोज बाजपेयी का किरदार घायल दिखाई दे रहा है। वह बीड़ी पीते हुए नजर आ रहे हैं।

